ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● कार्तिक कृष्ण पक्ष 04 ● विक्रम संवत 2080 ● बुधवार, 01 नवम्बर 2023 ● वर्ष-24 ● अंक- 267 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं इतने रन और ... पेज 12 पर



## आईसीसी वर्ल्ड कप 2023

पाकिस्तान - 205/3 (32.3 ओवर)

बांग्लादेश - 204/10 (45.1 ओवर)

**आज का मैच**

न्यूजीलैंड बनाम साउथ अफ्रीका, पुणे में (2 बजे से)

## वंदना ने रचा इतिहास, भारत की लगातार चौथी जीत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय महिला हॉकी टीम ने यहां मरंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में जारी झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 में मंगलवार को जापान को 2-1 से हराकर अपनी लगातार चौथी जीत हासिल कर ली।

इस मुकाबले के लिए मैदान पर उतरते ही भारतीय खिलाड़ी वंदना कटारिया ने इतिहास रच दिया। वंदना 300 अंतर्राष्ट्रीय हॉकी मैच खेलने वाली भारत की पहली महिला खिलाड़ी बन गईं। टूर्नामेंट में अब तक अजेय चल रही भारत और जापान के बीच मुकाबले के दौरान कड़ी टक्कर देखने को मिली। इसी का नतीजा रहा कि दोनों टीमों के बीच पहला हाफ गोलरहित रहा।

दूसरे हाफ के शुरू होते ही वर्ल्ड नंबर-7 भारत ने नवनीत कौर द्वारा 31वें मिनट में किए गए गोल के सहारे अपना खाता खोल लिया। लेकिन भारतीय टीम ज्यादा देर तक अपनी बढ़त को कायम नहीं रख पाई। वर्ल्ड नंबर-11 जापान ने 37वें मिनट में काना उराता के द्वारा पेनल्टी कॉर्नर पर दागे गए गोल की मदद से 1-1 की बराबरी कर ली।

चौथे और अंतिम क्वार्टर में जाकर भारतीय टीम ने फिर हमला बोला और अपनी बढ़त को दोगुनी कर दी। भारत के लिए मैच का दूसरा गोल संगीता कुमारी के स्टिक से 47वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर आया। मेजबान टीम ने 2-1 की बढ़त को बरकरार रखते हुए अपनी लगातार चौथी जीत दर्ज कर ली। भारतीय टीम चार मैचों में 12 अंकों के साथ छह टीमों की अंकतालिका में नंबर वन पर है। जापान की चार मैचों में यह पहली हार है और वो दूसरे नंबर पर है।

इससे पहले, एशियाई खेलों 2023 की स्वर्ण पदक विजेता चीन ने जियाकी झोंग की हैट्रिक की बदौलत मलेशिया को 4-0 से रौंद दिया। झोंग ने 16वें, 30वें और 51वें मिनट में गोल करके अपनी हैट्रिक पूरी की।

उनके अलावा मिरोंग जोउ ने 22वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर एक गोल दागा। चीन की चार ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## रघुवर दास ने ओड़िशा के राज्यपाल पद की शपथ ली




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने ओड़िसा के राज्यपाल के तौर पर मंगलवार को शपथ ली। ओड़िसा उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश डॉ न्यायमूर्ति विद्युत रंजन सारंगी ने राजभवन के न्यू अभिषेक हॉल में उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। रघुवर दास ने हिंदी में शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह के बाद मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने राज्यपाल रघुवर दास को बधाई दी। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## गागर में सागर

### झारखंड कैबिनेट की बैठक तीन नवंबर को

**रांची।** राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक तीन नवंबर को होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शाम चार बजे प्रोजेक्ट भवन में होने वाली इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने की संभावना है। कैबिनेट की बैठक में राज्य कर्मियों को चार प्रतिशत महंगाई भत्ता देने की घोषणा की जा सकती है। इसके अलावा पेसा नियमावली की भी मंजूरी मिल सकती है। कैबिनेट में हरमू फ्लाईओवर निर्माण की भी स्वीकृति देने की तैयारी हो रही है। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं संबंध में विभाग में सभी विभागों को पत्र लिखा है और कैबिनेट से जुड़े संलेख मांगे हैं।

### निलंबित आईएएस पूजा सिंघल को सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली राहत

रांची। झारखंड की निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल को सुप्रीम कोर्ट से भी फिलहाल राहत नहीं मिली। सुप्रीम कोर्ट ने मनी लाउंड्रिंग के आरोप में निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल की जमानत याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। जिसपर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने उन्हें जमानत देने से इंकार कर दिया है। इससे पहले पीएमएलए कोर्ट और उसके बाद हाईकोर्ट से जमानत याचिका खारिज होने के बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में जमानत याचिका दायर याचिका की थी। सुप्रीम कोर्ट ने भी इसे खारिज कर दिया।

### विधायक कमलेश सिंह हेमंत सोरेन सरकार से आज लेंगे समर्थन वापस

**रांची।** हुसैनाबाद से एनसीपी (अजीत गुट) विधायक कमलेश सिंह बुधवार को राज्य सरकार से समर्थन वापस लेंगे। कमलेश सिंह ने हुसैनाबाद जिला बनाने की मांग राज्य सरकार से रखी थी, इसके लिए उन्होंने 31 अक्टूबर का डेडलाइन राज्य सरकार को दिया था। ऐलान नहीं होने की स्थिति में उन्होंने एक नवंबर से समर्थन वापसी की बात कही थी। बुधवार को रांची स्थित आवास पर प्रेस कांफ्रेंस कर कमलेश सिंह औपचारिक रूप से राज्य सरकार से समर्थन वापसी का ऐलान करेंगे। उन्होंने दिसंबर 2019 में राज्य सरकार को अपना समर्थन दिया था।

### दुमका में 3.7 तीव्रता का भूकंप

**रांची।** झारखंड में मंगलवार तड़के भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.7 रही। इसका केंद्र उप राजधानी दुमका से 24 किलोमीटर उत्तर-उत्तर पूर्व इलाके में जमीन से पांच किलोमीटर की गहराई पर रहा। फिलहाल किसी भी तरह के जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के रांची केंद्र के निदेशक डॉ. अभिषेक आनंद ने दुमका में भूकंप के झटके महसूस होने की पुष्टि की है। उधर, भूकंप के झटके महसूस होते ही दुमका में लोग घरों से निकलकर बाहर मैदान में आ गए।

### रेलवे राज्य के यात्रियों को 11 दिसंबर से कराएगा दक्षिण भारत का सफर

**रांची।** इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) राज्य के यात्रियों को 11 दिनों का दक्षिण भारत सफर करने का विशेष अवसर देगा। इसके तहत भारत गौरव ट्रेन से ग्यारह दिनों के यात्रा की सुविधा दी जा रही है। इसमें यात्रियों को दक्षिण भारत के तिरुपति, मीनाक्षी मंदिर, रामेश्वर, कन्याकुमारी, त्रिवेंद्रम और मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग के दर्शन कराये जायेंगे। यह यात्रा 11 दिसंबर से शुरू होकर 22 दिसंबर को समाप्त होगी। मालदा स्टेशन से खुलने वाली इस ट्रेन में यात्रा करने वाले इच्छुक यात्री रांची, बोकारो, जामताड़ा, जसीडीह, धनबाद, न्यू फरक्का, पाकुड़, रामपुर हाट, दुमका, हंसडीहा, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर, किऊल, जमुई, झाझा, चितरंजन, कुल्टी, राउरकेला, झारसुगुड़ा और संबलपुर से सवार हो सकते हैं।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पलामू में 5132 युवाओं को सौंपा नियुक्ति पत्र, बोले

# हर युवा को रोजगार दिलाना लक्ष्य

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

▸▸ पिछले ढाई महीने में 27 हजार युवाओं को मिल चुका है ऑफर लेटर

▸▸ चारों ओर से रोजगार के दरवाजे खुल चुके हैं

▸▸ निजी क्षेत्र में 75 प्रतिशत नौकरी स्थानीय के लिए अनिवार्य



मुख्यममंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। चाहे वह सरकारी हो या निजी क्षेत्र की नौकरी। हर स्तर पर बड़े पैमाने पर युवाओं को रोजगार के विभिन्न आयामों से जोड़ रहे हैं। यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। नौजवानों को सही दिशा दिखाने, भविष्य संवारने और उनके बेहतर जीवन का मार्ग प्रशस्त करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। ये बातें उन्होंने मंगलवार को पलामू में आयोजित प्रमंडलीय रोजगार मेला में 5132 (पांच हजार एक सौ बत्तीस) युवक-युवतियों को ऑफर लेटर प्रदान करते हुए कही।

मुख्यमंत्री ने कहा पिछले ढाई महीने के दौरान प्रमंडलीय रोजगार मेला के जरिए 27 हजार युवाओं को ऑफर लेटर दिया जा चुका है। 18 अगस्त को चाईबासा में आयोजित प्रथम प्रमंडलीय रोजगार मेला में 10 हजार 20 नौजवानों को ऑफर लेटर दिया गया। वहीं, 11 सितंबर को हजारीबाग में आयोजित दूसरे प्रमंडलीय रोजगार मेला में 11850 अभ्यर्थियों तथा आज पलामू प्रमंडलीय रोजगार मेला में 5132 युवाओं को ऑफर लेटर देने का मौका मिला। खुशी की बात है कि इनमें लगभग 25 हजार स्थानीय नौजवान हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज राज्य में चारों ओर से रोजगार के दरवाजे खुल चुके हैं। इसी कड़ी में सरकारी विभागों में खाली पड़े पदों पर व्यापक पैमाने पर नियुक्तियां हो रही हैं। 20 हजार से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र मिल चुका है। वहीं जेपीएससी जेएसएससी और अन्य माध्यमों से तकरीबन 40 हजार पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया तेजी से चल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सिर्फ युवाओं को रोजगार नहीं दे रहे हैं बल्कि उन्हें प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के साथ-साथ मेडिकल, इंजीनियरिंग और लॉ जैसे कोर्सेज करने के लिए सरकारी मदद भी कर रहे हैं। इसके अलावा युवाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। हमारी कोशिश है कि यहां के युवाओं को अपने ही राज्य के अंदर रोजगार उपलब्ध करा सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक और सरकारी विभागों में खाली पड़े पदों पर बड़े पैमाने पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो चुकी है तो निजी क्षेत्र में भी यहां के स्थानीय नौजवानों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने नियम बनाए हैं। उन्होंने कहा कि अब राज्य में कार्यरत निजी संस्थानों और कंपनियों में 40 हजार रुपए प्रति माह तक की नौकरियों में यहां के आदिवासियों -मूल वासियों को 75 प्रतिशत रोजगार देना अनिवार्य होगा। आज एक साथ पांच हजार से ज्यादा युवाओं को ऑफर लेटर देने पर बहुत ही खुशी और सुखद अहसास हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की गिनती राज्य के पिछड़े राज्यों में होती है। यहां के किसान- मजदूर गरीब हैं। उनके पास कोई कोई जमा धन नहीं होता है। वे रोज कमाते हैं और रोज खाते हैं। उनका खेत- खलिहान और पशुधन ही उनका बैंक खाता है। हमारी सरकार किसानों-मजदूरों के कल्याण के लिए ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**रोजगार मेला में बीजेपी पर हमला**

## पहले सत्ता से बाहर किया अब राज्य से बाहर करेंगे : सीएम

**संजय कुमार पांडेय**

**मेदिनीनगर।** पलामू के पुलिस स्टेडियम में मंगलवार को प्रमंडल स्तरीय रोजगार मेला सह जॉब ऑफर लेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन के दौरान सीएम हेमंत सोरेन ने सरकार के विकास कार्यों की चर्चा करते हुए भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार की दुहाई देने वाले लोगों ने 20वर्षों में राज्य को दीमक की तरह चाट दिया है। ऐसे लोगों को अभी सत्ता से बाहर किया गया है, लेकिन आने वाले दिनों में इन्हें राज्य से बाहर कर दिया जायेगा। सीएम ने कहा कि हमारी सरकार के दामन पर कोई दाग नहीं लगने वाला है। कुछ लोग कोयला, लोहा, गिट्टी व बालू के नाम पर सरकार को सिर्फ बदनाम करने की साजिश कर रहे हैं। झारखंड में खनिज सम्पदाओ की प्रचूरता के बावजूद हमारे लोगों को रोजगार नहीं मिला। झारखण्ड के कोयले से देश रौशन होता है। उन्होंने विकास के क्षेत्र में सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों के साथ कई योजनाओं की चर्चा करते हुए केंद्र सरकार पर सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया।

## सिविल कोर्ट में नौकरी लगाने के नाम पर 5.85 लाख की ठगी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के नदी टोला के रहने वाले अमित लिंडा से सिविल कोर्ट में चपरासी की नौकरी दिलाने के नाम पर 5.85 लाख रुपए की ठगी कर ली गई है। ठगी का आरोप हिंदपीढ़ी लाह फैक्ट्री रोड निवासी टूना लकड़ा पर लगा है। इस संबंध में अमित ने टूना लकड़ा के खिलाफ हिंदपीढ़ी थाने में सोमवार को प्राथमिकी दर्ज करायी है। अमित की ओर से दिए गए आवेदन में कहा गया है कि 2018 में वह बेरोजगार था। इस वजह से वह नौकरी की तलाश कर रहा था। इसी दौरान चचेरे भाई लालू लकड़ा के माध्यम आरोपी टूना से उसकी मुलाकात हुई। टूना ने उससे कहा कि वह कई लोगों को सरकारी नौकरी लगा चुका है। तब अमित ने उसे सरकारी नौकरी लगाने का प्रस्ताव दिया। आरोपी ने नौकरी लगाने के एवज में पैसे की डिमांड की तो अमित ने उसे आश्वासन दिया कि जो भी रकम लगेगा वह भुगतान करेगा। इसी क्रम में आरोपी ने अमित को रांची सिविल कोर्ट में चपरासी की नौकरी लगाने की बात कही। जिसपर वह तैयार हो गया। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**बूढ़ापहाड़ को मुक्त कराने वाली पूरी टीम को स्पेशल ऑपरेशन मेडल**

## ऑपरेशन ऑक्टोपस के जरिए हुआ था कब्जा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में भाकपा माओवादियों के खिलाफ ऑपरेशन ऑक्टोपस चलाकर उनके कब्जे से 32 सालों बाद बूढ़ापहाड़ को मुक्त कराने वाली पुलिस व सीआरपीएफ की पूरी टीम को केंद्रीय गृह मंत्री का स्पेशल ऑपरेशन मेडल दिया गया है। केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय ने मंगलवार को राष्ट्रीय गौरव दिवस के मौके पर मेडलों का ऐलान किया। राज्य पुलिस के 16 पदाधिकारी व कर्मियों के साथ साथ सीआरपीएफ के 51 पदाधिकारियों को मेडल से सम्मानित किया गया है।

### किस-किस को किया गया सम्मानित

वर्तमान में मणिपुर के डीजीपी व तत्कालीन सीआरपीएफ आईजी राजीव सिंह व सीआरपीएफ मध्य जोन के एडीजी अमित कुमार को भी मेडल से सम्मानित किया गया है। दोनों पदाधिकारियों ने राज्य में सेक्टर आईजी रहने के दौरान बूढ़ापहाड़ और बुल बुल जंगल क्षेत्र को माओवाद मुक्त करने में योगदान दिया।





### राज्य के इन अधिकारियों को मिला मेडल

एडीजी अभियान संजय आनंदराव लाठकर, आईजी अभियान व जगुआर आईजी अमोल विनुकांत होमकर, आईजी पलामू ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## रिम्स से फिर कैदी हुआ फरार, तलाश में जुटी पुलिस

**रांची।** रांची के रिम्स अस्पताल में इलाज आते कैदी पुलिस की सुरक्षा को भेद फरार हो गया। मामले की जानकारी मिलने के बाद रिम्स में अफरा तफरी मच गई। बरियातू पुलिस सहित कई टीम में फरार कैदी की तलाश में जुटी हुई है। कैदी को रांची जेल से इलाज के लिए रिम्स में भर्ती करवाया गया था। बरियातू पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सूरज मुंडा नाम का कैदी रिम्स से फरार हुआ है। सूरज को 10 अक्टूबर को रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार से रिम्स में इलाज के लिए लाया गया था। सीसीटीवी फुटेज जांच में पुलिस को यह जानकारी मिली है कि सूरज मुंडा 31 अक्टूबर की सुबह 2 से 3 के बीच फरार हुआ है।


**कम लागत के कारण देश के 26 टियर-2 शहर आईटी हब बनकर उभर रहे**

# रांची तेजी से उभरता हुआ शहर

### जमशेदपुर भी हो सकता है आईटी हब

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

नैसकॉम-डेलॉय इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार बेंगलुरु,मुंबई, हैदराबाद, दिल्ली जैसे टियर एक शहरों में विकसित आईटी केंद्रों की तुलना में टियर-2 शहरों में प्रतिभा(आईटी कर्मियों) की लागत लगभग 25%से 30% कम हैं, रियल एस्टेट किराये भी 50% तक कम हैं। देश के 15%आईटी टैलेंट इन शहरों से हैं, 60%स्नातक इन शहरों से हैं, 39% स्टार्टअप इन शहरों से हैं। जिसके कारण अब आईटी केन्द्रों का रूझान देश के 26 टियर-2 शहरों की तरफ होने लगा है। जैसे



झारखंड की राजधानी रांची आईटी हब के रूप में गति पकड़ रहा है, लेकिन सरकार यदि रणनीति बनाकर कोशिश करें तो जमशेदपुर भी हब हो सकता है।

नैसकॉम व डेलॉय इंडिया की एक नई रिपोर्ट से पता चलता है कि बुनियादी ढांचे के विकास, कौशल, स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र से, 26 टियर-2 शहर प्रौद्योगिकी केंद्रों की अगली लहर के रूप में उभर रहे हैं। इनमें चंडीगढ़, जयपुर, लखनऊ, भोपाल, रांची, गुवाहाटी, भुवनेश्वर, विजयवाड़ा, मदुरै, त्रिची, कोयम्बटूर, मैसुरू और कोच्चि जैसे शहर शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि परिपक्व आईटी केंद्रों की तुलना में टियर-2 शहरों में प्रतिभा की लागत लगभग 25%-30% कम हैं। परिपक्व हब की तुलना में नए शहरों में रियल एस्टेट किराये में भी 50% की बचत होती है। लागत बचत के साथ ये उभरते टियर-2 शहर वैश्विक डिजिटल प्रतिभा केंद्र के रूप में भारत के विकास में योगदान देने के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं।

फिलहाल भारत की 11% से 15% आईटी क्षेत्र वाली प्रतिभाएं टियर -2 व टियर-3 शहरों में रहती हैं। जैसे-जैसे काम का विकेंद्रीकरण बढ़ेगा, उभरते शहरों में लोगों के लिए कई नए अवसर खुलेंगे। रिपोर्ट ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**टायर टू शहर हैं**

चंड़ीगढ़, जयपुर, लखनऊ, कानपुर, भोपाल, इंदौर, रायपुर, रांची, गुवाहाटी, अहमदाबाद, नासिक, नागपुर, भुवनेश्वर, वारंगल, विशाखापत्तनम, विजयवाड़ा, हुबली, मंगलुरू, मैसुरू, तिरूपति, वेलोर, कोयंबटोर, मदुरई, तिरूचिरापल्ली, कोची, तिरूवनंथपुरम।

**चाईबासा मनरेगा घोटाला मामला**

## हाईकोर्ट ने ईडी को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट को चाईबासा में मनरेगा घोटाले मामले में दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान ईडी ने बताया कि मामले में ईडी ने एक ईसीआईआर केस दर्ज किया गया है, जिसका अनुसंधान जारी है। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मंगलवार को चार सप्ताह में ईडी को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। चाईबासा में मनरेगा घोटाला कि सीबीआई जांच को लेकर मतलूब आलम की जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन एवं अधिवक्ता पियूष चित्रेश ने पैरवी की। वही याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने पैरवी की। इससे पहले महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया कि मामले में एंटी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### हाईकोर्ट ने दारोगा रूपा तिर्की मौत मामले में ट्रायल पर लगी रोक को हटाया



झारखंड हाईकोर्ट में साहिबगंज की दिवंगत महिला थाना प्रभारी रूपा तिर्की की आत्महत्या के आरोपित दारोगा शिव कुमार कनौजिया की क्रिमिनल रिवीजन पर मंगलवार को सुनवाई हुई। याचिका में उन्होंने यह आग्रह किया था कि पुलिस ने इस केस में जो चार्जशीट दाखिल की है, उसे स्वीकार नहीं किया जाए, बल्कि सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार किया जाए। सुनवाई के दौरान अदालत ने ट्रायल पर लगी रोक हटाते हुए शिव कुमार कनौजिया की याचिका निष्पादित कर दिया। हाईकोर्ट ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## गागर में सागर

### दो मोटरसाइकिल की टक्कर में युवक घायल

**सिल्ली।** सिल्ली थाना अंतर्गत आनंद वेदिया उम्र 32 वर्ष हीरो ग्लैमर मोटरसाइकिल नंबर जेएच 01 बीयु 7992 से बैंक ऑफ इंडिया सिल्ली से साहेब बाध के समीप मदन डॉक्टर के पास जा रहा था तभी झारखंड मोड़ से सिल्ली की ओर की जा रही मोटरसाइकिल नंबर जेएच 05 एएन 3671 तेज रफ्तार से दोनों मोटरसाइकिल में सीधी टक्कर हो गई जिससे बरलांगा थाना निवासी आनंद वेदिया घायल हो गया सिल्ली थाना के सहयोग से इलाज के लिए सिंगपुर नर्सिंग होम लाया गया जहां डॉ रमनेश के द्वारा प्राथमिकी उपचार किया जा रहा है। वहीं गोला थाना निवासी आकाश कुमार उम्र 25 वर्ष एवं विकास कुमार उम्र 29 वर्ष दोनों का सामुदायिक अस्पताल सिल्ली में प्राथमिक उपचार करने के बाद छोड़ दिया गया।

### जोनल रेल यूजर्स केसलटेंट कमेटी ने किया मुरी स्टेशन का निरीक्षण



**सिल्ली।** जेआरयूसीसी जोनल रेल यूजर्स केंसलटेंट कमिटी ने मुरी रेलवे स्टेशन पर निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान यात्री सुविधाओं, स्टेशन की साफ सफाई, प्लेटफार्मों पर बने केटरिंग यूनिट, खान पान के स्टालों का औचक निरीक्षण किया। इसके साथ-साथ जेआरयूसीसी के मेंबर राकेश कुमार मिश्रा, अरुण जोशी ने टीम के साथ मुरी स्टेशन पर मौजूद यात्री सुविधाओं का जायजा लिया और अधिकारियों ने तीनों प्लेटफार्मों पर के खाने पीने के स्टाल, पानी-पीने की सुविधा, शेड, सीसीटीवी कैमरे, दिव्यांगों के लिए रैंप, शौचालय, साफ-सफाई समेत सभी खान पान की स्टाल में जाकर सामानों की गुणवत्ता जांच, कच्चे खाद्य सामग्री की गुणवत्ता, सभी प्रकार के जरूरी प्रमाण पत्रों की जांच किया और आदेश दिया कि स्टोलों में गुणवत्ता वाला समान ही बेच और यात्रियों से ज्यादा पैसा ना ले इस तरह की शिकायत मिलने पर स्टॉल के ऊपर कार्रवाई की जाएगी। वहीं ग्रामीणों के द्वारा सबवे ब्रिज का निर्माण धीमी गति से किए जाने पर शिकायत की गयी और कहा गया कि आगे स्कूल है जहां बच्चों को आने जाने में परेशानी उठानी पड़ती है।

### राजकीय रेल थाना परिसर में राष्ट्रीय एकता दिवस पर पुलिस कर्मियों ने लिया शपथ



**मुरी।** मुरी राजकीय रेल थाना परिसर में मंगलवार को थाना प्रभारी जमादार मुंडा के नेतृत्व में राष्ट्रीय की एकता दिवस पर शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया। मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूं कि मैं राष्ट्र की एकता अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करता हूं और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी अत्यंत प्रयास करूंगा। मैं शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूं जिसे सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सके। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूं! इस मौके पर एस आई नागेश्वर राम, रविदास, कलीमउल्लाह खान, शिवपरसन राम, योगेन्द्र दास, रविन्द्र मुंडा, अभिमन्यु, प्रयाग तिवारी, रंजन सिंह, चुना मुर्मू मौजूद थे।

### मुरी क्षेत्र में अवैध रूप से बालू की ढुलाई जोरों पर, प्रशासन मौन

**सिल्ली।** मुरी क्षेत्र में अवैध रूप से बालू की धुलाई जोरों पर चल रही है। बालू माफिया बेखौफ होकर कोचो स्वर्णरेखा नदी से बालू उठाव करते हैं और दिन में ही ऊंचे दामों में क्षेत्र में बालू सप्लाई 1700 सौ से 2000 रुपए में तक बेचते हैं। कोचो गांव में स्वर्णरेखा नदी से बालू उठाव करने के बाद दिनदहाड़े ट्रैक्टर के माध्यम से क्षेत्र में अवैध रूप से बालू सप्लाई किया करते हैं। मुरी क्षेत्र में माफियाओं को ना ही प्रशासन से डर है और व प्रशासन के सामने ही अवैध रूप से ट्रैक्टर पर बालू लदा हुआ क्षेत्रों में बालू सप्लाई किया जाता है। साथ- साथ कही कही माफिया के द्वारा बालू को स्टॉक करके ऊंचे दामों में बेचा जाता है। दूसरी ओर सिंगपुर में अवैध रूप से बालू स्टॉक किया हुआ देखा जा रहा है। इस संबंध में डीएसपी किस्टोपर केरकेट्टा से पूछने पर उन्होंने कहा कि जांच कर बालू माफिया के ऊपर कार्रवाई की जायेगी।

### रातू तिलता से बाइक की चोरी, सीसीटीवी में कैद हुआ चोर

**रातू ।** थाना क्षेत्र में बाइक व वाहन चोर गिरोह काफी सक्रिय हो गये। चोर आये दिन बाईक की चोरी कर फरार हो रहे है। लोग अब बाईक खड़ा कर कहीं जाने से भी डर रहे है। लाख प्रयास के बाद भी चोर पुलिस की पकड़ से दूर है ।रविवार को चोरो ने सिमलिया रिंग रोड के पास घर के आंगन में खड़ी एक स्कॉर्पियो की चोरी कर दलादिली को ओर फरार हो गये थे। उसके दूसरे ही दिन सोमवार की रात 8 बजे रातु तिलता स्थित अमित इंटरप्राइजेज शो रूम के बाहर खड़े यामहा कंपन्नी की बाईक आर 15 जेएच01ईबी-0630 की चोरी कर फरार हो गये। शो रूम के लोगो ने चोरो का पीछा भी किया परंतु चोर तिलता ब्रिज होते हुये दलादिली की ओर फरार हो गये। चोरी की सारी वारदात शो रूम में लगे सीसी टीवी फुटेज में कैद हो गई। मामले को लेकर अमित ने रातु थाने में चोरो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस चोरो की तलाश में जुट गई है।

## मुख्यमंत्री दो दिवसीय ऐतिहासिक मुड़मा जतरा मेला के समापन समारोह में हुए शामिल

# देश में ऐतिहासिक मुड़मा जतरा मेले की अलग पहचान है: सीएम



### मुख्यमंत्री ने सुख, समृद्धि और उन्नति के लिए प्रार्थना की

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जतरा शक्ति खूंटा स्थल पर विधिवत पूजा अर्चना कर राज्य की सुख, समृद्धि और उन्नति के लिए प्रार्थना की। मुड़मा जतरा मेला आयोजन समिति द्वारा मुख्यमंत्री का पारंपरिक स्वागत किया गया। मौके पर मुख्यमंत्री ने मुड़मा जतरा में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं एवं आयोजन समिति के सदस्यों को अपनी ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, पूर्व विधायक बंधु तिर्की, पूर्व डिप्टी मेयर अजय नाथ शाहदेव, धर्मगुरू बंधन तिग्गा, भगवान बिरसा मुंडा के वंशज सुखराम मुंडा, राजी पाड़हा प्रार्थना सभा के केंद्रीय महासचिव विद्यासागर केरकेट्टा, राजी पाड़हा प्रार्थना सभा के केंद्रीय प्रवक्ता संजय पाहन, ऐतिहासिक राजकीय पाड़हा जतरा के अध्यक्ष जगराम उरांव, सचिव रंथू उरांव सहित अन्य गणमान्य लोग एवं बड़ी संख्या में मेले का आनंद लेने पहुंचे श्रद्धालु उपस्थित थे।

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि मुड़मा जतरा मेला के विषय में बताने की आवश्यकता नहीं है। निरंतर इस जतरा मेला का गूंज दूर तक जा रही है। हम आज नमन करते हैं अपने पूर्वजों को जिन्होंने हमें मुड़मा जतरा के इस शक्ति खूंटे से बंधकर रहना सिखाया है। मुड़मा जतरा एक महत्वपूर्ण मेला है। इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का जुटान इस मेला को भव्य और ऐतिहासिक बनता है। मुड़मा जतरा का देश और दुनिया में अलग पहचान है। यहां जितने भी श्रद्धालु उपस्थित हुए हैं उनके लिए आज सिर्फ मेले का आनंद लेने का ही दिन नहीं बल्कि समाज से जुड़ने और समाज को एक सूत्र में बांधने का संकल्प लेने का दिन भी है। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मंगलवार को रांची जिला के मांडर प्रखंड क्षेत्र में आयोजित ऐतिहासिक दो दिवसीय मुड़मा जतरा मेला के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहीं। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों का राज्य है। हमारे आंदोलनकारी पूर्वजों के लम्बी लड़ाई और संघर्ष के बाद झारखंड राज्य का उदय हो पाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने हमारे आंदोलनकारियों को इधर-उधर भटकने को मजबूर किया है। हमारी सरकार जल्द अलग झारखंड की लड़ाई लड़ने वाले आंदोलनकारियों के समस्याओं का हल करने का कार्य करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड राज्य की आंतरिक क्षमता बहुत मजबूत है। ऊपर वाले ने इस राज्य को विभिन्न खनिज संपदाओं से आच्छादित किया है। विभिन्न प्राकृतिक संपदाओं के साथ-साथ प्राकृतिक सौंदर्य से भी सजाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह विडंबना है कि विभिन्न खनिज संपदाओं का भरमार, प्राकृतिक सौंदर्य, मेहनतकश मानव बल रहने के बावजूद भी झारखंड पिछड़े राज्यों की श्रेणी में शामिल है। महमारी सरकार अब राज्य में शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने पर लगी है। अब सरकारी विद्यालयों को निजी विद्यालयों से बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। हमारी सरकार अपने खर्चे पर अब राज्य के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए विदेश पढ़ाई करने भेज रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड आदिवासी बहुल प्रदेश है। इस प्रदेश को शिक्षित करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। शिक्षा प्राप्त करके जी हम अपने हक और अधिकार की लड़ाई लड़ सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने झारखंड में पहली बार यहां के खिलाड़ियों को सीधी नियुक्ति देने का काम किया है। झारखंड के खिलाड़ी देश और दुनिया में अपना तथा राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज विमेंस हॉकी इंडिया की टीम में आधे से ज्यादा खिलाड़ी झारखंड की बेटियां हैं। हम अपने राज्य के खिलाड़ियों के भविष्य के प्रति गंभीर है। यहां के खिलाड़ियों का मान, सम्मान को संरक्षित कर रहे हैं। देश में पहली बार झारखंड की मेजबानी में महिला एशियाई हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के आदिवासी गरीब हैं फिर भी खुश कैसे रहते हैं।

### सुनील तिवारी ने सुप्रियो को लिखी चिट्ठी, सरकार आपकी पुलिस आपका जांच कराईये

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के राजनीतिक सलाहकार सुनील तिवारी ने झामुमो के आरोपों पर पहली बार चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने इस मामले में झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य को पत्र भेजा है। जिसमें उन्होंने योगेंद्र तिवारी के साथ संबंधों से लेकर पुलिस के द्वारा फर्जी तरीके से फंसाने तक की बातों का जिक्र किया है। तिवारी ने अपने पत्र में लिखा है कि पिछले कुछ दिनों से एक के बाद एक हमसे एवं हमारे परिवार से संबंधित आरोपों की बौछार वाला धुआँधार प्रेस कॉन्फ्रेंस समाचारों की सुर्खियों में देखने को मिला। आधी-अधूरी एक तरफा जानकारी के आधार पर सुप्रियो जितना कह चुकें हैं, वह आप पर मानहानि का मुकदमा करने के लिये पर्याप्त एवं यथेष्ट है। सुनील तिवारी ने पत्र में लिखा है कि वह राजनैतिक विरोधियों से निपटने के लिये सत्ता द्वारा किए टूलकिट का इस्तेमाल नहीं करेगे।

**योगेंद्र तिवारी के विषय में क्या लिखा :** सुनील तिवारी ने पत्र में लिखा है कि, मैं दूसरों की तरह न तो मुँह छिपाऊँगा न ही इस बात से इंकार करूँगा कि योगेन्द्र तिवारी को तो हम जानते ही नहीं। डंके की चोट पर कहता हूँ कि योगेन्द्र ही नहीं बल्कि उनके पिताजी से पैंतीस सालों से सुख-दुख का पारिवारिक संबंध था, है और कल भी रहेगा। वो अगर गलत किया है और उसके गलती में मैं सहभागी हूं तो मुझे भी कानूनन सजा मिले। मैं उनलोगों जैसा नहीं हूँ जो सुविधा, सहयोग और लालच के लिये यूज एंड थ्रा की नीति पर कपड़े की तरह आदमी बदलते रहते हैं। सुनील तिवारी ने कहा कि मेरे परिवार के जिस बैंक ट्रांजेक्शन की एकतरफा जानकारी की ओर आप इशारा कर रहे हैं वह किसी जमीन के छोटे प्लाट की खरीद के लिये एक जमीन मालिक को 2017 में एडवांस के रूप में ड्राफ्ट के जरिये दी गई थी।

### झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर पत्नी समेत ससुराल वालों ठग लिए लाखों रुपए, केस दर्ज

**रांची।** हिंदपीढ़ी बड़ी मस्जिद गली के रहने वाले मो इस्लाम ने मुंबई के निर्मल नगर निवासी पत्नी रूखसार अयूब, शमसाद बेग, करीम बेग और आसिफ बेग के खिलाफ सोमवार को प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में इस्लाम ने आरोप लगाया है कि संपत्ति हड़पने की नियत से शादी की। शादी के बाद झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर उनसे पत्नी समेत अन्य आरोपियों ने लाखों रुपए ठग लिया। इस्लाम ने बताया कि वह 2002 में मुंबई गया था। वहां पर सिलाई का काम शुरू किया। इसी दौरान उसकी जान पहचान रूखसार और उसके परिवार वालों से हुई। 2011 में रूखसार के साथ उसकी सगाई हुई। नवंबर 2011 में रूखसार के साथ उसकी शादी हुई। शादी के बाद से पत्नी समेत ससुराल वाले उससे लगातार पैसे की डिमांड करने लगे। इंकार करने पर केस में फंसाने समेत अन्य धमकी देने लगे। लॉकडाउन के दौरान काम ठप हो गया और वह पत्नी व बच्चों के साथ रांची आ गया।

## दो घरों में हुई लाखों रुपए के जेवरात व कैश की चोरी

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित लोहरदगा रोड कृष्णा मोहल्ला में मंगलवार की दोपहर को चोरों ने घात लगाकर दो घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया हैं। कृष्णा मोहल्ला के दो घरों में हुई चोरी की घटना के बाद भुक्तभोगी परिवारों ने इसकी सूचना बेड़ो पुलिस प्रशासन को दिए। इसके बाद बेड़ो थाना के एएसआई अक्षय कुमार सिंह ने कृष्णा मोहल्ला में हुई दो घरों में चोरी की जानकारी ली है और चोरी हुए घरों में जाकर परिवार वालों से पूछताछ की। कृष्णा मोहल्ला के दो घरों में हुई चोरी में क्रमशः बेड़ो खत्री खटंगा निवासी सुभाष खन्ना और लापुंग डिंबा गांव निवासी आर्मी जवान रतन प्रसाद साहू के घर शामिल हैं। ये दोनों



बेड़ो के कृष्णा मोहल्ला में अपना घर बनाकर रह रहे हैं। जहां मंगलवार की दोपहर करीब 11 से 12:00 के बीच चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। भुक्तभोगी सुभाष खन्ना ने बताया कि वे सुबह में 9:30 बजे अपने दुकान चला गया था। वहीं मेरी बेटी और पत्नी भी स्कूल चली गई हुई थी तो मैं दोपहर 2:00 बजे स्कूल से पत्नी और बेटी को लेकर घर पहुंचा तो देखा कि घर के खिड़की का ग्रिल तोड़ा हुआ है, घर के कमरे में छानबीन किया तो पता चला अलमारी में रखें लाखों रुपए के जेवरात समेत 10 हजार रुपए गायब थे, जिसे चोरों ने अपना शिकार बना लिया। वहीं रतन प्रसाद साहू ने बताया कि वे अपने परिवार समेत खूंटी के सोनमेर मंदिर पूजा अर्चना को लेकर गए थे। वही दोपहर करीब 1:00 बजे वापस घर लौटा तो देखा कि घर का दरवाजा अंदर से बंद था तो मैं बाउंड्री पार कर घर में प्रवेश किया तो देखा कि घर का सभी सामान बिखरा पड़ा था कमरा चोरों ने पहले दरवाजा तोड़कर कमर में प्रवेश कर अलमीरा और बक्सा में रखें लाखों रुपए के जेवरात को चोरों ने अपने साथ ले गए।

### लालगंज में काली पूजा के सफल आयोजन को लेकर हुई बैठक



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के लालगंज में इस वर्ष भव्य तरीके से काली पुजा का आयोजन करने को लेकर मंगलवार को लालगंज काली पूजा समिति का बैठक का आयोजन किया गया। जहां बैठक में पुरानी कमिटी को भंग कर नया कमिटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसहमति से बैठक में अध्यक्ष चरकु साहू, सचिव लखन साहू, उपाध्यक्ष रामबरित साहू, उपाध्यक्ष पवन ठाकुर, कोषाध्यक्ष गोपाल महली, संरक्षक अनिल साहू को बनाया गया और निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 नवंबर को रंगारंग सांस्कृतिक नागपुरी कार्यक्रम का आयोजित किया जाएगा। मौके पर बैठक में फलिन्दर हजाम, सुशील साहू, मनोज साहू, सोनु साहू, रविन्द्र साहू, गंगा साहू, मुकेश साहू, खेदु साहू समेत कई लोग मौजूद थे।

## पोला जंगल में अवैध रूप से काटा जा रहा सखुआ का पेड़

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**

लापुंग थाना क्षेत्र के देवगांव पंचायत अन्तर्गत पोला जंगल में सखुआ के बड़े-बड़े पेड़ों को धड़ल्ले से काटा जा रहा है। अभी हाल ही में देवगांव पंचायत के सरसा जंगल में व्यापक पैमाने पर पेड़ों को काटने का मामला प्रकाश में आया था। इस बार जंगल के विशालकाय सखुआ के पेड़ों को मशीन लगाकर लकड़ी माफियाओं के द्वारा काटने का मामला प्रकाश में आया है। पोला के महुआडांड़ में तीन सखुआ के पेड़ो को रात के अंधेरे में काट लिया गया है। इस बार कुल्हाड़ी के स्थान पर माफियाओं ने पेड़ काटने वाले मशीन का इस्तेमाल किया है। ग्रामीणों ने बताया कि ऐसे पेड़ कटते रहे तो पूरे जंगल का सफाया हो जाएगा। इस संबंध में पूछे जाने पर लापुंग प्रखंड के प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव ने कहा कि सखुआ के पेड़ो का काटा



जाना बड़ा अपराध है। इससे पर्यावरण को गंभीर क्षति होती है। उन्होंने कहा कि वे इस संबंध में जल्द ही डीएफओ से बात करेंगे। वहीं वन विभाग के वनरक्षी सुभाष चन्द्र प्रमाणिक ने कहा कि वन विभाग को पेड़ काटने की किसी तरह की कोई सूचना नहीं मिली है। पेड़ काटा जाना एक संगीन अपराध है। इस संबंध में किसी दोषी को नहीं छोड़ा जाएगा। जल्द ही जंगल में जांच पड़ताल की जाएगी।

## स्वास्थ्य मंत्री ने पांच नयी योजनाओं व कार्यों का किया उद्घाटन, कहा-

# डायलिसिस उपचार केंद्र शुरू होने से राज्य की जनता को मिलेगी सहूलियत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के मंत्री बन्ना गुप्ता ने मंगलवार को नागरिकों की सुविधा के लिए रिम्स अंतर्गत पांच नयी योजनाओं और कार्यों का उद्घाटन किया। इनमें रिम्स के पेइंग वार्ड स्थित 25 बेड के डायलिसिस इकाई, अपर रेफरल कुपोषण उपचार केंद्र, येलो फीवर वैक्सीन सेंटर, रेडियोलोजी एवं ट्रामा सेंटर प्रतीक्षा कक्ष और नए पुस्तकालय शामिल हैं। समारोह को संबोधित करते हुए बन्ना गुप्ता ने कहा कि सरकार की यही मंशा है कि झारखंड स्वस्थ और समृद्ध राज्य बने। इसके लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही। उन्होंने कहा की डायलिसिस यूनिट और



कुपोषण उपचार केंद्र शुरू होने से राज्य की जनता को काफी सहूलियत होगी और इलाज के लिए अन्य राज्यों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य की दिशा और दशा तय करने में रिम्स की अहम भूमिका है। यहां इलाज के साथ रिसर्च पर भी ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कुछ डॉक्यूमेंट्री बनवाने की भी बात कही, जिससे छात्रों को मरीजों के साथ किए जाने वाले व्यवहार की सीख मिले। साथ ही कहा कि आचार-विचार पर बात करने की जरूरत है। सिर्फ किताबों से पढ़कर नहीं, बल्कि व्यवहार से भी मरीज ठीक होते हैं। इसके अलावा कई हस्तियों की बायोग्राफी रखने की भी सलाह दी। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग अरुण सिंह ने कहा कि रिम्स में इन सुविधाओं की शुरूआत होने से दूर-दराज से आ रहे मरीजों को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में कुपोषण एक समस्या है। यदि बच्चे स्वस्थ नहीं होंगे तो वह राज्य एयर देश की प्रगति में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। रिम्स निदेशक डॉ. राजीव गुप्ता ने बताया कि 25 बेड के डायलिसिस इकाई की इस व्यवस्था के अलावा पहले से संचालित 10 बेड पुरानी डायलिसिस यूनिट चलती रहेगी, जहां आयुष्मान भारत योजना और मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के मरीजों का निशुल्क डायलिसिस होगा। सामान्य मरीजों का डायलिसिस 1341 रुपये में किया जाएगा।


**कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी**

**परामर्शी नियुक्ति हेतु अल्पकालीन आमंत्रण सूचना संख्या KNP/22/2023-24**

ज्ञापांक........................ खूँटी, दिनांक..................

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, खूँटी अन्तर्गत सड़क, गार्डवाल, पुल निर्माण, चौक–चौराहों का सौन्दयीकरण, पार्कों का जीर्णोद्धार/निर्माण, जलापूर्ति योजना, भवन निर्माण पथ प्रकाश व्यवस्था तथा विभिन्न तालाबों एवं अन्य योजनाओं का डी0पी0आर0 तैयार कराने हेतु अनुभवी तथा ख्याति प्राप्त परामर्शियों की नियुक्ति हेतु आमंत्रित की जाती है। इच्छुक परामर्शी अपना दर, बायोडाटा आदि संलग्न कर मुहर बंद लिफाफे में दिनांक 08.11.2023 के अपराह्न 3:00 बजे तक आवेदन कर सकते हैं एव उसी दिन 5:00 बजे अपराह्न में नगर पंचायत, खूँटी कार्यालय कक्ष में परामर्शी दात्रियों या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा।

कार्य का विवरण :–

| क्र0 | डी0डी0पी0आर0 की राशि | परामर्शी शुल्क (DPR) |
|---|---|---|
| 1 | 0– 1 करोड़ तक | |
| 2 | 1– 5 करोड़ तक | |
| 3 | 5– 10 करोड़ तक | |
| 4 | 10 करोड़ से अधिक | |

नियम एवं शर्तें :–

(1) परामर्शीदात्रियों को पेन कार्ड, जी0एस0टी0 निबंधन प्रमाण–पत्र, अद्यतन आयकर रीटर्न की अभिप्रमाणित छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करना होगा।
(2) परामर्शीदात्रियों को कोटेशन के साथ 5000/– जमानत राशि के रुप में बैंक ड्राफ्ट जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, खूँटी के नाम से दिय होगा। बिना जमानत राशि के कोटेशन स्वतः रद्ध समझा जाएगा।
(3) परामर्शीदात्रियों को सरकार के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्त के अनुरुप डी0पी0आर0 तैयार करना होगा।
(4) सरकारी स्तर से निर्गत इस तरह के कार्य का डी0पी0आर0 तैयार किये जाने संबंधी अनुभव प्रमाण–पत्र संलग्न करने वाले परामर्शी दात्री के आवेदन पर समान दर रहने की स्थिति में कार्य आवंटन पर प्राथमिकता दी जाएगी।
(5) प्राप्त भावपत्र आवेदन का निष्पादन नगर पंचायत, खूँटी में गठित निविदा समिति द्वारा किया जाएगा।
(6) परामर्शीदात्रियों को आवेदन के साथ उनकी संस्था के विरुद्ध किसी प्रकार का कोई कार्रवाई या रुग्न अवस्था में नहीं है का शपथ–पत्र संलग्न करनी होगी।
(7) सफल परामर्शीदात्री के अंतिम डी0पी0आर0 ससमय संतोषप्रद रुप से सक्षम स्तर से स्वीकृत कराने के उपरांत कुल राशि का 75 प्रतिशत राशि विमुक्त कर दी जाएगी एवं योजना पूर्ण होने के उपरांत शेष 25 प्रतिशत राशि विमुक्त की जाएगी।
(8) अन्य जानकारी के लिए प्रत्येक कार्य दिवस में कार्य अवधि तक नगर पंचायत, खूँटी कार्यालय से सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।
(9) बिना कारण बताये परामर्शी नियुक्ति आमंत्रण को रद्ध करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

प्रशासक,
नगर पंचायत,खूँटी

PR 310269 Urban Development(23-24).D



**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय, खूँटी**

**रोजगार मेला–2023**

राज्य के बेरोजगार युवक/यवुतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित करने के उदेश्य से जिला नियोजनालय, खूँटी के द्वारा दिनांकः–03 नवम्बर 2023 दिन शुक्रवार को पूर्वाहन् 10:30 बजे से 3:00 बजे अपराह्न तक जिला नियोजनालय, खूँटी परिसर में रोजगार 2023 आयोजित किया जा रहा है।

इस रोजगार मेला में निम्नलिखित नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है:–

| SN | EMLOYER'S NAME | VACANCIES | POST | SALARY | GENDER | AGE | QUALIFICATION | JOB LOCATION |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | LIC, Khunti | 30 | Advisor | Handsome Incentives + 5K/month | M/F | 18-60 | 10th & Above | Khunti |
| 2 | Quess Corp (SBI,Airtel,Tata Motors) Ranchi | 300 | Sales Executive | 12500-18k | M/F | 18-30 | 10th & Above | Ranchi |
| 3 | Seva Sahyog Security Pvt. Ltd, Jamshedpur | 213 | Guard/Supervisor /Office staff | 8K-20K | M | 18-50 | 10th & Above | Entire JH |
| 4 | Chorus Agro mill Pvt.Ltd. Tupudana | 7 | Operator/boiler operator/boiler helper/electrician/welder | 10K-15K | M | 18-40 | 10th & Above | Tupudana |
| 4 | Gramin Shiksha Avam Prashikshan foundation, Jamtara | 250 | Quality, Assembly line, Operator | 14K-16K | M/F | 18-35 | 10th,12th,ITI,Diploma | Ahmedabad |
| 5 | Aamdhane Pvt. Ltd. (polyrub ) | 50 | Helper | 11466-17186 | M | 18-28 | 10th,12th,ITI,Diploma | Bitlapur gujarat |
| 6 | G4S Security | 500 | Supervisor/Security guard | 14500-22K | M/F | 18-40 | 10th & Above | Hyderabad, Delhi |
| 7 | 2coms consulting pvt.ltd (Club mahindra/exide) | 150 | Operator/Associate | 10K+ fooding lodging | M | 18-35 | 10th & Above | Pune,rajasthan |
| 8 | Hip hop media house Pvt. Ltd (Paytm,CMS), Ranchi | 84 | Telecaller/BDE/Custodian/Sales executive/RSE | 10200+/15500+/12K/12+Incentive/10K | M/F | 18-30 | 10th & Above | Entire JH |
| 9 | SGRS group, Ranchi | 10 | Automotive trainer/Assistant electrician/GDA/ | 20K-25K | M/F | 21-40 | ITI/Diploma | Entire JH |
| 10 | Big Basket Ranchi | 100 | Delivery partners | 15K-20K | M/F | 18-40 | 10th & Above | Entire JH |

योग्य एवं इच्छुक आवेदक (उम्मीदवार) जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.rojgar.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त उल्लेखित रोजगार मेला में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों की छाया प्रति, अंक प्रमाण पत्र की छाया प्रति, आवासीय प्रमाण पत्रों की छाया प्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति, बायोडाटा दो प्रतियों में तथा दो पासपोर्ट साईज के फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है। जो उम्मीदवार पूर्व में निबंधित है उन्हे पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। चूंकि रिक्तियाँ निजि क्षेत्र से संबंधित है अतएव चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं रहेगा। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहें है। रोजगार मेला में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का मार्ग भत्ता देय नहीं होगा।

जिला नियोजन पदाधिकारी
खूँटी

PR310285 (Labour Employment and Traning)23-24*D

## गागर में सागर

### राज्यपाल ने सरदार पटेल की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर राज भवन में उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। इस दौरान राज्यपाल ने पटेल के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### लोकहित अधिकार पार्टी की सामाजिक न्याय यात्रा आज से

**रांची।** लोकहित अधिकार पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह रांची लोकसभा प्रभारी हरिनाथ साहू ने बताया कि शोषित उपेक्षित और अपने अधिकारों से वंचित लोगों में सजगता लाने के लिए 1 नवम्बर से 22 दिसम्बर तक के लिए सामाजिक न्याय यात्रा करने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू पार्टी का झण्डा दिखाकर यात्रा का शुभारंभ करेंगे ! उक्त मौके पर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी मो. अजहर आलम, जिलाध्यक्ष प्रमोद प्रसाद गुप्ता, जिला समिति के पदाधिकारी मुकुल नायक, जनक प्रजापति, सुनीता उरांव, सुनीता मुंडा, रीना देवी मुंडा, पार्वती देवी, कंचन रानी, देवपुजन ठाकुर, डा. दानेश्वर साहू, दीपक चौरसिया, सत्यानंद उरांव, गणेश लोहार रामानंद ठाकुर, संजय लोहरा, अजित साहू, लालू महतो समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहेंगे।

### पुलिस मुख्यालय में मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस

**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय में मंगलवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर डीजीपी अजय कुमार सिंह ने पुलिस मुख्यालय में सभी उपस्थित वरीय, कनीय पदाधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को एकता, अखंडता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने के लिए शपथ दिलाया। इस अवसर पर एडीजी मुरारी लाल मीणा, संजय आनन्दराव लाठकर, प्रिया दूबे, मनोज कौशिक, एवी होमकर, प्रभात कुमार, विजया लक्ष्मी, डॉ. शम्स तबरेज, माईकल एस राज सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि एकता, अखंडता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने के लिए राज्य पुलिस एवं अन्य वर्दीधारी बलों की ओर से आज के दिन मार्चपास्ट, शपथ ग्रहण एवं अन्य प्रकार से इस दिवस को मनाये जाने की परम्परा रही है।

### राज्यपाल से मिले झारखंड विधानसभा अध्यक्ष

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मंगलवार को झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने राजभवन में मुलाकात की। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने राज्यपाल को झारखंड विधानसभा के स्थापना दिवस के लिए आमंत्रित किया। उल्लेखनीय है कि 22 नवंबर को झारखंड विधानसभा का स्थापना दिवस मनाया जाता है।

## 74 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ धूमधाम से संपन्न

# मंदिर परिसर में सैकड़ों भक्तों ने भक्ति भाव से किया पाठ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को होने वाला 74 वां कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ। अवसर था 74 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा के संगीतमय पाठ का। इस मौके पर श्री हनुमान चालीसा पाठ का भी किया गया। श्री हनुमान चालीसा पाठ से गूंज रहा था। ''दीन दयाल विरुद्ध संभारी हरहु नाथ मम संकट भारी जो यह पढ़े हनुमान चालीसा हुए सिद्धि साखी गौरीसा तुलसीदास सदा हरि चेरा कीजै नाथ हृदय महु डेरा'' के सुरताल से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। इस मौके पर सुनील मोदी, आशा मोदी, बलराम मोदी, शिखा मोदी ने हनुमान जी महाराज की दिव्य अखंड पावन ज्योति प्रज्ज्वलित करके केसरिया पेड़ा, गुड़, चना, संतरा फल का प्रसाद अर्पित कर परिवार के लिए खुशहाली की प्रार्थना की। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान विधिवत संपन्न करवाया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद की सेवा मनीष मित्तल एवं राजेंद्र अग्रवाल ने गिरीगोला सेवा निवेदित की। सुनील मोदी ने रामचरितमानस ग्रंथ व पाठ वाचको का चंदन वंदन किया। श्री गणेश वंदना करके हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक डफली झांझ करताल के सुरताल के साथ श्री सुंदरकांड का पाठ प्रारंभ किया। मंदिर परिसर में उपस्थित सैकड़ों भक्तों ने भक्ति भाव से सामूहिक रूप से पाठ किया। बजरंगबली की जय जयकारों से हरमू रोड गूंज रहा था। पाठ के समापन के बाद श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय संकीर्तन करके महाआरती की गई। सभी भक्तजनों को केसरिया पेडा चना गुड़ संतरा फल व नारियल का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया श्रवण ढानढनिया स्नेह पोद्दार श्याम सुंदर जोशी आदि उपस्थित थे।



**खाटू नरेश का केशर चंदन तिलक श्रृंगार।** बुधवार 1 नवंबर को खाटू नरेश का केसर चंदन तिलक का श्रृंगार किया जाएगा ज्ञातव्य है कि इस बार शरद पूर्णिमा के दिन चंद्र ग्रहण होने के कारण दूसरे दिन खाटू नरेश का महास्नान किया गया था। उसी दिन से बाबा श्यामल रूप में दर्शन दे रहे थे खाटूधाम के परंपरा के अनुसार कल बुधवार को खाटू में एवं हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में केसर चंदन तिलक का श्रृंगार किया जाएगा। संध्या 4:30 बजे भक्त तिलक श्रृंगार का दर्शन कर सकेंगे ।

**शनिवार को श्री श्याम भंडारा :** 4 नवम्बर शनिवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 85 वा श्री श्याम भंडारा सायं 5:00 बजे से होगा । मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने भक्तों का आमंत्रित किया है ।

उपरोक्त जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

# ठंड को देखते हुए मदरसे के बच्चों को दिया गया कंबल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मदरसे के बच्चों को कंबल वितरण किया गया। अभी ठंड की शुरूआत है। ठंड से बचने के लिए पहले ही कंबल दे दिया गया है ताकि बच्चों को ठंड में परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। कंबल वितरण का कार्यक्रम मेरी आवाज मेरी पहचान के द्वारा हिन्दपीढ़ी स्थित मदरसा रहमानिया के बच्चों को दिया गया। एम ए एम पी के अध्यक्ष एक्टर देवेश खान ने हाफिज मिकाईल के कामों की खूब तारीफ की। उन्होंने कहा कि ये बच्चों को अच्छी तालीम दे रहे हैं। यह बच्चों के प्रति काफी गंभीर रहते हैं। रहमानी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष हाफिज मिकाईल ने मेरी आवाज मेरी पहचान के सभी पदाधिकारी का स्वागत किया और अच्छे कामों को सराहा। एम ए एम पी के सचिव बुलंद अख्तर ने बच्चों से कहा कि बच्चों किस्मत से नहीं मेहनत से कामयाबी मिलती है। तालीम से ही तरक्की मुमकिन है। सारे बच्चे एक नमूना बन कर रहे। महासचिव कुमार गहलोत ने मदरसा के बच्चों से कहा कि खूब मन लगाकर पढ़ाई करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही आप समाज में और पूरे देश में अपनी पहचान बना सकते हैं।

# जम्मू कश्मीर व लद्दाख दोनों भारत का स्वर्ग: राज्यपाल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को राज भवन में आयोजित केंद्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह क्षेत्र भारत का स्वर्ग है और इन प्रदेशों ने अपने प्राकृतिक सुंदरता एवं समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से दुनिया को आकर्षित किया है। हमारे देश में अलग-अलग क्षेत्रों में भाषा एवं संस्कृति में विविधता है। वहां के रहन-सहन एवं पहनावा में भी विविधता हैं। उनके अपने लोक गीत, लोक नृत्य एवं लोक उत्सव हैं। यहाँ विविधता में एकता है और हम सब एक हैं। हम सभी को अपनी भाषा, समृद्ध संस्कृति एवं परंपरा से स्नेह करने के साथ दूसरों की भाषा, संस्कृति व परंपरा का आदर करना चाहिए। राज्यपाल महोदय ने कहा कि जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख के लोगों ने पर्यटन एवं आतिथ्य सत्कार के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। उनका साहस और राष्ट्र प्रेम सभी के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख का सर्वांगीण विकास के लिए विशेष पहल की जा रही है। एक भारत श्रेष्ठ भारत₹ कार्यक्रम के माध्यम से भारत के विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को जानने का अवसर मिलेगा और संस्कृतियों का भी आदान-प्रदान होगा। जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर लोक गीत एवं लोक नृत्य की प्रस्तुति भी की गई।

## उपायुक्त ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर पदाधिकारियों संग ली शपथ, कहा-

# देश की सुरक्षा बनाए रखने के लिए स्वयं को करें समर्पित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त ने मंगलवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित सभागार में सभी अधिकारी/ पदाधिकारी/कर्मियों के साथ राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ ली। शपथ के दौरान अपर समाहर्ता रांची, राहुल कुमार बरवार, अपर जिला दंडाधिकारी (विधी-व्यवस्था) रांची, राजेश्वर नाथ आलोक, नजारत उप-समाहर्ता रांची, केवल कृष्ण अग्रवाल, उप-निदेशक सामाजिक सुरक्षा रांची, रवि शंकर मिश्रा एवं सभी अधिकारी/ पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने सभी अधिकारी/ पदाधिकारी/कर्मियों के साथ राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूं कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करुंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करुंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूं। उपायुक्त ने कहा की सरदार वल्लभ भाई पटेल जिनकी भारत के राजनीतिक एकीकरण में प्रमुख भूमिका निभाने के लिए पूरा देश कृतज्ञ हैं। जब भारत आजाद हुआ था तब देश 550 से ज्यादा रियासतों में बंटा था। इन्हें भारत में मिलाने में सरदार पटेल ने सबसे अहम भूमिका निभाई। इसके लिए पूरा देश हमेशा उनको याद और नमन करेगा।



### याचिकाकर्ता को नकल की कॉपी क्यों नहीं दी गई : हाई कोर्ट

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने रिटायर्ड आईएएस की पत्नी और निलंबित भाजपा नेता सीमा पात्रा की क्रिमिनल रिट पर सुनवाई के दौरान रांची सिविल कोर्ट के रजिस्ट्रार से यह जानकारी मांगी है कि चार्जशीट पर ट्रायल कोर्ट द्वारा लिए गए संज्ञान की नकल याचिकाकर्ता को क्यों नहीं दी गई। अदालत ने इस संबंध में सिविल कोर्ट के रजिस्ट्रार को शपथ पत्र के माध्यम से जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार को इस आदेश की कॉपी रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त को देने का निर्देश दिया गया है। जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई। अदालत अब इस मामले में छह नवंबर को सुनवाई करेगी। 31 अगस्त को सीमा पात्रा को गिरफ्तार किया गया था। अशोक नगर स्थित रोड नंबर एक में रहने वाली भाजपा की महिला नेता सीमा पात्रा के खिलाफ आईपीसी की धारा 323, 325, 346 और 374 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रबल समर्थक थे सरदार वल्लभ भाई पटेल : बाबूलाल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। मरांडी ने कहा कि सरदार पटेल भारत की राष्ट्रीय एकात्मता एवं सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों से भारत को मिली आजादी के बाद सरदार पटेल ने 500 से अधिक रियासतों को एक भारत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अगर वह नहीं होते तो शायद आज भारत इस तरह का नहीं होता। उन्होंने इसके लिए काफी अपनी मेहनत से भारत को सिंचा है। सरदार पटेल भारत माता की सांस्कृतिक पहचान को अक्षुण्ण बनाए रखना चाहते थे। मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरदार पटेल के सपनों का भारत एक भारत श्रेष्ठ भारत बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रहे। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल का व्यक्तित्व जितना महान था उनका कृतित्व भी उतना ही महान रहा। वे केवल कुशल राजनेता ही नहीं, बल्कि कुशल प्रशासक भी थे। उन्होंने अपने देश को एक स्वर्ग बनाना चाहते हैं और उन्होंने अंग्रेजों की लड़ाई में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। सरदार पटेल ने राष्ट्रीय एकता को मजबूती प्रदान करते हुए भारतीय प्रशासनिक तंत्र को भी विकसित किया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, प्रदेश मंत्री काजल प्रधान प्रतुल शाहदेव, राजीव रंजन मिश्र, अशोक बड़ाइक, तारिक इमरान आदि शामिल रहे।

### हटिया-पुणे साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का परिचालन आज से

**रांची।** नवंबर महीने में पर्व त्योहारों को देखते ट्रेन संख्या 02846 हटियाझ्पुणे साप्ताहिक फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन सुविधा एक नवंबर से शुरू होगी। 29 नवंबर तक प्रत्येक बुधवार को यह हटिया से प्रस्थान करेगी (कुल 05 ट्रिप)। इस ट्रेन का हटिया प्रस्थान बुधवार 21:30 बजे, राउरकेला आगमन 00:05 बजे प्रस्थान 00:10 बजे, बिलासपुर आगमन 04:45 बजे प्रस्थान 04:55 बजे, रायपुर आगमन 06:25 बजे प्रस्थान 06:30 बजे, नागपुर आगमन 11:20 बजे प्रस्थान 11:25 बजे, भुसावल आगमन 16:45 बजे प्रस्थान 16:50 बजे एवं पुणे आगमन शुक्रवार 02:45 बजे होगा। ट्रेन संख्या 02845 पुणे झ हटिया साप्ताहिक फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन, यात्रा प्रारम्भ तीन नवंबर से यात्रा प्रारम्भ एक दिसम्बर तक प्रत्येक शुक्रवार को पुणे से प्रस्थान करेगी (कुल 05 ट्रिप)। इस ट्रेन का पुणे प्रस्थान शुक्रवार 10:45 बजे, राउरकेला आगमन 12:58 बजे प्रस्थान 13:06 बजे एवं हटिया आगमन शनिवार 16:25 बजे होगा।

# नवयुवकों ने जेसीबी मशीन से पशुपतिनाथ छठ घाट की सफाई की

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्राचीन पशुपतिनाथ मन्दिर के उत्तर स्थित जुमार नदी किनारे पशुपतिनाथ छठ घाट की सफाई नवयुवकों द्वारा जेसीबी मशीन लगाकर की गई। सफाई अभियान आरवीसी परिसर में रहने वाले अमरजीत पासवान, विशु मंडल और दिलीप उरांव के नेतृत्व में चलाया गया। सफाई के दौरान आरवीसी से जुमार नदी पुल जाने वाली सड़क के दोनों और बड़ी मात्रा में मेडिकल वेस्ट डंप किया हुआ पाया गया। सफाई अभियान दल द्वारा सड़क के दोनों किनारे मेडिकल वेस्ट डंप किये जाने पर कार्रवाई किये जाने का बोर्ड भी लगा दिया गया है। सफाई दल में मिथलेश यादव, कन्हैया पासवान, अंकित राम, विशेष कुमार, सोनू पंडित, रोहित कुमार राम, निखिल सिंह, रॉकी राम, विनोद राम, आयुष कुमार, राजू कुमार राम, निखिल कुमार पासवान, पंकज गाड़ी आदि शामिल थे। सफाई अभियान में शामिल लोगों द्वारा बीएयू के सुरक्षा पदाधिकारी को पशुपतिनाथ मन्दिर, छठ घाट और नदी किनारे आसपास के अस्पतालों द्वारा मेडिकल वेस्ट डंप किए जाने की जानकारी दी गयी जिसके बाद सुरक्षा पदाधिकारी रंजीत कुमार सिंह ने कांके थाना में लिखित शिकायत की कि कांके ब्लॉक और अरसंडे क्षेत्र में अवस्थित अस्पतालों द्वारा बड़ी मात्रा में नदी किनारे मेडिकल कचरा डंप किया जा रहा है जो पर्यावरण संरक्षण अधिनियम का उल्लंघन है। इससे आसपास अवस्थित बीएयू के पशु पक्षी प्रक्षेत्र में महामारी का खतरा उत्पन्न हो सकता है। शिकायत की प्रति आसपास अवस्थित अस्पतालों को भी दी गई है।



## कार्यक्रम आयोजित | राष्ट्रीय एकता दिवस पर तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन में कहा-

# भारत सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठायें

**नवीन मेल संवाददाता। नगड़ी**

मंगलवार को केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, प्रादेशिक कार्यालय, रांची द्वारा रांची के नगडी प्रखंड में तीन दिवसीय मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी कार्यक्रम राष्ट्रीय एकता दिवस, मेरी माटी मेरा देश, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, हर घर जल- हर घर नल, स्वच्छता आदि विषयों पर आयोजित किया गया। चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन हटिया विधानसभा के विधायक नवीन जायसवाल ने फिता काटकर किया। साथ ही साथ विधायक, केंद्रीय संचार ब्यूरो के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा व अन्य आमंत्रित अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। अतिथियों का स्वागत केंद्रीय संचार ब्यूरो रांची द्वारा शॉल व मोमेंटो देकर किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में स्वागत गान सैक्रेड मिशन हाई स्कूल नगड़ी के छात्राओं द्वारा गया गया। विधायक नवीन जायसवाल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा की भारत सरकार के सभी कल्याणकारी योजनाओं का पूरा-पूरा लाभ उठाएं। यहां चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से सभी को जागरूक किया जा रहा है व सभी विषयों के बारे में लोगों को विस्तृत जानकारी दिया जा रहा है। हर घर जल, हर घर नल के तहत स्वच्छ जल को सभी के घर तक पहुंचाने के लिए लगातार काम हो रहा है। अपने देश को विश्व के तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए हम सभी युवाओं को आगे बढ़कर कार्य करने के लिए प्रेरित किया, साथ ही साथ चारों तरफ स्वच्छता को बनाए रखने पर जोर दिया। हटिया विधानसभा विधायक नवीन जयसवाल ने आगे कहा की स्वतंत्रता के बाद जम्मू-कश्मीर के भारत में एकीकरण की बागडोर यदि लौह पुरुष सरदार पटेल के हाथों में होती तो यह मुद्दा बहुत पहले ही सुलझ गया होता। श्री जायसवाल ने अपने सम्बोधन भाषण में यह भी कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना भारत सरकार की एक नई योजना है इसका पूरा पूरा लाभ उठाएं। वही जिला परिषद सदस्य पूनम देवी ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर लोगों को संबोधित किया तथा राष्ट्र के निर्माण में अपना-अपना योगदान देने को कहा, साथ ही साथ स्वच्छता के प्रति लोगों को भी प्रेरित करने को कहा। नगड़ी के अनुमंडल विकास पदाधिकारी दीपावली भगत ने भारत सरकार के योजनाओं से संबंधित जानकारी देते हुए इसका लाभ उठाने के लिए लोगों को प्रेरित किया, वहीं अंचलाधिकारी राकेश कुमार ने प्रदर्शनी को उपयोगी बताया और बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने को कहा। कार्यक्रम के दौरान पदम-श्री श्री मधु मंसूरी ने सभा को संबोधित किया और अपना प्रसिद्ध गीत गाकर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। केंद्रीय संचार ब्यूरो के कार्यालय प्रमुख शाहिद रहमान ने जनकल्याणकारी सभी योजनाओं के बारे में लोगों को अवगत कराया और कहा की सरकार के योजनाओं को आम जनमानस तक पहुंचाने का कार्य केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा निरंतर हो रहा है।



### केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों के स्टॉल प्रदर्शनी स्थल पर लगाए गए

### पदम-श्री मधु मंसूरी जी ने सभा को संबोधित किया और अपना प्रसिद्ध गीत गाकर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया

# हाई कोर्ट ने नक्शा स्वीकृति मामले में रांची नगर निगम से मांगा ब्योरा




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य के नगर निकायों में नक्शे स्वीकृति में पैसों के खेल मामले में स्वतः संज्ञान की मंगलवार सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान रांची नगर निगम की ओर से मौखिक रूप से कोर्ट को बताया गया कि इस वर्ष दो अगस्त से अक्टूबर माह तक 6000 नक्शा स्वीकृति के लिए के लिए आवेदन आए, जिसमें से करीब 5000 नक्शा आवेदन को स्वीकृति प्रदान कर दी गई। न्यायाधीश एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। इस पर कोर्ट ने आश्चर्य जताते हुए कहा कि रांची निगम एवं आरआरडीए में कर्मियों की कमी है। ऐसे में इतनी बड़ी संख्या में नक्शा के आवेदन कैसे स्वीकृत हो गए। कोर्ट ने रांची नगर निगम एवं आरआरडीए को अगली सुनवाई के पूर्व शपथ पत्र दाखिल कर बताने को कहा है कि नक्शा स्वीकृत पर हाई कोर्ट की लगी रोक हटाने के बाद से रांची नगर निगम एवं आरआरडीए में नक्शा स्वीकृत के लिए कितने आवेदन आए, इनमें से कितने आवेदन स्वीकृत हुए और अब तक नक्शा स्वीकृत के लिए आए कितने आवेदन अबतक लंबित हैं।

# लौह पुरुष सरदार पटेल को किया याद, डीसी ने दी श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो ।** जिले में देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री भारत रत्न लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती आज 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई. इस अवसर पर गरगा पुल स्थित सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर उपायुक्त कुलदीप चौधरी, पुलिस अधीक्षक प्रियदर्शी आलोक, एसडीओ चास दिलीपप्रताप सिंह शेखावत समेत तमाम अधिकारियों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. डीसी कुलदीप चौधरी ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने विभिन्न रियासतों को भारत संघ में एकीकृत करने में अग्रणी भूमिका निभाई. भारत की आजादी में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है. एसपी प्रियदर्शी आलोक ने कहा कि राष्ट्र की एकता में सरदार वल्लभ भाई पटेल की विशेष भूमिका रही है. उन्होंने आजादी के बाद देश को एकता के सूत्र में पिरोने का काम किया. कार्यक्रम में डीएसपी नगर कुलदीप कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी कुमार कनिष्क सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी व पुलिस प्रशासन के वरीय पदाधिकारी शामिल रहे. वहीं दूसरी ओर धनबाद में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 148वीं जयंती पर समाहरणालय सभागार में डीसी वरुण रंजन की अध्यक्षता में सभी पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा की शपथ ली. शपथ लेने से पूर्व डीसी ने सरदार वल्लभभाई पटेल की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित की. मौके पर डीसी वरुण रंजन ने कहा देश कि आजादी में सरदार वल्लभभाई पटेल ने अभूतपूर्व योगदान दिया है. उन्होंने अपनी दृढ़ता से 562 रियासतों का भारत संघ में विलय कराया. उनके सिद्धांत को याद कर हमें उसको अपने जीवन में उतारना चाहिए. मौके पर अपर समाहर्ता विनोद कुमार, डीसीएलआर सतीश चंद्रा, निदेशक डीआरडीए मुमताज अली अहमद, जिला खनन पदाधिकारी मिहीर सालकर, कार्यपालक दंडाधिकारी सुशांत मुखर्जी, प्रदीप कुमार, रविंद्र नाथ ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे.

## कांग्रेसियों ने इंदिरा गांधी के पुण्यतिथि और सरदार पटेल की जयंती मनायी




**धनबाद।** जिला युवा कांग्रेस कमिटी ने आज मंगलवार को इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि और सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनायी. इस अवसर पर कमिटी ने हाउसिंग कॉलोनी स्थित कांग्रेस जिला कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया. इससे पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी और जिला युवा कांग्रेस कमेटी के सभी सदस्य एवं कार्यकताओं ने इंदिरा गांधी और सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके विचारों को सबके समक्ष रखा. धनबाद जिला युवा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ सोनू सिंह ने कहा कि आज इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि है और सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती है. इस मौके पर जिला युवा कांग्रेस कमेटी ने 100 यूनिट ब्लड दान करने के लक्ष्य के साथ रक्तदान शिविर का आयोजन किया है. जिसमें जिला कांग्रेस कमिटी के सैकड़ों कार्यकताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया.

## सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन

**जमशेदपुर।** सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर मानगो गांधी मैदान से 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया गया. रन फॉर यूनिटी मानगो गोल चक्कर के पास समाप्त हुई, जहां सरदार वल्लभभाई पटेल की तस्वीर पर माल्यापर्ण किया गया. इस मौके पर कोल्हान के पूर्व डीआईजी राजीव रंजन ने देश की अखंडता और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया. कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य सभी भारतीय नागरिकों के बीच में यह भावना जाग्रित करना कि भारत देश एक है, भारत मजबूत होगा तो ही देश के नागरिक मजबूत होंगे. विश्व युद्ध होने की संभावना बनी है, ऐसे मे भारत के हर समुदाय के लोग एकता का परिचय देते हुए भारत को मजबूत बनाने का संदेश दे रहे है. रन फॉर यूनिटी का आयोजन में आस पास के लोग भी शामिल हुए.

## आईआईटी-आईएसएम में रन फॉर यूनिटी का आयोजन



**धनबाद।** सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर आईआईटी-आईएसएम में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया. यह आयोजन संस्थान के स्पोर्ट्स एंड फिजिकल एजुकेशन सेंटर के नेतृत्व में हुआ. संस्थान के लोअर ग्राउंड से दौड़ शुरू हुई और परिसर का भ्रमण कर वापस लोअर ग्राउंड में समाप्त हुई. डीन स्टूडेंट वेलफेयर (डीएसडब्ल्यू) प्रो बॉबी के एंटनी ने इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को एकता, अखंडता और आंतरिक सुरक्षा की शपथ दिलाई.

## गागर में सागर

### गोरहर में तेल लदा टैंकर अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के जीटी रोड स्थित गोरहर में तेल लदा टैंकर गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना मंगलवार की अहले सुबह करीब 3बजे की बताई जा रही है।वहीं लोगों को जानकारी मिली कि टैंकर में खाने वाली रिफाइन तेल है तो टैंकर के आसपास लोगों अधिक संख्या में इकट्ठा हो गये तथा जमकर बालटी व डब्बों रिफाइन लूटा। हालांकि इस घटना में चालक को मामूली चोटें आई। टैंकर दुर्घटना ग्रस्त होने से जीटी रोड दोनों ओर घंटो जाम रही। तत्पश्चात गोरहर पुलिस की मदद से जाम को हटाया गया। वही प्रत्यक्ष दर्शियों ने इस घटना का जिम्मेवार सड़क निर्माण एंजेसी की घोर लापरवाही को बताया। उन्होंने कहा कि करीब एक वर्ष से अधिक गोरहर में निर्माण एंजेसी के द्वारा सड़क को वनवे कर दिया गया है जिससे आएं दिन सड़क हादसा और लोगों की जान जा रही है।

### प्रमुख व मुखिया ने नवनियुक्त बीडीओ से शिष्टाचार मुलाकात की



**बरकट्ठा।** नवनियुक्त प्रखंड विकास पदाधिकारी नम्रता जोशी से प्रमुख रेणु देवी,उप प्रमुख सुरजी देवी, झुरझुरी मुखिया प्रियंका कुमारी समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान प्रमुख रेणु देवी, उप प्रमुख सुरजी देवी, मुखिया प्रियंका कुमारी व पंचायत समिति सदस्यों ने बीडीओ को बुके देकर सम्मानित किया।वहीं जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र की समस्यों से अवगत कराया।

### बोकारोः सड़क किनारे जोरदार विस्फोट, बाइक सवार झुलसा

**बोकारो।** चास थाना क्षेत्र के गर्गा पुल के समीप सड़क किनारे हुए जोरदार विस्फोट में एक युवक घायल हो गया. विस्फोट की घटना नीरज सिंह के सर्विसिंग सेंटर के पास की बताई जा रही है. घटना में जख्मी युवक की पहचान चास के यदुवंशनगर के रौशन कुमार के रूप मे की गयी है. झुलसे युवक रौशन कुमार ने बताया कि वे अपनी बुलेट बाइक से जा रहा था कि सामने कचरे में आग लगी हुई थी. आग पर काबू पाने के लिए उसने आग पर जैसे ही पानी डाला, कचरे के डब्बे में पड़ा कोई सामान विस्फोट कर गया. इसके बाद आग की लपटों ने युवक के गाड़ी को भी अपने आगोश में ले लिया.

## झामुमो की बैठक, महिला मोर्चा कमेटी का विस्तार

**बोकारो।** बोकारो के सेक्टर वन बी स्थित झामुमो जिला कार्यालय में जिला कमिटी की बैठक की गयी. बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हीरालाल मांझी ने की. इस अवसर पर झामुमो महिला मोर्चा की जिला कमिटी का पुनर्गठन व विस्तार किया गया. जिसमें सर्वसम्मति से नावाडीह की पूनम देवी को जिलाध्यक्ष, बालीडीह की निशा हेम्ब्रम को जिला सचिव, जरीडीह प्रखंड की अंबिका देवी को जिला उपाध्यक्ष, चास प्रखंड की बबीता देवी को कोषाध्यक्ष, चन्द्रपुरा की जाहिदा खातुन, कसमार की बसंती देवी, जरीडीह की लीलावती देवी एवं नावाडीह प्रखंड की सुनीता देवी को जिला संगठन सचिव बनाया गया. वहीं सोनाली देवी, चिंता देवी, षष्ठी देवी समेत एक दर्जन महिला सदस्यों को महिला मोर्चा के जिला कार्यकारिणी समिति का सदस्य बनाया गया. इस दौरान जिलाध्यक्ष हीरालाल मांझी ने कहा कि झामुमो ने हमेशा अपनी पार्टी में महिलाओं को सम्मान देने का काम किया है. उन्होंने नवगठित महिला मोर्चा की जिला कमिटी के पदाधिकारियों व सदस्यों को बधाई देते हुए संगठन विस्तार एवं 2024 के लोकसभा व विधानसभा चुनाव के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने का निर्देश दिया. मौके पर जिला सचिव जयनारायण महतो, जिला उपाध्यक्ष विजय रजवार, महानगर अध्यक्ष मंटू यादव, जिला कोषाध्यक्ष अशोक मुर्मू, जिला संगठन सचिव शेरे आलम आदि उपस्थित थे।

## दुमकाः स्मार्ट क्लास से चोरी कांड का उदभेदन, चार किशोर अभियुक्त गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**दुमका।** जिला पुलिस ने सरकारी स्कूल के स्मार्ट क्लास से चोरी कांड का उदभेदन करते हुए सामान सहित चार किशोर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है. मामला दुमका जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय, डाँडो केन्दों के स्मार्ट क्लास में विगत तीन दिन पहले अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था जिसकी लिखित शिकायत विद्यालय के सहायक शिक्षक के पद पर कार्यरत वादी महान हेम्ब्रम द्वारा रामगढ़ थाना में दिया गया था. थाना में कांड दर्ज किया गया और कांड संख्या 72/23 के अनुसंधान के लिए पुलिस उपाधीक्षक, विजय कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया जिसका नेतृत्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जरमुंडी आमोद नारायण सिंह कर रहे थे. मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने इस घटना को अंजाम देने वाले पांच किशोर अभियुक्तों को चिन्हित करते हुए पुलिस ने गहराई से पूछताछ किया जिसमें संलिप्त पाए जाने पर चार किशोर अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए उनकी निशानदेही पर घटना में चोरी की गई आईसीटी का सारा टूल्स जिसमें एक एक वेब कैमरा, सर्वर विथ मॉनिटर, सीपीयू, प्रिंटर, की बोर्ड, माउस, वेब कैमरा, यूपीएस, प्रिंटर, स्पीकर सेट और दस पीस सीपीयू विथ मॉनिटर सहित सारा सामान बरामद कर लिया गया. इस कार्रवाई में पुलिस की जो टीम में आमोद नारायण सिंह, डीएसपी जरमुंडी, सुशील कुमार, इंस्पेक्टर काठीकुंड प्रभाग, अरविंद कुमार राय थाना प्रभारी रामगढ़ सहित रामगढ़ थाना के कई सिपाही हवलदार शामिल थे.

## पेटरवार तेनुघाट रोड पर ट्रक में लगी आग

**बोकारो।** जिले के पेटरवार तेनुघाट रोड में एक सोलह चक्का ट्रक जल कर खाक हो गया. ट्रक ड्राइवर के अनुसार रात्रि में रांची से गिरिडीह जाने के क्रम में पेटरवार तेनु रोड में यह हादसा हो गया. हादसे में ट्रक का आगे का हिस्सा जल कर खाक हो गया. वहीं जलने के दौरान गाड़ी महुआ पेड़ से टक्करा गया. घटना में कोई हताहत नहीं हुई है, क्योंकि ट्रक खाली था. इसकी सुचना स्थानीय थाना को दी गई. थाना प्रभारी आशीष कुमार, सहायक प्रशांत कुमार घटना स्थल पर दल-बल के साथ पहुंचे. दमकल गाड़ी घटना स्थल पर पहुंच कर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक गाड़ी जल कर खाक हो गई थी, वहीं गाड़ी ड्राइवर ने बताया कि गाड़ी मालिक संतोष कुमार पाण्डेय को खबर दे दी गई है. गाड़ी मालिक बोकारो के रहने वाले हैं. लेकिन अभी तक थाने में किसी तरह क आवेदन घटना के बारे मे नहीं दिया गया है.

## इंदिरा गांधी की जयंती पर जमशेदपुर यूथ कांग्रेस ने लगाया कैंप, 100 यूनिट रक्त संग्रह



**जमशेदपुर।** देश की पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं पूर्व प्रधानमंत्री लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर देश भर में युवा कांग्रेस द्वारा रक्तदान कर मानव सेवा की गई. जमशेदपुर ब्लड सेंटर में भी इसको लेकर शिविर का आयोजन किया गया. इस शिविर में तकरीबन 100 यूनिट रक्त एकत्र किया गया. मौके पर युवा कांग्रेस के प्रदेश एवं जिला कमिटी के नेतागण मौजूद रहे. रक्तदान को लेकर रक्तदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला. युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव सत्यम सिंह ने कहा कि देश की दो महान शख्सियतों की जयंती एवं पुण्यतिथि के मौके पर आज युवा कांग्रेस मानव सेवा कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रही है.

## डीसी ने समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक की

# महिला पर्यवेक्षकों की टीम बनाकर आंगनबाड़ी के बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा दें : वरुण रंजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद डीसी वरुण रंजन की अध्यक्षता में आज मंगलवार को समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी. इस दौरान डीसी ने विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की. साथ ही उन्होंने पदाधिकारियों को कई निर्देश दिये. डीसी ने आंगनबाड़ी के बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा देने के लिए महिला पर्यवेक्षकों की टीम बनाने को कहा. साथ ही डीसी ने पोषण ट्रैक्टर एप की मदद से कुपोषित बच्चों के लिए अभियान चलाने का निर्देश दिया. बच्चों के स्वास्थ्य की निगरानी करने के लिए नियमित रूप से उनका हेल्थ चेकअप करने पर भी जोर दिया. डीसी ने कहा कि आंगनबाड़ी में आने वाले बच्चों को पढ़ना-लिखना आना चाहिए. इसी उद्देश्य से आंगनबाड़ी की शुरूआत की गयी है. जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने डीसी को बताया कि धनबाद सदर के लिए जिन सेविका एवं सहायिका का चयन हुआ है, इसका प्रस्ताव अभी तक सीडीपीओ ने नहीं भेजा है. इस पर डीसी ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को संबंधित सीडीपीओ को शो कॉज करने व वेतन रोकने का निर्देश दिया. बैठक में उपायुक्त ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की. बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेह कश्यप सहित विभिन्न प्रखंडों की सीडीपीओ मौजूद रहीं.

## शराब दुकान में 80 हजार की चोरी

**बोकारो।** जिले के चास मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तलगाड़िया मोड़ के पास नेशनल हाईवे स्थित सरकारी शराब दुकान में 80 हजार की चोरी का मामला सामने आया है. इस दौरान दुकान में रखा कैश चेस्ट भी गायब पाया गया. चोरी की घटना के बारे में अभी तक किसी तरह का सुराग नहीं मिल पाया है. उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक कृष्ण प्रजापति के अनुसार ने बताया कि दुकान के बाहर में एक सुरक्षा कर्मी भी तैनात रहता है, इसके बावजूद चोरी की घटना घटी है. उत्पाद विभाग की ओर से जिले के सभी सरकारी शराब दुकानों में कैश चेस्ट दिया गया है. जिसमें 30 अक्टूबर को बिक्री किया गया 80 हजार रखा हुआ था. जो गायब पाया गया है. दुकान में शराब की कोई बोतल गायब नहीं है. फिर भी इसका मिलान किया जा रहा है. रहस्यमय तरीके से की गई इस चोरी की घटना से उत्पाद विभाग के अधिकारी भी आश्चर्यचकित हैं.

## रेलवे फाटक के पास विधायक ने किया पार्क का शिलान्यास, स्थानीय लोगों में खुशी की लहर



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मकदमपुर रेलवे फाटक के पास विधायक मंगल कालिन्दी ने वीर शहिद खुदीराम बोस पार्क का शिलान्यास किया. पार्क का शिलान्यास होने से स्थानीय लोगों के चेहरे खिल उठे. कई वर्षों से क्षेत्र के लोग गंदगी के अंबार में जीने को मजबूर थे, स्थिति इतनी दयनीय थी कि उस क्षेत्र से लोगों का आना जाना मुश्किल था ऐसे में सेवा ही लक्ष्य संस्था द्वारा कई बार उक्त स्थल की साफ सफाई के लिए लड़ाई लड़ी गई. श्रमदान कर उस स्थान को साफ किया गया, स्थिति का जायजा जब क्षेत्र के विधायक मंगल कालिन्दी ने लिया तो उन्होंने जल्द ही पार्क बनाने का आश्वासन दिया. विधायक मंगल कालिंदी ने 15 लाख की लागत से मखदुमपुर रेलवे फाटक के निकट पार्क निर्माण का शिलान्यास कर क्षेत्र वासियों को एक सौगात दी.

## ली शपथ

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन, जागरूकता रैली तथा गीत, नाटक का भी मंचन

# जयंती पर सरदार वल्लभ भाई पटेल को किया याद, दी श्रद्धांजलि




**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के विभाग केंद्रीय संचार ब्यूरो, धनबाद के द्वारा आज जिले के गुजराती हिंदी उच्च/ मध्य विद्यालय में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस पर विशेष परिचर्चा सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्षा शारदा सिंह, झरिया प्रखंड की शिक्षा प्रसार पदाधिकारी लक्ष्मी वर्मा, विद्यालय समन्वय समिति के सदस्य गण रमेश भाई संघवी, विपुल ठक्कर, गुजराती हिंदी उच्च विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य राहुल चौबे, गुजराती मध्य विद्यालय के प्रभारी विवेक सिंह, एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। सभी अतिथियों ने सरदार वल्लभभाई पटेल के प्रतिमा पर हार, पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजली दी। अतिथियों का स्वागत केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी श्री ओंकार नाथ पाण्डेय ने अंग वस्त्र, पुष्प गुच्छ एवं मोमेंटो देकर किया।



इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्षा, धनबाद शारदा सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस पर यह जागरूकता कार्यक्रम सरदार पटेल के योगदान को याद करने का अनूठा प्रयास है, भारत के लौह पुरुष कहे जाने वाले सरदार पटेल ने भारत को एकीकृत करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। आप सभी छात्र छात्राओं से निवेदन है कि उनके आदर्शों पर चल कर देश के निर्माण में अपना योगदान दें। शिक्षा प्रसार पदाधिकारी लक्ष्मी वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि आजाद भारत को सशक्त बनाने में सरदार वल्लभभाई पटेल का हाथ है, हमें उनके कार्यों से हमेशा सीख लेनी चाहिए। केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम बच्चों में देश के प्रति एक नया जोश और उत्साह पैदा करेगा। रमेश भाई संघवी ने विद्यालय में इस तरह के आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि सीबीसी द्वारा छात्रों को सजग बनाने का यह बेहतरीन प्रयास है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उच्च विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ने कहा कि सरदार पटेल भारत के प्रथम गृह मंत्री थे जिनके प्रयासों से राज घरानों के कुनबो में बटा भारत एकीकृत हो सका। भारत को भविष्य के लिए एक सशक्त बुनियाद दिया था लौह पुरुष सरदार पटेल ने। गुजराती मध्य विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य विवेक सिंह ने कहा कि हमारा विद्यालय केंद्रीय संचार ब्यूरो का धन्यवाद ज्ञापन करता है जो यह आयोजन आपने हमारे परिसर में किया।

# याद किए गए सरदार पटेल और इंदिरा गांधी

## सरदार पटेल की दृढ़ता और इंदिरा की दूरदर्शिता भारतीयता की पहचान है : प्राचार्य



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल की 148वीं जन्म तिथि तथा प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर डीएवी पब्लिक स्कूल में दोनो महापुरुषों सहित उनके कार्यों को याद किया गया. कार्यक्रम की शुरूआत दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि के साथ हुई. इस अवसर पर विद्यालय में बच्चों के बीच सरदार पटेल के जीवन पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया. सृष्टि श्रेया, अभिदीप प्रसाद आदि सहित कई बच्चो ने दोनो महापुरुषों की जीवन पर अपने विचार रखे. उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने कहा कि आज का दिन सरदार वल्लभ भाई पटेल को ने 562 देशी रियासतों का भारत में विलय कराने का काम किया था. इनकी दृढ़ता के आगे दुश्मन सदैव नतमस्तक रहे. प्रथम महिला प्रधानमंत्री के बारे में प्राचार्य ने बताया कि आज ही की तिथि को देश की आयरन लेडी प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की गोलियों से छलनी कर हत्या की गई थी. पूरा देश आज उनकी पुण्यतिथि मना रहा है. अपनी कूटनीति के बल पर उन्होंने पाकिस्तान को दो टुकड़ों में बांटकर बांग्लादेश बनाने में महती भूमिका निभाई थी. ऐसे महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेते हुए अपने देश को प्रगति के पथ पर प्रशस्त करने का प्रण लेना चाहिए. महापुरुषों का जीवन हमारे लिए अनुकरणीय ही नहीं बल्कि सत्य का राह दिखाने वाली है. कार्यक्रम में मंच का संचालन राजेश सिन्हा ने किया. जिसे सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने महत्वपूर्ण जिम्मेवारी निभाई.

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर डिवाइन पब्लिक स्कूल में प्रतियोगिता आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड के गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल में देश के पहले गृहमंत्री और उप प्रधानमंत्री लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। विदित हो कि इस दिवस को भारत की आजादी के बाद 565 देशी रियासतों को भारतीय गणराज्य में शामिल कराने के उनके अतुलनीय उपलब्धि को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। कार्यक्रम में एकता व अखंडता की शपथ दिलाई गई। मौके पर विद्यालय निदेशक इंद्रदेव प्रसाद भारती, प्रधानाचार्य स्वाती औ शिक्षकों ने सरदार पटेल के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित की।प्रधानाचार्य ने बच्चों को इस दिवस के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यह दिन सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती दिवस पर मनाया जाता है। इसकी शुरूआत 2014 में एकता दिवस के रूप में की गई। इस अवसर पर दौड़, भाषण, पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय निदेशक ने कहा की राष्ट्रीय एकता दिवस देश को एकजुट करने के लिए पटेल और अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए संघर्षों और बलिदानों की याद दिलाता है। यह एकजुटता की पुष्टि करता है, ₹विविधता में एकता₹ की भावना को बढ़ावा देता है और राष्ट्रीय अखंडता बनाए रखने के महत्व पर जोर देता

## बरही : शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन



**बरही ।** प्रखंड कार्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में बीडीओ सी आर इंदवार, सीओ रामनारायण खलखो सहित सभी प्रखंड सह अंचल कर्मी मौजूद रहे. जिसमे सीओ खलखो ने सभी उपस्थित लोगो को देश की एकता और अखंडता अक्षुण्ण रखने के लिए शपथ दिलवाई. मौके पर बीडीओ सहित उपस्थित लोगो ने देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री बल्लभ भाई पटेल की जयंती तथा देश की आयरन लेडी प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर याद करते हुए उन्हें नमन करते हुए श्रद्धापूर्वक श्रद्धांजली दिया.कार्यक्रम में सी आई सतीश कुमार, प्रधान लिपिक, राजस्व कर्मचारी, पंचायत सचिव, कनीय अभियंता, कार्यालय सहायक, कंप्यूटर ऑपरेटर, आदेशपाल, चालक सहित सभी कर्मी मौजूद थे.

## गागर में सागर

### चिराग पासवान के जन्मदिन पर रामगढ़ जिलाध्यक्ष केवल पासवान ने दी बधाई



**रामगढ़।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के केंद्रीय अध्यक्ष सह जमुई सांसद चिराग पासवान के जन्मदिन पर 31 अक्टूबर को पार्टी के रामगढ़ जिलाध्यक्ष केवल पासवान ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। रामगढ़ जिलाध्यक्ष ने कहा की चिराग पासवान लोगों के दुख दर्द को समझते हैं और जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। इसलिए बिहार सहित देशभर के दलित, आदिवासी, शोषित, वंचित सहित सभी समाज के लोगों का समर्थन उन्हें मिल रहा है और लोजपा रामविलास की लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है। रामगढ़ जिलाध्यक्ष केवल पासवान ने कहा की बिहार में जिस तेजी से उनकी लोकप्रियता बढ़ रही है उससे साफ लग रहा है की आनेवाले समय में वे बिहार का नेतृत्व करेंगे।

### शार्ट सर्किट से घर में लगी आग, कैश समेत लाखों के सामान राख



**रामगढ़।** जिले के दुलमी प्रखंड के प्रियायू निवासी यूनुस अंसारी के घर में शार्ट सर्किट से आग लग गई. इस अगलगी में कमरे में रखे सारे सामान जलकर राख हो गए. पीड़ित ने बताया कि पलंग, सोफा, टीवी, पंखा, 25 से 30 हजार कैश समेत अन्य जरूरी कागजात सभी जलकर राख हो गए. पीड़ित ने बताया कि लगभग डेढ़ लाख का नुकसान हुआ. सूचना मिलने पर दुलमी प्रखंड 20सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश घटनास्थल पहुंचे और स्थित का जायजा लिया. साथ ही आपदा विभाग के तहत मुआवजा दिलाने का प्रयास करने की बात कही. मौके पर छोटन कुमार सिकन्दर नायक समेत अन्य उपस्थित थे.

### रजत पदक प्राप्त कर रॉकी ने विद्यालय सहित क्षेत्र को किया गौरवान्वित



**बरही ।** खेलगांव रांची में आयोजित खेलो झारखंड प्रतियोगिता में प्लस टू उच्च विद्यालय बरही के रॉकी कुमार ने रजत पदक प्राप्त कर राज्य स्तर पर विद्यालय सहित पूरे क्षेत्र का नाम रौशन किया है. जानकारी देते हुए शिक्षक संत राम ने बताया कि यह पदक उसे 600 मीटर दौड़ (अंडर 14) प्रतियोगिता में प्राप्त हुई है. इस सम्मान के लिए विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिवकुमार कुमार ने छात्र को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी है. उन्होंने कहा कि यह उनके विद्यालय के लिए गौरव की बात है. यह सम्मान से सिर्फ विद्यालय ही नही पूरे क्षेत्र का झारखंड में सम्मान बढ़ा है. इस उपलब्धि के लिए विद्यालय के शिक्षक संत राम, योगेंद्र कुमार सिंह इत्यादि सहित सभी शिक्षको विजेता छात्र को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दिया है. विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नरेश सिंह ने भी उक्त छात्र को बधाई देते हुए पूरे विद्यालय परिवार का अभिनंदन किया है.

### 6 से 18 नवंबर तक चलेगा वार्ड सदस्यों का प्रशिक्षण शिविर, तिथियां घोषित

**बरही ।** पंचायती राज व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और उसे भली भांति क्रियान्वित करवाने के उद्देश्य से पंचायत के सभी वार्ड सदस्यो का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है. यह प्रशिक्षण पंचायत वार अलग अलग तिथियों में आयोजित किए जायेगे. इस संबंध में बीडीओ ने आदेश निर्गत कर पत्र जारी किया है. जारी पत्र के अनुसार दिनांक 6 से 8 नवंबर तक प्रखंड सभागार में बेंदगी, रसोईया धमना, बरही पूर्वी और पश्चिमी पंचायत और नगर भवन में कोनरा, दुलमहा और कोल्हूआकला, दिनांक 9 से 11 नवंबर तक प्रखंड सभागार में करसो, केदारुत व रानीचूंआ तथा नगर भवन में खोड़ाहर, बसरिया उर्फ पंचमाधव और मलकोको पंचायत एवं दिनांक 16 से 18 नवंबर तक प्रखंड सभागार में गोरिया करमा, भंडारों व बिजैया तथा नगर भवन में बरसोत, करियातपुर और धनवार पंचायत के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए है. बीडीओ ने पत्र जारी कर सभी ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव को वार्ड सदस्य को सूचित करने एवं प्रशिक्षण में उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है.

## सरदार पटेल की जयंती पर माल्यार्पण कर डीसी ने अधिकारियों को दिलाई शपथ



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** भारत के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस के तहत मंगलवार को रामगढ़ उपायुक्त, चंदन कुमार की अध्यक्षता में कांके बार स्थित लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर रामगढ़ उपायुक्त, चंदन कुमार, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, अनुमंडल पदाधिकारी शीलवंत कुमार भट्ट सहित जिला स्तरीय वरीय अधिकारियों, अधिकारियों आदि ने कांके बार अवस्थित सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया. इस दौरान , रामगढ़, उपायुक्त चंदन कुमार ने सभी को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत की आजादी के समय देश लगभग 550 से ज्यादा रियासतों में बंटा हुआ था और जिस प्रकार से सरदार वल्लभभाई पटेल ने सभी रियासतों को देश में मिलाने के लिए कार्य किया इसी कारण उन्हें महात्मा गांधी के द्वारा लौह पुरुष की उपाधि दी गई थी. आज का दिन हम सभी के लिए एक प्रेरणा लेने का दिन है कि किसी भी कार्य के दौरान हम सबसे पहले अपने राष्ट्र को रखें एवं एकता के साथ देश के विकास में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें. सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने समाहरणालय सभाकक्ष में अधिकारियों एवं कर्मियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने, देशवासियों के बीच इस संदेश को फैलाने का भरसक प्रयत्न करने, देश की एकता की भावना से शपथ लेने जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल के दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका है तथा देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने की सत्यनिष्ठा से संकल्प करने की शपथ दिलाई.

## पैसेंजर ट्रेन ने ट्रैक्टर को मारी टक्कर, तीन की मौत, पांच घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** मंगलवार की अहले सुबह चरही थाना क्षेत्र के सड़बाहा गांव के दलदलिया रेलवे ट्रैक पास भीषण दुर्घटना हुई। यह दुर्घटना बड़काकाना - कोडरमा रुट के चरही और बेस के बीच दलदलिया 23 नंबर के पास हुई। घटना पैसेंजर ट्रेन के ट्रैक्टर में ठोकर से होने के कारण बताई गई है। हालांकि, रेलवे द्वारा पुष्टि नहीं की गई है। सड़बाहा गांव के आठ महिला -पुरुष दूधी मिट्टी लेने के लिए घर से पैदल जा रहे थे। इसी बीच पीछे से आ रहे ट्रैक्टर के ट्रॉली में सवार होकर जाने लगे। ट्रैक्टर चालक रेलवे ट्रैक को पार कर लिया था। दूसरी छोर पर एक जगह रेलवे का पटरी रखे होने के कारण ट्रैक्टर चालक निकलने की कोशिश कर रहा था कि पीछे से पैसेंजर ट्रेन के झटके से ट्रैक्टर दूर जा गिरा। इस कारण ट्रैक्टर में सवार एक महिला झुनियां देवी उम्र लगभग (55) वर्ष पति जगदेव महतो, रमेश गंझू उम्र करीब (30) वर्ष पिता बनवारी गंझु की

मृतकों का नाम



झुनियां देवी



रमेश गंझु



द्रौपदी देवी

मौके पर मौत हो गई। जबकि द्रौपदी देवी उम्र करीब (50) वर्ष पति परमेश्वर महतो की मृत्यु इलाज के क्रम में आरोग्यम अस्पताल हजारीबाग में हो गई। दुर्घटना होते ही ट्रैक्टर चालक सुरक्षित निकलकर भाग गया। ग्रामीणों द्वारा घटना की जानकारी चरही थाने की पुलिस को दी गई। सूचना पर पुलिस दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंची। इस बीच ग्रामीणों ने सभी घायलों को पुलिस की मदद लेकर इलाज के लिए एंबुलेंस की मदद से हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, आरोग्यम अस्पताल और रांची रोड के लिए भिजवाया।आरोग्यम अस्पताल में इलाजरत द्रौपदी देवी की मृत्यु हो गई। जबकि अन्य पांच घायलों में लालो देवी (40) वर्ष पति महेंद्र गंझु,सुबासो देवी पति स्व बिरेंद्र महतो, सावित्री देवी पति डालेश्वर महतो, करण महतो पिता चंदन महतो,संगीता देवी पति रमेश गंझु शामिल हैं। सभी एक ही गांव सड़बाहा के निवासी हैं। संगीता देवी मृतक रमेश गंझु की पत्नी है। दोनो पति पत्नी घर से साथ निकले थे पति की मृत्यु हो गई और संगीता देवी घायल हो गई हैं।

## कार्तिक उद्यापन को लेकर निकाली कलश यात्रा



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड अंतर्गत पंचायत बरकनगांगो निवासी बासुदेव यादव, तुलसी यादव, राजेन्द्र यादव की मां मसोमात चेतनी के द्वारा कार्तिक उद्यापन यज्ञ को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलशयात्रा का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने विधिवत फीता काटकर किया। कलश यात्रा में 101 कुंवारी कन्या और देवी स्वरूपा महिलाओं ने यज्ञ स्थल से कलश लेकर गांव का भ्रमण करते हुए बरकनगांगो स्थित महादेव स्थान से मंत्रोच्चार के साथ जल भरकर यज्ञ मंडप में कलश को स्थापित किया । मौके पर पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक कार्तिक उद्यापन करने से सभी पापों का नाश होता है। कलशयात्रा में मुखिया प्रतिनिधि सरयू प्रसाद, पूर्व पंसस रामेश्वर यादव, समाजसेवी रामविलाश यादव, अजय चौधरी, उमाशंकर यादव, मनोज यादव, सुजीत यादव, रामचंद्र सिंह, सीताराम यादव, रतन पसावान, दिलीप सिंह(फौजी), दुलारचंद यादव, प्रभु यादव, मुकेश यादव, रघु राम, उमेश राम, बिजय सिंह, विरेंद्र राणा, महादेव यादव समेत आदि ग्रामीण श्रद्धालु शामिल थे।

## बरकट्ठा: चार माह में सोलर आधारित जलापूर्ति योजना टांय-टांय फीस



**बरकट्ठा।** प्रखंड के शिलाड़ीह पंचायत अंतर्गत पासवान टोला में वर्ष 2022 में मुख्यमंत्री नल-जल योजना के तहत नवनिर्मित सोलर आधारित जलापूर्ति हेतु उपकरण लगाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि सोलर आधारित जलापूर्ति लगने के बाद चार पांच माह में ही खराब हो।बताया कि इसकी जानकारी कई बार मौखिक रूप से मुखिया को दी गई परंतु समस्या का समाधान नहीं हुआ। वहीं ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राजकुमार गिरी को दी तो उन्होंने तत्काल संज्ञान में लिया और उन्हें जल्द बनवाने का आश्वाशन दिया। वही जलमीनार खराब होने के कारण आसपास लोगों को पानी के लिए परेशानियां का सामना करना पड़ रहा है साथ ही सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का 4 माह में इस प्रकार धराशाई हो जाना काम की गुणवत्ता पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है।

## जागरूकता | झारखंड पेंशनर्स कल्याण समाज सह बुद्धिजीवी मंच ने पटेल को किया याद

# एकता और अखंडता का लिया शपथ, दी श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** प्रखंड परिसर स्थित झारखंड पेंशनर समाज कल्याण सह बुद्धिजीवी मंच की ओर से राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया. इस अवसर पर मंच की ओर से देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 148वीं जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई. मौके पर सभी सदस्यो को मंच के अध्यक्ष ईशो सिंह ने एकता और अखंडता की शपथ दिलाई. उपस्थित साथियों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि बल्लभ भाई पटेल दृढ़ इच्छा शक्ति रखने वाले महा मानव थे. जिन्होंने कभी आजादी के बाद कई छोटे बड़े रियासतों के विलयीकरण ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी. उन्होंने देश की एकता और अखंडता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी. उनकी जयंती को पूरा देश राष्ट्रीय एकता के रूप में मना रहा है. अंत में उन्होंने आयरन लेडी के रूप में जाने जानी वाली देश के प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 39वीं पुण्य तिथि पर उन्हें नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी. कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष श्री सिंह और संचालन सचिव महेंद्र दुबे ने किया. मौके पर रामचंद्र पांडेय, कामता सिंह, नकुल देव राणा, अनमोल राणा, जानकी ठाकुर, रामेश्वर यादव, कैलाशपति सिंह, घमन यादव, रामकृष्ण कुमार गुप्ता, प्रख्यात कुमार, रंजीत यादव, गुड़िया देवी, किरण देवी, बबिता कुमारी आदि सहित कई लोग मौजूद थे.

## किशोर-किशोरियों की शारीरिक बदलाव को लेकर साथिया शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** छह दिवसीय पियर एजुकेटर (साथिया) का प्रशिक्षण पंचायत भवन बरकनगागों में जिला परिषद सदस्या कुमकुम देवी एवं मुखिया बसंती देवी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मध्य विद्यालय बरकनगांगो के प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार सिंह एवं हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के इफ्तिखार आलम ,सहिया साथी बसंती देवी एवं सहिया दीदी उपस्थित हुए।वहीं कार्यक्रम में कुमकुम देवी ने उपस्थित सभी साथियों को जानकारी देते हुए कहा कि इस अवस्था में शारीरिक बदलाव होती है, इसमें घबराने की जरूरत नहीं है। इस प्रशिक्षण से आप सभी को कई फायदे होंगे। वहीं पोषण, प्रजनन एवं स्वास्थ्य के बारे में इफ्तिखार आलम,सहिया साथी बसंती देवी ने लोगों को जानकारी दी। उन्होंने नशाखोरी,मानसिक स्वास्थ्य, महिला पर हो रहे अत्याचार के बारे में जानकारी दिया। सहिया को यह निर्देश दिया गया कि 6 दिन में जो प्रशिक्षण आप लोगों को प्रशिक्षक के द्वारा दी जाएगी उसे पूर्ण रूप से ग्रहण कर अपने क्षेत्र में स्वास्थ्य संबंधी कार्य करेंगे। बीटीटी प्रकाश पंडित के द्वारा आरकेएसके उद्देश्यों के बारे में बताया गया। सी एच ओ इफ्तिखार आलम ने गैर संचारित रोग ,मानसिक स्वास्थ्य के बारे में किशोर किशोरियो को जानकारी दिया। प्रशिक्षण में 40 प्रतिभागी भाग लिए। मौके पर सहिया दीदी हेमंती देवी, सरिता देवी, संगीता देवी, उषा देवी समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# ‘लौह पुरुष सरदार पटेल आधुनिक भारत के शिल्पकार थे’

## डीसी ने पदाधिकारियों व कर्मियों को दिलाई राष्ट्रीय एकता, अखंडता व सुरक्षा की शपथ



**नवीन मेल संवाददाता**

कोडरमा : लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर समाहरणालय परिसर में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया. मौके पर डीसी मेघा भारद्वाज ने तमाम पदाधिकारियों, कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सुरक्षा की शपथ दिलाई. इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से राष्ट्र की एकता,अखंडता एवं सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने का संकल्प लिया. साथ ही देश की एकता एवं अखंडता के क्षेत्र में सरदार पटेल के योगदानों को स्मरण करते हुए सत्य एवं निष्ठा के साथ देश की आंतरिक सुरक्षा में अपना योगदान समर्पित करने की बात कही. साथ ही डीसी मेघा भारद्वाज, पुलिस कप्तान अनुदीप सिंह, वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीना सहित अन्य उपस्थित लोगों ने सरदार पटेल को याद कर उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया. साथ ही उनके बहुमूल्य योगदान को याद किया. उल्लेखनीय है कि देश के पहले उप-प्रधानमंत्री और पहले गृहमंत्री के रूप में सरदार पटेल (31 अक्टूबर, 1875 से 15 दिसंबर, 1950) ने आजादी के तुरंत बाद 600 से ज्यादा देशी रियासतों का जिस बुद्धिमत्ता और दृढ़ता से भारत में विलय कराया, वह अपने आप में बड़ी मिसाल है. बेहद चुनौतीपूर्ण माने जाने के कारण ही इस दुष्कर कार्य को अंजाम तक पहुंचाने की जिम्मेदारी उन्हें दी गई थी, जिसे उन्होंने वीपी मेनन के साथ मिलकर निभाया. इस बड़ी उपलब्धि के कारण उन्हें लौहपुरुष कहा गया. दृढ़ता के अलावा, नेतृत्व क्षमता, वाकपटुता, बुद्धि-चातुर्य, इच्छाशक्ति, कुशल व्यवस्थापक, विनम्रता, व्यवहारिकता आदि उनके ऐसे गुण रहे, जो आज भी हम सभी के लिए बड़ी सीख है.

## केरसई: जयंती पर याद किए गए इंदिरा गांधी-सरदार वल्लभ भाई पटेल



**केरसई।** मंगलवार को प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी की अगुवाई में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि और पूर्व उपप्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनायी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष जेफरेंन केरकेट्टा ने किया। प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारियों ने केरसई मुख्यालय स्थित इंदिरा चौक में इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर केरसई कांग्रेस के पदाधिकारियों ने कहा कि देश को आगे बढ़ाने में स्वः इंदिरा गांधी और सरदार वल्लभ भाई पटेल के अहम योगदानों को भुलाया नहीं जा सकता है। देशहित में इन महान व्यक्तित्व के धनियों ने अपने ओर से लिए जाने वाले साहसिक और कड़े फैसले के कारण ही उन्हें याद किया जाता है। उन्होंने कहा कि इन महानुभावों ने अपने कार्यकाल के दौरान देशहित में कई जनहित कार्यों को अंजाम दिया था। देशवासी इनके योगदानों को कभी भुला नहीं सकते हैं। मौके पर प्रखण्ड अध्यक्ष जेफरेंन केरकेट्टा,मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार, प्रखण्ड 20सूत्री अध्यक्ष जॉर्ज वाल्टर सोरेंग, विधायक प्रतिनिधि शशि प्रसाद व सुरेंद्र कुमार,मुखिया कोनजोबा मुंस खेस,महिला प्रखण्ड अध्यक्ष मधु लकड़ा, पंचायत अध्यक्ष अनूप लकड़ा, बसारत अंसारी, सुनील लकड़ा, अनिमा डुंगडुंग,सुनील डुंगडुंग,छोटू अंसारी आदि उपस्थित थे।

## डीसी सिमडेगा में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर दिलाई शपथ




**सिमडेगा।** जिला मुख्यालय में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर मंगलवार को राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया। उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने राष्ट्रीय एकता दिवस, शपथ ग्रहण समारोह की अध्यक्षता की। पुलिस अधीक्षक सिमडेगा सौरभ कुमार की उपस्थिति में जिले के सभी अधिकारियों ,पुलिस अधिकारियों एवम सभी कर्मियों ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ली। उपायुक्त ने राष्ट्रीय एकता दिवस को रेखांकित करते हुए कहा कि 31अक्टूबर, सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। सरदार वल्लभ भाई पटेल को 550 से अधिक रियासतों के एकीकरण के प्रयास के लिए भारत के लौह पुरुष के रूप में जाना जाता है। महान स्वतंत्रता सेनानी लौहपुरुष ने स्वतंत्रता के बाद भारत के पहले गृह मंत्री के रूप में आधुनिक भारत के निर्माण में अमूल्य योगदान दिया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी महेंद्र उरांव, समाज कल्याण पदाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद सिंह, जिला निर्वाचन पदाधिकारी मनीष कुमार आदि उपस्थित थे।

## गागर में सागर

### टोटो पलटा, छह लोग घायल

**सतगावां (कोडरमा)।** सतगावां थाना क्षेत्र के राजावर पंचायत में टोटो पलटने से छह व्यक्ति घायल हो गये. बताया जाता है कि टोटो गाड़ी बासोडीह बाजार से डेबोडीह की तरफ आ रहा था. उसी दौरान अचानक मोहनपुर पुल के पास अनियंत्रित हो गया, जिससे टोटो 20 फीट नीचे खेत में पलट गई. वहीं टोटो के ड्राइवर की पहचान प्रमोद रविदास, पिता रुको रविदास, योगीडीह निवासी के रूप में की गई है. घायलों की पहचान डेबोडीह निवासी, मोहम्मद संजूम, मो. मुख्तार, अस्मित खातून एवं तीन अन्य व्यक्ति के रूप में की गई है. वहीं घायल व्यक्ति मोहम्मद संजूम ने बताया कि टोटा ड्राइवर को हमलोग बार-बार बोल रहे थे, कि गाड़ी बढ़िया से चलाओ, लेकिन उसने गाड़ी बढ़िया से नहीं चलाया. जिससे मोहनपुर पुल के निकट टोटो अनियंत्रित हो गई और 20 फीट नीचे गहरी खेत में गिर गई. वहीं घायल व्यक्ति के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है. घायलों को ग्रामीणों के सहयोग से इलाज करवाने के लिए कोडरमा ले जाया गया.

### बीडीओ ने पदभार किया ग्रहण

**सतगावां (कोडरमा)।** सतगावां प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में ओम प्रकाश बड़ाईक ने पद्भार ग्रहण किया. बताया जाता है कि पूर्व बीडीओ को गोड्डा अनुमंडल पदाधिकारी बना दिया गया है. सतगावां बीडीओ ने बताया कि जो भी काम पहले से बीडीओ द्वारा चला आ रहा है, उसको आगे बढ़ाने का काम करेंगे. डेवलपमेंट एवं अनुशासन को देखते हुए काम को बढ़ाएंगे. सतगावां बीडीओ ने प्रखंड विकास सह अंचल सभागार, कॉन्फ्रेंस हॉल, बीडीओ आवास एवं अन्य जगहों का निरीक्षण किया. वहीं मौके पर प्रमुख ललिता देवी पंचायत सचिव बालेश्वर यादव, प्रसादी यादव, किशुन यादव, रामवतार चौधरी, ब्लॉक कर्मी विकास कुमार, दिवाकर कुमार, मुखिया प्रतिनिधि शंकर यादव, सुमेष पांडेय, सदानंद सिंह, सतीष सिंह, गणेश राय एवं अन्य लोग मौजूद थे.

### डीसी ने नशामुक्ति को लेकर जागरुकता अभियान चलाने का दिया निर्देश

**कोडरमा ।** समाहरणालय सभागार में डीसी मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में एनसीओआरडी अंतर्गत जिला स्तरीय बैठक की गई. उक्त बैठक के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों को इस अभियान के उद्देश्य से अवगत कराया गया. डीसी ने विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों के लिए नशा मुक्ति एवं पुनर्वास के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया. सरकारी एवं निजी विद्यालय स्तर पर गठित प्रहरी क्लब द्वारा विद्यार्थियों को नशा मुक्ति के लिए सतर्कता कार्यक्रम करने का निर्देश दिया. जिला में एच, एच-1 एंड एक्स श्रेणी के दवा बेचने वाले दुकानों व इनके यहां सीसीटीवी लगाने का निर्देश दिया. साथ ही डीसी ने नशामुक्ति को लेकर जागरुकता अभियान चलाने का निर्देश दिया, ताकि समाज के लोगों का नशे के सेवन से शरीर एवं परिवार पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव से अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जा सके. वहीं सभी सरकारी संस्थानों में कोपटा एक्ट से संबंधित बैनर व पोस्टर लगाने का निर्देश दिया गया.

## सैंडीह में आदिवासी जागरण मंच का मिलन समारोह आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** पाकरटाड़ प्रखंड के सिकरियाटाड़ पंचायत के सैंडीह में आदिवासी जागरण मंच का मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। विधायक के साथ जिप सदस्य जोसिमा खाखा, प्रमुख रजत लकड़ा भी उपस्थित थे। विधायक ने आदिवासी जागरण मंच को मजबूत बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आदिवासी जागरण मंच के सदस्?य आदिवासियों का चहुमुंखी विकास करने की दिशा में पहल करें। आज भी आदिवासी समाज पीछड़ेपन से जुझ रहा है। अंधविश्वास, गरीबी और बेरोजगारी समाज के विकास में रोड़ा बना है। आदिवासी समाज के बच्चों में उच्च शिक्षा की कमी है। अपने हक और अधिकार के प्रति जागरुकता का भी आभाव है। इसे मंच के सदस्य दूर करें। आदिवासी समाज के लोगों को उनके हक और अधिकार की जानकारी दें। मौके पर जिला उपाध्यक्ष अजीत लकड़ा,वरीय जिला उपाध्यक्ष जॉन्सन मिंज,सिमडेगा लोक सभा प्रभारी रोशन बरवा,विधायक प्रतिनिधि माइकल खड़िया, विधायक प्रतिनिधि सह आदिवासी जागरण मंच अध्यक्ष लुसियन मिंज,मुखिया जसिंता उरांव, मुखिया ज्योति प्रकाश कुल्लू,मुखिया बिनीता खाखा,मुखिया रेखा तिग्गा,उप मुखिया टागरेन्न मिंज, समीर किंडो,काशी लाल नायक,सलीम तिर्की,प्रतिमा कुजूर,नीला नाग,प्रेमा बड़ा,उर्मिला केरकेट्टा, पूनम लकड़ा, ज्योति, पंचायत अध्यक्ष सह आदिवासी जागरण मंच संरक्षक जकरियास मिंज, योतम केरकेट्टा, सलीम डुंगडुंग, जॉन डुंगडुंग, ईमानुवाल तिर्की, शशिभूषण तिर्की, रंजित सोरेंग, विकास बिलुंग, विक्टोर खेस, जेनेभिभा लकड़ा,शनि साइमन तिर्की, अटल मिंज, क्रिस्टोफर होरा, किशोर मिंज, रितेश मिंज, प्रदीप एक्का आदि शामिल थे।

### डीसी ने पेंशन अदालत का किया आयोजन

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में डीसी मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पेंशन अदालत का आयोजन किया गया.पेंशन अदालत की शुरूआत डीसी मेघा भारद्वाज, अपर समाहर्ता अनिल कुमार व पेंशनरों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया. इस अदालत में पेंशनरों से संबंधित समस्या पर विचार-विमर्श किया गया. डीसी ने पेंशनरों के पेंशन से संबंधित मामलों का यथाशीघ्र निस्तारण करने का निर्देश दिया और कहा कि ऐसी व्यस्था की जाये कि इन लोगों को विभाग का चक्कर न काटना पड़े. इसको ध्यान में रखते हुए यथाशीघ्र मामले का निस्तारण करें. बता दें कि ज्यादातर मामले शिक्षा विभाग से थे, जिसके लिए जिला शिक्षा अधीक्षक को पेंशन से संबंधित सभी लंबित मामलों को जल्द से जल्द निस्तारण करने को कहा गया.

## कांग्रेस ने सरदार पटेल और इंदिरा गांधी को किया याद, दी श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** जिला कांग्रेस कमिटी के जिला उपाध्यक्ष शिशिर मिंज की अध्यक्षता में भारत रत्न, लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती एवम साहस संकल्प ,समर्पण शक्तिशाली नेतृत्व और देशभक्ति की मिसाल भारत रत्न स्वर्गीय इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि रोहिल्ला हॉउस मित्तल गली में जिला कांग्रेस कमिटी कोटि कोटि नमन करते हुए उनके तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया।मौके पर कहा गया सरदार पटेल की उन बातों को आत्मसात करने का संकल्प जिला कांग्रेस कमिटी लेती है ,जो उन्होने देश के लिए कहा करते थे। जब जनता एक हो जाती है।तब उसके सामने क्रूर से क्रूर शासक भी नही टिक सकता है ।हमारा कर्तब्य ये है कि हमे निश्चय कर लेना चाहिए कि हमे हिंदुस्तान में भाई भाई की तरह रहना है ।कोई भी कौम हो हिन्दू मुस्लिम सिख हो या पारसी हो या ईसाई सब को यही समझना चाहिए कि ये देश हमारा है । देश की आजादी के संघर्ष में सभी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ,इस देश की अखंडता एवम एकता में पटेल जी की योगदान अविस्मरणीय रहा है ।आज देश की पहली महिला प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय इंदिरा गांधी जी पुण्यतिथि है जिनका सर्वोच्च बलिदान हर देशवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा इस कार्यक्रम में पीसीसी डेलीगेट प्रदीप केशरी , कौशल किशोर रोहिल्ला ,जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन ,सिमडेगा जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह ,आदिवासी जिला अध्यक्ष अनूप लकड़ा,सिमडेगा नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद , मो अरमान खान, डॉ इम्तियाज उपस्थित थे ।

## अंचल अधिकारी ने दी सामुदायिक संगठन सदस्यों को सरकारी योजनाओं की जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**जलडेगा।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में लीड्स संस्था द्वारा सामुदायिक संगठनों के सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मधुश्री मिश्रा, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रमुख जलडेगा जुसाफ लुगुन, जिला परिषद सदस्य रोजालिया शांता कंडुलना, विधायक प्रतिनिधि अर्जुन होरो उपस्थित थे। कार्यक्रम में लीड्स संस्था के प्रखंड परियोजना समन्वयक आलोक कुमार ने मुख्य अतिथि अंचल अधिकारी श्रीमती मधुश्री मिश्रा को पुष्प गुच्छ देकर जलडेगा अंचल के 23वें अंचल अधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण करने की बधाई दिया। इसके बाद उन्होंने लीड्स संस्था द्वारा जलडेगा प्रखंड के 25 लक्षित गांव में चलाए जा रहे गतिविधियों से अवगत कराया और। प्रखंड परियोजना समन्वयक ने बताया की लीड्स संस्था मुख्य रूप से शिक्षा, आजीविका, ग्राम सभा और उसके स्थाई समिति, विद्यालय प्रबंधन समिति, आंगनबाड़ी, माता समिति, किसान, महिला स्वयं सहायता समूह को प्रोन्नत करने के साथ साथ ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने का काम कर रही ही। नव पदस्थापित अंचल अधिकारी श्रीमती मधुश्री मिश्रा ने उपस्थित सभी लोगों से परिचय प्राप्त करने के बाद कहा कि आज भी जानकारी के अभाव में बहुत कम लोग सरकारी योजनाओं का लाभ उठा पाते हैं। ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा कई जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। इस दौरान अंचल अधिकारी ने सामुदायिक संगठन के सदस्यों को मुख्यमंत्री फसल राहत योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना, वन पट्टा, राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार और प्रमाण पत्र से संबंधित विस्तृत जानकारी दी।

### श्रम अधीक्षक ने दुकानों एवं ढाबों का किया निरीक्षण

**कोडरमा।** श्रम अधीक्षक कोडरमा अनिल रंजन ने श्रम विभाग से संबंधित कानूनों को लागू करवाने के लिए जिले के विभिन्न दुकानों एवं ढाबों का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने ओम साई फैमिली रेस्टोरेंट, देसी स्वीट्स, बब्लू फास्ट फूड, सुधा स्वीट्स एंड स्नेक्स समेत अन्य होटलों पर जाकर वहां कार्य कर रहे दैनिक वेतन भोगी कर्मियों से बात करके उनको मिलने वाले मानदेय और सुविधाओं की जानकारी ली. उन्होंने कहा कि किसी भी मजदूर के साथ अन्याय हो रहा है तो वे उन्हें इसकी सूचना दें. श्रम विभाग हर संभव उनकी सहायता करेगी. दुकानदार यह सुनिश्चित करें कि उनके कामगारों को न्यूनतम मजदूरी हरहाल में मिले. साथ ही उन्होंने बाल श्रमिकों का भी जायजा लिया. इस दौरान किसी भी दुकान में बाल मजदूर काम करते नहीं पाये गये.

## जल संरक्षण के प्रति लोगों को किया गया जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** झारखंड राज्य जलछाजन मिशन ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा जलछाजन कार्यशाला का आयोजन नगर भवन, सिमडेगा में किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त, सिमडेगा अजय कुमार सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।भूमि संरक्षण पदाधिकारी के द्वारा उपायुक्त सहित उपस्थित अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया। उपायुक्त ने कार्यक्रम मौजूद लोगों का संबोधित करते हुए मानव जीवन में जलछाजन एवं जल संरक्षण के महत्त्व को बताया। उन्होंने कहा कि भारत एक लोक कल्याणकारी देश है, इसका यह दायित्व होता है कि जो पिछड़ा समाज है, उसकी मूलभूत सुविधाओं को राज्य पूरा करें। देश आजादी के बाद जो मूलभूत समस्याएं थी,उसे केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा पूरा किया जा रहा है। देश में हरित क्रांति आने के बाद कई सारी समस्याओं को दूर किया गया। लेकिन जल की समस्या अभी भी हर जगह है इसलिए भारत और राज्य सरकार जल जीवन मिशन के माध्यम से टैप वाटर कनेक्शन के माध्यम से पानी उपलब्ध कराने हेतु कृतसंकल्पित है।उसी के तहत एक बहुत महत्वपूर्ण कार्यकलाप है, जल संरक्षण। जब हम जमीन में पानी के लिए बोरिंग कर उस से पानी निकालते हैं तो पानी का स्तर धीरे-धीरे नीचे चला जाता है। इसके निराकरण के लिए हमें ऐसी व्यवस्था करनी है, कि हमारी जो भूमि है उसमे भूमिगत जल की मात्रा बढ़ सके। भूगर्भिक जल की वृद्धि एवम संचयन लिए जलछाजन कार्यक्रम भारत और राज्य सरकार के द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किया जा रहा है।

## टूर्नामेंट | बिरसा मुंडा फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच

# विजेता टीम को एसपी ने दिये 51 हजार नगद




**नवीन मेल संवाददाता**

**कुरडेग।** माइकल किन्डो स्टेडियम में आयोजित चार दिवसीय बिरसा मुंडा फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच मंगलवार को सरगुजा इलेवन एवं टाइगर फुटबॉल क्लब कोरबा के बीच खेला गया।जिसमें कोरबा की टीम ने सरगुजा को 2--1 गोल से हराकर चैंपियन बना ।दोनो ही टीम ने शान्दार खेल का प्रदर्शन किया । खेल का शुभारंभ सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव, जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल,सीओ किरण डांग,थाना प्रभारी मनीष कुमार,पूर्व जिप सदस्य के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया।खेल शुरू होने से पहले अतिथियों द्वारा भगवान बिरसा मुण्डा के चित्र पर पुष्प अर्पण किया गया इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक नृत्य प्रस्तुत किया गया।वहीं मुख्य अतिथि पुलीस अधिक्षक सिमडेगा का स्वागत कलाकारों द्वारा नाच गान के साथ हाथ धुलाकर किया विजेता टीम को 151000 रुपए नगद व ट्रॉफी मुख्य अतिथि एसपी सौरभ कुमार के हाथों तथा उपविजेता टीम को 100000 नगद व ट्रॉफी सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव के हाथों दिया गया। वही प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन करने वाले टीम एवं खिलाड़ी को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया । इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में आयोजन समिति के संरक्षक सुशील श्रीवास्तव, श्रवण बड़ाईक, दीपक जयसवाल, दुर्योधन जयसवाल, उमेश जयसवाल, सुनील गुप्ता, जीशान खान, संजित जयसवाल, मकसूद आलम, अयुब अंसारी, सुहैल अख्तर, संतोष गुप्ता, अमर जयसवाल,बलबीर प्रसाद, सोनू ठाकुर , अरशान खान, समी खान , जिष्णु प्रसाद , सजान खान , तलहा अंसारी आदि का महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# कार्तिक पूर्णिमा पर धार्मिक मेला को लेकर रामरेखा धाम में बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** सिमडेगा के पवित्र तीर्थ स्थल ऐतिहासिक धार्मिक स्थल रामरेखा धाम में कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर लगने वाले विशाल मेला को लेकर सोमवार को रामरेखा धाम विकास समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता धाम के महंत अखंड दास जी महाराज की अध्यक्षता में हुआ। बैठक की शुरूआत ब्रह्मलीन रामरेखा बाबा प्रपन्नाचार्य महाराज के तस्वीर पर नमन पूजन करने के साथ शुरूआत हुई ।बैठक में पिछले वर्ष की संपुष्टि करते हुए आय व्यय लेखा-जोखा बैठक में उपस्थित लोगों के बीच प्रस्तुत की गई। बैठक में आगामी कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर श्री रामरेखा धाम में लगने वाले विशाल धार्मिक मेले के सफलतापूर्वक संचालन को लेकर चर्चा किया गया । इस मौके पर बैठक में विभिन्न ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए लोगों ने मेला से संबंधित विचार दिए। साथ ही सभी लोगों ने तन मन धन के साथ मेला में सहयोग करने की बात कही ।वहीं मेले में सुव्यवस्थित व्यवस्था के लिए सभी कार्यकताओं के बीच कार्यों का बंटवारा किया गया ।जिसमें साइकिल मोटरसाइकिल, बस पड़ाव से लेकर विद्युत पानी की व्यवस्था एवं दर्शनार्थियों के संचालन मंदिर परिसर हो या अन्य जगहों पर व्यवस्था के लिए सभी लोगों ने उत्साह पूर्वक सेवा देने की इच्छा जाहिर की एवं नाम लिखवाया ।बताया गया कि मेला 25 नवंबर से 28 नवंबर तक चलेगा। इसके लिए जोर-शोर से प्रचार प्रसार किया जाएगा ।साथ ही निर्णय लिया गया कि पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने हेतु मेले में लगने वाले होटल से कहा गया कि अगल-बगल जंगल की लकड़ी ना कटे। बल्कि गैस चूल्हे की व्यवस्था करें तथा जहां तक हो सके प्लास्टिक मुक्त रहे ।

## गागर में सागर

### एसडीओ ने कर्मियों संग की समीक्षा बैठक

**मेराल।** गढ़वा एसडीओ विजय कुमार ने मंगलवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में आयोजित बैठक में निर्वाचन संबंधी तैयारी से लेकर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की अद्यतन जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिया। विदित हो कि अनुमंडल पदाधिकारी विजय कुमार मेराल प्रखंड के वरीय प्रभारी भी हैं। गढ़वा में पदभार ग्रहण करने के बाद उनका मेराल प्रखंड का पहला दौरा था, जहां बीडीओ जागो महतो तथा अंचल अधिकारी यशवंत नायक ने पुष्प कुछ देकर उनका स्वागत किया। बैठक के दौरान निर्वाचन संबंधित तैयारी, मनरेगा, आवास योजना, जेएसएलपीएस आदि सभी योजनाओं की क्रमवार समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन संबंधित तैयारी पर विशेष फोकस किया तथा फॉर्म 6, लिंगानुपात, 1 जनवरी 24 को 18 वर्ष पूरा करने वालों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने संबंधित कार्यों की समीक्षा की। साथ ही मनरेगा, 15वें वित्त, जेएसएलपीएस से संबंधित कार्यक्रमों के बारे में पूछताछ की गई। एसडीओ ने रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, जन सेवक, जेएसएलपीएस प्रभारी शिक्षा विभाग के बीपीओ इत्यादि को और बेहतर तरीके से कार्य करने को कहा। प्रखंड में बैठक करने के बाद एसडीओ द्वारा संगबरिया पंचायत का दौरा कर मनरेगा, 15वें वित सहित सरकारी योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया गया। उन्होंने मनरेगा से निर्मित हुआ तथा आम बागवानी का निरीक्षण किया तथा लाभुकों से पूछताछ की। बैठक में बीपीओ फिरोज अंसारी एई देवनाथ प्रसाद गौतम जेई धर्मेंद्र कुमार मिश्रा, आनंद कृष्णा, कोऑर्डिनेटर रश्मि लकड़ा एवं अभिषेक, नाजीर सुनील, शिक्षा विभाग के बीपीओ पूनम, रिजवान अख्तर, बीपीएम पिंकी आदि उपस्थित थे।

### कार्यपालक पदाधिकारी ने नप की सभी दुकानों का किया निरीक्षण



**मझिआंव।** कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार ने मंगलवार को नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत की सभी दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यपालक पदाधिकारी ने ट्रेड लाइसेंस की जांच की। ट्रेड लाइसेंस नहीं पाये जाने पर शुल्क प्राप्त कर तत्काल ट्रेड लाइसेंस जारी किया गया। साथ ही कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार ने सभी दुकानदारों से आग्रह किया कि कार्यालय में स्वयं आकर अपना-अपना ट्रेड लाइसेंस प्राप्त कर सकते हैं और प्रशासन को सहयोग करें अन्यथा इस तरह का अभियान प्रत्येक सप्ताह में चलाया जाएगा। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता प्रभारी राकेश कुमार सिन्हा, नाजिर अमित कुमार पाठक, अनूप तिवारी, जीतेश कुमार, विकास सिंह एवं साथ में प्रशासन के पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

### बीपीओ ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड संसाधन केंद्र अधौरा में मंगलवार को बीआरपी- सीआरपी की बैठक प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी तहमीना परवीन की अध्यक्षता में हुई। इसमें बीपीओ ने विभागीय कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बीपीओ ने कहा कि आगामी 3 नवंबर को होने वाले स्टेट एजुकेशन अचीवमेंट सर्वे के तत्वाधान में प्रखंड के 22 विद्यालयों में वर्ग 3, 6 व 9 में अध्ययनरत विद्यार्थियों की परीक्षा आयोजित की जानी है। सभी प्रधानाध्यापक अपने यहां आयोजित परीक्षा की तैयारी कर लें। उन्होंने कहा कि हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम को प्रखंड के सभी विद्यालयों में लागू किया गया है। इसे अच्छे तरीके से संचालित करें। इस कार्यक्रम के तहत सप्ताह में मंगलवार और शनिवार को सभी बच्चों को स्वास्थ्य सबंधी जानकारी दी जानी है। वैसे विद्यालय जहां पर विद्यालय प्रबंधन समिति का कार्यकाल समाप्त हो गया होगा वैसे विद्यालयों की सूची दें, जिससे कि विद्यालयों में विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया जा सकें। उन्होंने खेद व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानाध्यापक को बार -बार निर्देश देने के बाबजूद बच्चों का खाता खुलवाने की प्रक्रिया में कोई अपेक्षित सुधार नहीं हो रहा है, इसलिए सभी प्रधानाध्यापक अपने नजदीकी डाकघर से संपर्क करते हुए शत प्रतिशत खाता खोलवाने की प्रक्रिया पूर्ण करें। बैठक में बीआरपी श्रीकांत चौबे, सीआरपी प्रशांत कुमार देव, संजय कुमार सिंह, अजय कुमार, शोभा पांडेय, सुबोध कुमार, शक्तिदास सिन्हा, बीरेंद्र प्रजापति, रिसोर्स शिक्षक शशिकांत पाल, बीआरपी प्रकाश कुमार सिंह तथा कंप्यूटर कोडिनेटर मुकेश कुमार उपस्थित थे।

### बाइक चोरी का अभियुक्त गिरफ्तार

**भवनाथपुर।** थाना पुलिस ने चार वर्षों से फरार बाइक चोरी के नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायालय में पेश किया। अभियुक्त अमित कुमार यादव केतार थाना के बांसडीह कलां का निवासी है। वह लंबे समय से फरार चल रहा था। गुप्त सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

---

### एक देसी लोडेड पिस्तौल, चार गोली भरी हुई एक मैगजीन, एक खोखा, दो मोबाइल फोन व एक बाइक बरामद

# हथियार के साथ गवाह को धमकाने पहुंचे 3 धरे

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

रंका पुलिस ने एक नाबालिग सहित तीन लोगों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में रंका थाना क्षेत्र के कंचनपुर गांव निवासी रामजी यादव का पुत्र राजेश यादव, चिनिया थाना क्षेत्र के पाल्हे गांव निवासी गोपाल यादव का पुत्र अप्रैल यादव शामिल हैं।

इसकी जानकारी मंगलवार को डीएसपी संतोष कुमार व एसडीपीओ अवध कुमार यादव ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि अन्हर गांव में एक बाइक से तीन संदिग्ध लोग हथियार के साथ घूम रहे हैं। सूचना मिलने के बाद एसडीपीओ संतोष कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित कर अनहर गांव भेजा गया, जहां पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल से एक देसी लोडेड पिस्तौल, चार गोली भरी हुई एक मैगजीन, एक खोखा, दो मोबाइल




फोन व एक बाइक के साथ तीनों युवक को पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान बताया गया कि राजेश यादव के विरुद्ध विजयनगर चौकी छत्तीसगढ़ में पूर्व से लूट कांड का मामला दर्ज है। उन्होंने बताया कि इसमें से कुछ सक्षिगण अनहर गांव के ही हैं। वहीं साक्षी को डराने धमकाने एवं गवाही देने से रोकने के लिए राजेश यादव अपने दो अन्य साथियों के साथ हथियार लेकर अन्हार गांव पहुंचे थे। पुलिस ने रंका थाना में आर्म्स एक्ट के तहत उक्त लोगों के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज कर ली है। इसके बाद सभी अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। छापामारी दल में रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार, रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा, पुलिस अवर निरीक्षक पिंकू कुमार, विवेक कुमार, हवलदार कन्हैया यादव, आरक्षी भारत कुमार, चालक आरक्षी हरे कृष्ण कुमार आदि पुलिस के जवान शामिल थे।

## एक हथियार सप्लायर सहित तीन गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

नगर उंटारी व खरौंधी थाना पुलिस ने एक हथियार सप्लायर सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से एक सात चक्रीय रिवाल्वर व दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं। उक्त मामले की जानकारी देते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केसरी ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि पुलिस अधीक्षक गढ़वा द्वारा सूचना मिली कि सोसल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर खरौंधी थाना के अरंगी गांव के कसियारवा टोला निवासी नीरज कुमार मेहता द्वारा अवैध आग्नेयास्त्र के साथ फोटो अपलोड किया गया है। इसके बाद मेरे नेतृत्व में एक टीम गठित कर नीरज मेहता से पूछताछ की गई। उसकी



निशानदेही पर थाना क्षेत्र के आरंगी गांव के गटीयरवा टोला निवासी रीति रौशन उर्फ उपेंद्र मेहता के पास से सात चक्रीय रिवाल्वर व दो मोबाइल फोन जब्त किये गये। दोनों अभियुक्तों ने बताया कि सात चक्रीय रिवाल्वर बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के चचेरिया गांव निवासी खलील खां से खरीदा था। गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों के साथ हथियार सप्लायर खलील खान को भी गिरफ्तार किया गया। मौके पर भवनाथपुर के पुलिस निरीक्षक कृष्ण कुमार, खरौंधी थाना प्रभारी पंकज सिंदुरिया, बंशीधर नगर थाना के पुलिस अवर निरीक्षक जितेंद्र भगत सहित पुलिस बल के जवान मौजूद थे। खरौंधी थाना क्षेत्र के अरांगी गांव के गटियारवा टोला निवासी रीति रौशन उर्फ उपेंद्र मेहता पर खरौंधी थाना में वर्ष 2017 में आर्म्स एक्ट के मामला दर्ज है। वहीं बंशीधर नगर के चचेरिया निवासी खलील खान पर बंशीधर नगर थाना में आर्म्स एक्ट का केस दर्ज है।

## अध्ययन के लिए उपलब्ध होगी बेहतर लाइब्रेरी: मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा में अध्ययन के लिए बेहतर पुस्तकालय उपलब्ध होगा। 73 लाख, 45 हजार, 486 रुपये की लागत से श्री कृष्ण अनुमंडलीय पुस्तकालय भवन का निर्माण किया जाएगा। इसकी निविदा प्रकाशित की जा चुकी है। इसकी जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि श्री कृष्ण अनुमंडलीय पुस्तकालय गढ़वा का बेहतर भवन का निर्माण किया जाएगा। यह पुस्तकालय भवन सभी सुविधाओं से युक्त होगा। लोगों को यहां अध्ययन करने में काफी सहूलियत होगी। पुस्तकालय में प्रतियोगी परीक्षाओं सहित अन्य सभी प्रकार की ज्ञानवर्धक पुस्तकें आदि भी उपलब्ध होंगी। अन्य लोगों सहित विद्यार्थी गण इस पुस्तकालय से काफी लाभ प्राप्त कर सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवकों को भी काफी सुविधा होगी।

मंत्री ने कहा कि गढ़वा में लगभाग सभी सुविधाएं उपलब्ध हो

**मिथिलेश ठाकुर बोले, साढ़े 73 लाख की लागत से बनेगा श्री कृष्ण अनुमंडलीय पुस्तकालय भवन**

गई हैं। यहां एक बेहतर पुस्तकालय की आवश्यकता थी। यह भी अब पूरा हो गया। यथाशीघ्र इसका निर्माण कार्य पूर्ण कर गढ़वा वासियों को समर्पित किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि काफी कम समय में गढ़वा में हर क्षेत्र में काफी बेहतर विकास हुआ है। सड़क, बिजली, पानी, चिकित्सा आदि सहित शिक्षा के क्षेत्र में भी काफी बदलाव आया है। उनका उद्देश्य है कि विद्यार्थियों एवं युवाओं को गढ़वा में ही शिक्षा की भी बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सके। इसके लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। मंत्री ने बताया कि इसकी निविदा प्रकाशित कर दी गई है। निविदा की प्रक्रिया पूर्ण होते ही निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। मंत्री ने बताया कि यथाशीघ्र गढ़वावासियों को बेहतर, सुसज्जित व सर्व सुविधा संपन्न पुस्तकालय का तोहफा मिलेगा।

## जयंती पर याद किए गए लौह पुरुष सरदार पटेल

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

स्थानीय जीएन कॉन्वेंट स्कूल में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत विद्यालय के निदेशक तथा उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने संयुक्त रूप से किया।

अपने संबोधन में निदेशक ने कहा कि सरदार पटेल ने महात्मा गांधी से प्रेरित होकर स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया था। पटले ने इस लड़ाई में पहला योगदान खेड़ा संघर्ष में दिया। खेड़ा क्षेत्र सूखे की चपेट में था और वहां के किसानों ने अंग्रेज सरकार से कर में छूट देने की मांग की। अंत में सरकार को झुकना पड़ा और किसानों को कर में राहत दे दी गई। सरदार पटेल को बारडोली कस्बे में सशक्त सत्याग्रह करने के लिए उन्हें पहले बारडोली का सरदार कहा गया। बाद में सरदार उनके नाम के साथ जुड़ गया। आजादी के पश्चात इन्हें प्रथम, उप प्रधान मंत्री और गृह मंत्री का पद सौंपा गया। उस कठिन दौर में सरदार पटेल ने भारत के एकीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इतिहासकार इन्हें भारत का विस्मार्क भी कहते हैं। चूंकि भारत के एकीकरण में सरदार पटेल का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण था, इसलिए उन्हें भारत का लौह पुरुष कहा गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक उदय प्रकाश, खुर्शीद आलम, संजीव कुमार, मुकेशभारती, अजय कुमार, नीरा शर्मा, रिजवाना शाहिन, सुषमा तिवारी, निलम कुमारी, सुनिता कुमारी, संतोष प्रसाद आदि की भूमिका सराहनीय रही।

### कुर्मी महासभा ने मनाई सरदार पटेल की 148वीं जयंती

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

प्रखंड के चौरिया चौराहे पर स्थापित सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी 148 वीं जयंती मनाई गई। इसमें मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि परमेश्वरी अस्पताल गढ़वा के सर्जन डॉ. निशांत कुमार सिंह, प्रमुख धर्मराज पासवान तथा कुर्मी महासभा के जिला महासचिव गोरखनाथ चौधरी, उपप्रमुख देवदत प्रसाद आर्य उपस्थित रहे। तत्पश्चात कार्यक्रम में उपप्रमुख गोरखनाथ चौधरी तथा पत्नी सह समाजसेवी सविता देवी ने गांव के सैकड़ों, स्वास्थ्य सहिया, जलसहिया, जेएसलपीएस के दीदियों, असहाय, विधवा, गरीब, मजदूर तथा दिव्यांग लोगों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इसके बाद आयोजक समिति ने सभी अतिथियों तथा समाजसेवी को शाल ओढ़ाकर व माला पहनाकर सम्मानित किया। जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान ने कहा कि सरदार



पटेल ने महात्मा गांधी के साथ देश की आजादी के आंदोलन में अहम भूमिका निभाई। पूरे झारखंड में एकमात्र चौरिया में सरदार पटेल की प्रतिमा स्थापित की गई है। उपप्रमुख गोरखनाथ चौधरी ने कहा चौरिया में 6 वर्षों से समाज के लोगों के सहयोग से पटेल की जयंती धूमधाम से मनाई जाती है। वहीं गढ़वा से आये मुख्य अतिथि डॉ निशांत कुमार सिंह ने कार्यक्रम की काफी सराहना की। वहीं उपप्रमुख देवदत प्रसाद आर्य ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार पटेल ने सभी लोगों को एक सूत्र में लेकर चलने का काम किया था। मंच का संचालन गोरखनाथ चौधरी ने किया। इस दौरान समाजसेवी सविता देवी, विधायक प्रतिनिधि विनोद चौधरी, डॉ.मदन पटेल, अनूप चौधरी, अंतु चौधरी, अवधेश चौधरी, शिवकुमार चौधरी, विमलेश चौधरी, विजय चौधरी, किशोर चौधरी, अर्जुन चौधरी, संतोष कुमार मेहता, चंदेश पटेल, दुधेश्वर यादव, मंजू देवी, रीता देवी, पूनम देवी, संगीता देवी, सीमा देवी, नीलम देवी, शिवकुमारी देवी, अजय पटेल, मनु चौधरी आदि उपस्थित थे।

## भाजयुमो ने जलाया हेमंत सरकार का पुतला

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने रंका मोड़ पर जेएसएससी की ओर से आयोजित नगर पालिका सेवा संवर्ग नियुक्ति परीक्षा में धांधली मामले में हेमंत सरकार का पुतला जलाया। इससे पहले पुतले की शव यात्रा निकाली गई। मौके पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि हेमंत सरकार झारखंड में खुलेआम भ्रष्टाचार हो रहा है। युवाओं के अधिकारों को पैरों तले रौंदा जा रहा है। वहीं हेमंत सरकार सबकुछ सामने से देख रही है। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार में युवा रोजगार के लिए तड़प रहे हैं। युवाओं का भविष्य चौपट हो चुका है। चार साल से एक भी बहाली नहीं हुई है। अगर कुछ परीक्षा हो रही है तो उसे भी दलालों के हाथों बेच दिया जा रहा है। आखिर झामुमो सरकार में गरीब छात्रों को नौकरी कैसे मिलेगी। हर साल पांच लाख युवाओं को रोजगार देने का वादा था लेकिन सरकार बनने के बाद हेमंत सरकार ने झारखंड को लूटने



का काम किया है। जनता आनेवाले दिनों में यही युवा हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि अगर परीक्षा को रद्द नहीं किया गया तो भाजयुमो कार्यकर्ता हेमंत सरकार का ईंट से ईंट बजाने का काम करेंगे।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रघुराज पांडेय, भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र दुबे, मिडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अरुण तिवारी, महामंत्री विकास तिवारी, मिडिया प्रभारी नवीन जायसवाल, कैलाश कश्यप सुप्रीत केशरी, अनवर साह अरविंद धर दुबे, मुरली श्याम तिवारी, बृजेंद्र पाठक, ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री रविंद्र जायसवाल, दीपक तिवारी, दीपक चौधरी, राम उनय तिवारी, खुर्शीद आलम, विकास तिवारी, राजेंद्र गुप्ता, प्रिंस तिवारी, यशवंत मिश्रा, कृपाल सिंह, मिथलेश तिवारी, राजेश्वर बैठा, धनंजय विश्वकर्मा, मुंजकेश तिवारी, ओमप्रकाश पासवान, बृजेश धर दुबे, राजकुमार आदि मौजूद थे।

### नीलांबर-पीतांबर विकास सोसाइटी के संगठन का विस्तार

**बरवाडीह।** झारखंड राज्य की स्वयंसेवी संस्था नीलांबर- पीतांबर विकास सोसाइटी की बैठक मंगलवार को बेतला में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उमेश उरांव ने शिरकत की। बैठक की अध्यक्षता सोसाइटी के अध्यक्ष शशि भूषण तिवारी ने की।

बैठक में संगठन का पुनर्गठन किया गया, जिसमें सरयू जिला परिषद सदस्य बुद्धेश्वर उरांव को सचिव, प्रदीप कुमार सिन्हा को कोषाध्यक्ष और दीपक राज को मीडिया प्रभारी बनाया गया। उरांव ने कहा कि सोसाइटी के माध्यम से सरकारी तंत्रों के साथ समन्वय स्थापित कर वंचितों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अभियान चलाया जाएगा। बैठक में विक्टर केरकेट्टा, विनय कांत पांडेय, अंसारी, मीना सिंह, सनरति होरो, एजुब कुजूर, नीरज बाखला आदि उपस्थित थे।

## गुरुड़ गांव में सेवानिवृत्त शिक्षिका को दी गई विदाई

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

केतार प्रखंड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय गुरुड़ में मंगलवार को विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित कर



सेवानिवृत शिक्षिका शकुंतला कुमारी को भावभीनी विदाई दी गई। विद्यालय के छात्र, शिक्षक और अभिभावकों ने शकुंतला कुमारी को फूल माला पहनकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर समाजसेवी पंकज सिंह ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत नहीं होते हैं। शिक्षक आजीवन समाज में शिक्षा का ज्योत जलाते रहते हैं। वहीं ग्रामीणों और अभिभावकों ने कहा कि शिक्षिका शकुंतला कुमारी अनुशासन में रहकर बच्चों को अनुशासन का पाठ पढ़ाती थीं। वो हमेशा समय पर विद्यालय आती थीं। प्रखंड के हुरका गांव की शकुंतला कुमारी 1991 में इस विद्यालय में पदस्थापित हुई थी और 32 वर्ष सेवा देने के उपरांत 31 अक्टूबर 2023 को सेवानिवृत हुई। वहीं शकुंतला ने कहा कि गांव के लोगों ने जो स्नेह दिया है उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्रवेश कुमार, अरबिंद मेहता, संतोष ठाकुर, दीनानाथ मेहता, रमेश कुमार, राजेश सिंह, दिनेश कुमार आदि मौजूद थे।

---

**प्रेस वार्ता** — यज्ञ कमेटी ने सफल आयोजन के लिए जताया सभी का आभार

# चतुर्मास महायज्ञ में शामिल हुए 50 लाख श्रद्धालु

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में जीयर स्वामी महाराज के सानिध्य में आयोजित किए गए चतुर्मास महायज्ञ की सफलता को लेकर यज्ञ कमेटी ने आभार व्यक्त किया है।

अनिकेत पैलेस में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान यज्ञ कमिटी के लेखा पदाधिकारी धीरेंद्र चौबे ने कहा कि इस महाकुंभ को सफल बनाने के लिए राज्य सरकार, जिला प्रशासन, जिला पुलिस, बिजली विभाग चिकित्सा विभाग, पीएचइडी, नगर पंचायत, व्यवसायियों, पत्रकारों के साथ साथ दूर-दराज से महायज्ञ में शामिल होने वाले सभी लोगो के प्रति यज्ञ समिति आभार व्यक्त करती है। साथ ही सभी राजनीतिक दल के लोगों, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने भी यज्ञ में बढ़-चढ़कर अपना तन-मन-धन से सहयोग किया है, उसके लिए भी यज्ञ समिति आभार व्यक्त करती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का इस यज्ञ को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा है। सरकार से जो भी अपेक्षाएं



थी, सभी पूरा हुआ। जिला प्रशासन का भी शुरू से ही भरपूर सहयोग मिला। पुलिस के जवान दिन-रात 24 घंटे डटे रहे, कड़ी मेहनत से यज्ञ में शामिल 50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं को सहयोग के साथ बेहतर सुरक्षा देने का काम किया। बिजली विभाग का योगदान काफी सराहनीय रहा। निर्बाध बिजली आपूर्ति की गई। पीएचइडी द्वारा शौचालय और जलापूर्ति की व्यवस्था ठीक से की गई। नगर पंचायत की ओर से स्वछता के साथ पर्याप्त रोशनी देने के लिए कर्मी 4 माह हर संभव सहायता करते रहे। सबका भरपूर सहयोग मिला। चैंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से शोभा यात्रा के दौरान कई व्यवस्था की गई थी। व्यवसायियों ने अतिथि सत्कार में कोई कमी नही रखी। विधायक, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर यज्ञ की सफलता में योगदान दिया है। स्वास्थ्य विभाग ने निरंतर मेडिकल कैम्प का संचालन कर अपने कर्तव्यों का निर्वहन बखूबी किया।

उन्होंने कहा कि झारखंड के समस्त लोगों का प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप सेसहयोग मिलता रहा। हरेक व्यक्ति ने महायज्ञ को बड़ा स्वरूप प्रदान करने में योगदान दिया है, जिससे जो बन पड़ा, उसमें सहयोग किया है। सकारात्मक पक्ष को जनता के बीच लाने में पत्रकारों का भी योगदान रहा है। इस यज्ञ में आयोजित जलयात्रा के दौरान 2 लाख लोगों ने शामिल होकर यज्ञ को भव्यता प्रदान की। पूरे आयोजन में 50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस यज्ञ में धर्म सम्मेलन में विभिन्न धमार्चार्य ने हिस्सा लिया। सनातन संस्कृति के बारे में अपना पक्ष रखा। इस यज्ञ को लेकर पूरे शहर के साथ पूरे झारखंड में चर्चा हो रही है। स्वतःस्फूर्त आयी लाखो की भीड़ काफी अनुशासित थी। कोई अप्रिय घटना नहीं घटी। यह अपने आप मे इतिहास है। प्रेस वार्ता मेंयज्ञ समिति के उपाध्यक्ष अमित शुक्ला, गुडू चौबे, धर्मेंद्र चौबे, उपेंद्र कुमार, विक्रांत उर्फ सोनू सिंह, राधेरमण चौबे उपस्थित थे।

## स्कूली क्रिकेट लीग : एसएससीसी ने दी आरसीसी को चार विकेट से मात

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

लातेहार जिला क्रिकेट संघ की ओर से आयोजित स्कूली क्रिकेट लीग में मंगलवार को दूसरा मैच शेरशाह स्ट्राइकर बनाम रातु क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। आरसीसी टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में सभी विकेट खोकर मात्र 84 रन पर ही सिमट गई, जिसमें अमित कुमार ने 25 रन और प्रणव चौधरी ने 15 रन का योगदान दिया। एसएससीसी की ओर से मृदुल रैतानी ने 4, अमित मुंडा ने 3 विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसएससीसी ने 6 विकेट खोकर मैच को जीत लिया। सोनू प्रसाद नाबाद ने 22, शुभम तथा सुमित ने 13-13 रन का योगदान दिया। आरसीसी की ओर से राम प्रजापति ने 3 तथा विकास कुमार ने दो विकेट



चटकाए। अंपायर श्रवण महली तथा कुमार शानू थे, जबकि स्कोरिंग धीरेंद्र सुरवार ने की। मैच पर्यवेक्षक श्रवण महलि थे। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार एसएससीसी के अमित मुंडा को शिक्षाकर्मी सुबोध कुमार द्वारा दिया गया। मौके पर संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह, लाल आशीष नाथ सहदेव, समरेश बादल आदि उपस्थित थे।

# मौसम का मिजाज

*झारखंड* में मौसम का मिजाज बदलने लगा है। नवंबर महीने की शुरूआत हो गयी। यही कारण है कि मौसत में तेजी से बदलाव देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अगले कुछ दिनों में ठंड में और बढ़ोतरी की संभावना है। जबकि आने वाले चार-पांच दिनों में आसमान साफ और मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। वहीं सुबह में कुछ स्थानों पर धुंध देखने को मिलेगा। ऐसे में गर्म कपड़े और रजाई बक्से से बाहर निकलने शुरू हो गये हैं। घर के आंगन या छतों पर गर्म कपड़े सूखने के लिए डाला जा रहा है। राज्य के कई इलाकों का न्यूनतम तापमान 15 डिगी सेल्सियस से नीचे आ गया है। वहीं उत्तर से आ रही सर्द हवाओं के कारण सुबह और शाम में ठंड का एहसास होने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अगले पांच दिनों तक मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। जबकि कुछ स्थानों पर सुबह में धुंध और कोहरा का भी असर देखने को मिल सकता है। साथ ही दीपावली और छठ की दस्तक देने के बाद आम आदमी के जीवन व दैनिक दिनचर्या में फेरबदल होने से काम करने के तरीके में भी बदलाव आया है। ऐसे में हर व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखना जरूरी है। ऐसे मौसम में बीमारी का खतरा बनी रहती है। सर्दी व खांसी का होना आम बात है। सुबह वॉक पर जाने वाले लोगों को सावधानी की जरूरत है। चिकित्सकों की मानें तो लोग कान और पैर को कपड़े से अच्छे तरीके से ढंक कर रखें। कारण ठंड हवा के शरीर में प्रवेश करने की वजह से तबीयत खराब होने का खतरा रहता है। बहरहाल मौसम का आना और जाना प्रकृति का नियम है। इसका स्वागत किया जाना चाहिए। लेकिन हर मौसम का अपना एक अलग अंदाज होता है। उस अंदाज को आत्मसात करने की जरूरत है। कारण मौसम का आकाश बदलते समय के अनुसार रंग चेंज करता रहता है। बस ख्याल रखना चाहिए कि आकाश के आकार और कलर को समझा जाये। ऐसा नहीं समझने पर वह परेशानी का सबब भी बन सकती है। इस बात को ध्यान में रखते हुए इसका आनंद लेने की जरूरत है। जाड़ा,गर्मी और बरसात यह बतलाने के लिए आते हैं कि जीवन में सब कुछ स्थायी नहीं होता है। परिवर्तन जीवन का नियम है। ये मौसम यह बतलाते हैं कि गर्मी किसी की नहीं रहती है। यह प्रकृति का दिया अनुपम उपहार है। जिसे स्वीकार करने की जरूरत है। ऐसे में सर्दी का आनंद लेने के लिए हम सब तैयार हो जायें। यह देखा गया है कि मौसम के बदलते वक्त जहां हमारी दिनचर्या पर असर पड़ता है,वहीं शरीर को उसके अनुसार बनने में समय लगता है। इसी अवधि में सावधानी की जरूरत है। ऐसा नहीं करने पर परेशानी सामने दस्तक देने लगती हैं। कारण हमारी जिन्दगी की पतवार प्रकृति के हाथों में है। उसकी अवहेलना करने से जिन्दगी के आंगन में परेशानियां डेरा जमा लेती हैं।

**मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अगले कुछ दिनों में ठंड में और बढ़ोतरी की संभावना है। जबकि आने वाले चार-पांच दिनों में आसमान साफ और मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। वहीं सुबह में कुछ स्थानों पर धुंध देखने को मिलेगा। ऐसे में गर्म कपड़े और रजाई बक्से से बाहर निकलने शुरू हो गये हैं।**

# अमृतकाल व अखंड भारत का प्रतिबिंब





जी. किशन रेड्डी

*लाल* किले की प्राचीर से 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था- 'यह देश प्राचीन सांस्कृतिक विरासत की ऐसी आधारशिला पर बना है, जहां वैदिक काल में हमें केवल एक ही मंत्र बताया जाता था, जिसे हमने सीखा है, जिसे हमने याद किया है-**'संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम।'** अर्थात हम साथ चलते हैं, हम साथ आगे बढ़ते हैं, हम साथ मिलकर सोचते हैं, हम मिलकर संकल्प लेते हैं और हम साथ मिलकर इस देश को आगे ले जाते हैं। प्रधानमंत्री ने तब एक ऐसे भारत के लिए अपना दृष्टिकोण अर्थपूर्ण तरीके से सामने रखा जिसमें प्रत्येक भारतीय का साझा लक्ष्य था। उन्होंने ऐसे भविष्य का संकेत दिया था, जहां जनभागीदारी सबसे मजबूत हथियार के रूप में और विश्व गुरु के रूप में सत्ता के शिखर पर उभरेगी। इसके बाद प्रधानमंत्री ने कैलेंडर पर एक महत्वपूर्ण तिथि अंकित की 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में 31 अक्टूबर। यह भारत के लौह पुरुष और देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की विरासत के प्रति एक श्रद्धांजलि है। इसका मतलब सिर्फ एक तारीख से कहीं अधिक है। इसने सरदार पटेल परिकल्पित एकता और अखंडता के सार को फिर जागृत करने की पवित्र प्रतिबद्धता को मूर्त रूप दिया। यह उनके दिखाए रास्ते पर चलने का एक वादा था तथा एकजुटता और सामूहिक प्रयासों के शाश्वत मूल्यों पर आगे बढ़ने की प्रतिज्ञा थी। एक दशक बाद आज हमने फिर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया। इसी के साथ भारत ने एकता के स्थायी सिद्धांत और सहयोग की मजबूत ताकत से आलोकित पथ पर की गई उल्लेखनीय यात्रा को पुर्नजीवित किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोक-केंद्रित शासन के लोकाचार के तहत, भारत विश्व का एक अग्रणी देश बन गया है। आज का भारत 2023 में 3.75 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ, 2004-2014 के 'खोये हुए दशक' से उबरते हुए तेजी से चमक रहा है। यह जानना दिलचस्प है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में, वार्षिक वित्तीय बजट मात्र एक वित्तीय रूपरेखा से परिवर्तित होकर एक गतिशील नीति दस्तावेज बन चुका है। यह लोगों की आकांक्षाओं पर आधारित है। हमारी उल्लेखनीय वृद्धि ने राष्ट्रीय गौरव, नवीनीकृत गरिमा और साझा स्वामित्व की भावना को जागृत किया है। लोगों ने सरकार पर भरोसा जताते हुए व्यापक विकास को गति दी है। 'स्वच्छ भारत अभियान' के तहत लगभग 12 करोड़ शौचालय बनाये गये हैं तथा खुले में शौच की प्रथा की समाप्त हुई है। 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत लड़कियों के अधिकारों को प्रोत्साहन दिया गया है। और 'गिव इट अप' अभियान के अंतर्गत एक करोड़ से अधिक परिवारों ने कम विशेषाधिकार प्राप्त लोगों का समर्थन करने के लिए स्वेच्छा से एलपीजी सब्सिडी छोड़ दी है। यह 'जनभागीदारी' और 'राष्ट्रीय एकता' के कुछ शानदार उदाहरण हैं। 'मेक इन इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' ने हमारी भारतीयता को पुर्नजीवित किया है। इससे एक राष्ट्रव्यापी लोकप्रिय भागीदारी-केन्द्रित अभियान की शुरूआत हुई है। हमने अपने एमएसएमई को बढ़ावा दिया, युवा उद्यमिता को प्रेरित किया और भारत के अद्वितीय कौशल और प्रचुर संसाधनों का लाभ उठाया। भारत ने 2014 के बाद से खुद को

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोक-केंद्रित शासन के लोकाचार के तहत, भारत विश्व का एक अग्रणी देश बन गया है। आज का भारत 2023 में 3.75 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ, 2004-2014 के 'खोये हुए दशक' से उबरते हुए तेजी से चमक रहा है।**

**इन दिनों**

इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण में 300 प्रतिशत की वृद्धि के साथ एक शुद्ध आयातक से एक प्रमुख वैश्विक मोबाइल फोन निर्माता के रूप में स्थापित किया है। भारत के पास अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इको सिस्टम है। पेटेंट आवेदनों की संख्या में तेज वृद्धि दर्ज की गई है और वित्त वर्ष 2022-23 में 448 बिलियन डॉलर के मूल्य का रिकॉर्ड माल निर्यात हुआ है। 'डिजिटल इंडिया' कार्यक्रम डिजिटल क्रांति का प्रतिनिधित्व करता है, जो 'कैशलेस' अर्थव्यवस्था की ओर आगे बढ़ने का एक अभियान है। यह कार्यक्रम आम नागरिकों के साथ सरकार की सहयोग आधारित साझेदारी को रेखांकित करता है तथा डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देता है। फिनटेक को अपनाने की 87 प्रतिशत की दर के साथ भारत आज दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल बाजारों में से एक है, जो दुनिया के औसत 64 प्रतिशत से बहुत अधिक है। 2014 के बाद से, भ्रष्टाचार विरोधी अभियान एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन के रूप में उभरा है। 2015 से 2022 तक, जेएएम (जन धन, आधार और मोबाइल फोन) के माध्यम से 2.73 लाख करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि अंतरित की गई, जिससे नकली लाभार्थी उजागर हुए और वितरण प्रणाली में लीकेज को रोका गया, जो 2014 से पहले बड़े पैमाने पर मौजूद थे। कोविड-19 महामारी के दौरान, भारत की एकजुटता और जनभागीदारी एक बार फिर उजागर हुई। प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शिता ने देश को निवारक उपायों को तेजी से लागू करने के लिए प्रेरित किया। सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाते हुए कोविड योद्धा उभरकर सामने आए और महामारी का मुकाबला करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके बाद, वैक्सीन के तेजी से हुए टीकाकरण ने एक सशक्त भारत का प्रदर्शन किया, जो आत्मरक्षा में सक्षम है और विश्व को समर्थन भी प्रदान कर रहा है। भारत की जी-20 अध्यक्षता ने अपने एक करोड़ से अधिक नागरिकों के समर्थन से आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से, 'राष्ट्रीय एकता' का प्रदर्शन किया। शिखर सम्मेलन ने वैश्विक शासन को फिर से स्वरूप प्रदान करने तथा 'लोगों की जी-20' में समावेश और जन-केंद्रित नेतृत्व को सुनिश्चित करने के लिए भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा और 'वसुधैव कुटुंबकम' की पुष्टि की। 'राष्ट्रीय एकता दिवस' केवल एक स्मरणोत्सव नहीं है; यह लोगों को सशक्त बनाने और पुरानी प्रथाओं से मुक्ति दिलाने वाला एक गहन दर्शन है। यह व्यावहारिक लोकतंत्र है, जो मां भारती के विशाल भू-सांस्कृतिक-राजनीतिक परिदृश्य के भव्य एकीकरण से संबंधित सरदार पटेल के दृष्टिकोण के अनुरूप है। प्रत्येक आवाज को शासन में एकीकृत करने से जुड़ा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आह्वान इसी भावना को दर्शाता है। यह राष्ट्रीय गौरव और एक विविध राष्ट्र को एकजुट करने से संबंधित है। यह सरदार पटेल के अखंड भारत के सपने को प्रतिबिंबित करता है। प्रत्येक नागरिक की भागीदारी हमारे भाग्य को आकार देती है तथा समावेश, विविधता और सामूहिक शक्ति का पोषण करती है। इस राष्ट्रीय एकता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश सच्चे लोकतंत्र का आधार बनकर अमृतकाल के आशा से भरे युग में प्रवेश कर गया है। **(लेखक, केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास, पर्यटन एवं संस्कृतिमंत्री हैं।)**

**बोधि वृक्ष**

### *आइये सुने गोवर्धन पूजा की विधि व कथा*

***धार्मिक*** मान्यताओं अनुसार भगवान कृष्ण ने गोकुल वासियों को गोवर्धन पूजा के लिए प्रेरित किया था। इस पर्व पर गौ माता की पूजा का भी विशेष महत्व है। मान्यता है जो गोवर्धन पूजा करने से धन, संतान और गौ रस की वृद्धि होती है। गोवर्धन पूजा प्रकृति और भगवान श्री कृष्ण को समर्पित पर्व है। इस दिन कई मंदिरों में धार्मिक आयोजन और अन्नकूट यानी भंडारे होते हैं। पूजन के बाद लोगों में प्रसाद बांटा जाता है।

**गोवर्धन पूजा विधि :** सबसे पहले घर के आंगन में गोबर से गोवर्धन का चित्र बनायें। इसके बाद रोली, चावल, खीर, बताशे, जल, दूध, पान, केसर, फूल और दीपक जलाकर गोवर्धन भगवान की पूजा करें। कहा जाता है कि इस दिन विधि विधान से सच्चे दिल से गोवर्धन भगवान की पूजा करने से सालभर भगवान श्री कृष्ण की कृपा बनी रहती है। भगवान श्री कृष्ण का अधिक से अधिक ध्यान करें। इस दिन भगवान को 56 या 108 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाने की परंपरा भी है। एक बार देव राज इंद्र को अपनी शक्तियों का घमंड हो गया था। इंद्र के इसी घमंड को दूर करने के लिए भगवान कृष्ण ने लीला रची। एक बार गोकुल में सभी लोग तरह-तरह के पकवान बना रहे थे और हर्षोल्लास के साथ नृत्य-संगीत कर रहे थे। यह देखकर भगवान कृष्ण ने अपनी मां यशोदा जी से पूछा कि आप लोग किस उत्सव की तैयारी कर रहे हैं? भगवान कृष्ण के सवाल पर मां यशोदा ने उन्हें बताया हम देव राज इंद्र की पूजा कर रहे हैं। तब भगवान कृष्ण ने उनसे पूछा कि, हम उनकी पूजा क्यों करते हैं? यशोदा मैया ने उन्हें बताया कि, भगवान इंद्र देव की कृपा हो तो अच्छी बारिश होती है जिससे हमारे अन्न की पैदावार अच्छी होती है और हमारे पशुओं को चारा मिलता है।

(क्रमशः)

# भारतीय विपक्ष ले रहा हमास का पक्ष



मृत्युंजय दीक्षित

*फिलिस्तीन* के आतंकी संगठन हमास ने सात अक्टूबर को इजराइल पर भीषण हमला कर उसके लगभग 1400 नागरिकों को मौत के घाट उतार दिया। लगभग 200 लोगों को बंधक बनाकर गाजा ले गया। मानवता के इन दुश्मनों ने इस हमले में क्रूरता की सारी सीमाएं लांघ दीं। बच्चों के सामने माता-पिता को मार देने फिर मासमूों को जलाकर कोयले में बदल देने जैसी जघन्य हरकत की। ऐसी बर्बरता और अपने नागरिकों की दुर्दशा को देखकर इजराइल का शोक और क्रोध में डूबना स्वाभाविक है। इजराइल का हमास को जड़ से उखाड़ फेंकने का संकल्प नैतिक है। गाजा पट्टी पर इजराइल के कहर से घबराये हमास के चालाक आतंकी अब आम नागरिकों के पीछे छुपकर उनको अपनी ढाल बना रहे हैं। हमास समर्थक संगठन और कुछ देश आतंकवादियों की तरफ से विक्टिम कार्ड खेल रहे हैं। इस प्रकरण में भारत ने आतंकवाद के प्रति शून्य सहनशीलता (जीरो टॉलरेंस) की नीति का पालन करते हुए इजराइल को समर्थन देने की घोषणा के साथ फिलिस्तीन और इजराइल के मध्य वार्ता के माध्यम से समस्या के स्थायी शांतिपूर्ण समाधान की पक्षधरता की है। संयुक्त राष्ट्र में जॉर्डन द्वारा लाये गये प्रस्ताव पर भारत के प्रतिनिधि ने इसे रेखांकित भी किया। इस प्रस्ताव में हमास के आतंकी हमले की निंदा न होने के कारण स्वयं को मतदान से अलग रखा। भारत के इस संतुलित कदम की सभी जगह प्रशंसा हो रही है। स्वाभाविक रूप से इस अंतरराष्ट्रीय घटना का प्रभाव भारत की आंतरिक राजनीति में भी दिखाई पड़ रहा है। विरोधी दलों का इंडी गठबंधन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व भाजपा को हराने के लिए इसका राजनीतिक लाभ उठाने के प्रयास में है। सात अक्टूबर को जब हमास ने इजराइल पर एयर स्ट्राइक की तो भारत के किसी भी विरोधी दल के नेता ने इस आतंकी घटना की निंदा नहीं की। किंतु जैसे ही इजराइल की सेना ने हमास के आतंकवाद को समाप्त करने के लिए अपना अभियान प्रारम्भ किया वैसे ही ये सोते से जाग गये और फिलिस्तीन के नाम पर अपने मुस्लिम वोट बैंक को साधने का प्रयास करने लगे। यह सभी लोग अच्छी तरह से जानते हैं कि हमास व हिजबुल्लाह जैसे संगठन बहुत ही खतरनाक और क्रूर आतंकवादी संगठन हैं। भारत में क्योंकि अगले कुछ माह में पांच राज्यों और उसके बाद लोकसभा चुनाव होने वाले हैं, इसलिए कांग्रेस सहित सभी विरोधी दल मुसलमानों के वोट पाने के लिए हमास जैसे आतंकवादी संगठन का साथ देते दिख रहे हैं। वोट बैंक को रिझाने के लिए ये कितना नीचे जा सकते हैं इसका अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि इजराइल पर हमला करने के बाद हमास के जिन आतंकवादियों ने एक महिला के नग्न शव की परेड निकाली, भारत में मुस्लिम वोट बैंक को प्रसन्न करने में जुटी 'लड़की हूं लड़ सकती हूं' का नारा देने वाली कांग्रेस की एक नेता फिलिस्तीन के पीछे छुपकर उसी हमास के समर्थन में खड़ी दिखाई दे रही हैं और इस कुकृत्य की निंदा करने के बजाय इजराइल द्वारा आत्मरक्षा के लिए गाजा पर की जा रही बमबारी की निंदा कर रही हैं। कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर तो कुछ अन्य विरोधी दलों के नेताओं के साथ फिलिस्तीन के दूतावास तक पहुंच गये। बाटला हाउस एनकाउंटर पर आंसू बहाने वालीं सोनिया गांधी संयुक्त राष्ट्र में भारत के रुख का विरोध करते हुए लेख लिख रही हैं। बीच के कुछ वर्षों को छोड़ दें तो 2013 तक भारत में कांग्रेस या उसके सहयोग वाली सरकारें ही रहीं किंतु इन सरकारों ने एक बार भी पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों पर एक शब्द भी नहीं कहा। भारत में कश्मीरी हिन्दुओं का पलायन, 1984 में सिखों का नरसंहार जैसी घटनाएं हुईं, तब भी ये चुप रहीं। आज यही पार्टियां वोट बैंक के लिए फिलिस्तीन के नाम पर हमास का साथ दे रही हैं।

**इजराइल का हमास को जड़ से उखाड़ फेंकने का संकल्प नैतिक है। गाजा पट्टी पर इजराइल के कहर से घबराये हमास के चालाक आतंकी अब आम नागरिकों के पीछे छुपकर उनको अपनी ढाल बना रहे हैं।**

**पक्ष-विपक्ष**

**फोटो की दुनिया**




**फेसबुक वॉल से**

"इंसान को कठिनाइयों की आवश्यकता होती है, क्योंकि सफलता का आनंद उठाने के लिए यह जरूरी है।"

# हवा के रुप में जहर खींचने की विवशता कब तक?



ललित गर्ग

*इस* वर्ष फिर से दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में पराली एवं वायु प्रदूषण से उत्पन्न दमघोटू माहौल का संकट जीवन का संकट बनता जा रहा हैं। दिल्ली-एनसीआर में हवा की क्वालिटी बेहद खराब यानी जानलेवा बनती जा रही है। अभी सर्दी शुरू भी नहीं हुई है, इस मौसम में ऐसा दूसरी बार हुआ है। हालांकि तात्कालिक वजहों से कभी-कभार राहत भले मिल जाय, लेकिन दिल्ली--एनसीआर ही नहीं, उत्तर भारत के बड़े इलाके में रहने वाले जनजीवन के लिए यह एक स्थायी समस्या एवं जीवन संकट बनती जा रही है, जो बच्चों, बुजुर्गों और सांस की बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए बेहद खतरनाक एवं जानलेवा साबित हो रही है। सरकारें भले ही इस मुद्दे को लेकर गंभीर नजर आने लगती हैं, भले ही इस जटिल से जटिलतर होती समस्या के समाधान का पूरा एक्शन प्लान तैयार भी है लेकिन इसके प्रभावी परिणाम देखने को नहीं मिलना, कहीं-ना-कहीं सरकार की नाकामी को ही दर्शा रहा है। दिल्ली और पंजाब सरकारें ने अनेक लुभावने तर्क एवं तथ्य दिये, सरकारें जो भी तर्क दें, पर हकीकत यही है कि लोगों का दम घुट रहा है। अगर वे सचमुच इससे पार पाने को लेकर गंभीर हैं, तो वह व्यावहारिक धरातल पर दिखना चाहिए। वायु की गुणवत्ता का खराब होना एवं प्रदूषण का ऐसा विकराल जाल है जिसमें मनुष्य सहित सारे जीव-जंतु फंसकर छटपटा रहे हैं, जीवन सांसों पर छाये संकट से जूझ रहे हैं। अस्पतालों के बाहर लम्बी कतारें देखने को मिलने लगी है। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के अनुसार लोगों को अगले कुछ दिनों तक खराब वायु में कमी आने की उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार, अगर वायु गुणवत्ता शून्य से 50 के बीच रहे तो इसे 'अच्छा' माना जाता है। अगर एक्यूआई 51 से 100 के बीच रहे तो इसे 'संतोषजनक' और 101 से 200 के बीच एक्यूआई को 'मध्यम' माना जाता है। अगर एक्यूआई 201 से ऊपर चला जाए और 300 तक रहे तो इसे 'खराब', 301 से 400 के बीच रहे तो 'बहुत खराब' और अगर 400 से ऊपर पहुंच जाए तो इसे 'गंभीर' माना जाता है। दिल्ली-एनसीआर में 22 अक्टूबर को एक्यूआई 313 यानी बहुत खराब स्तर पर गया था। उसके बाद से हवा की गति धीमी होने और तापमान में गिरावट के कारण वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में बनी हुई है। यह समस्या साल-दर-साल गंभीर होती जा रही है। इस गंभीर होती समस्या से पार पाने के लिए दिल्ली सरकार ने कई उपाय आजमाए, प्रदूषण पर नियंत्रण के लिये निर्देश जारी किये गये मगर वे कारगर साबित नहीं हो पा रहे। दिल्ली-एनसीआर में जगह-जगह जल छिड़काव करती सरकारी गाड़ियां भी दिखने लगी हैं, जो हवा में धूल की मात्रा कम करती हैं। मगर इन कदमों का स्वरूप ही बताता है कि सरकार समस्या के लक्षणों को कम करने में जुटी है लेकिन अभी तक समस्या को सुलझाने या इसकी गंभीरता को कम करने में कोई खास सफलता नहीं मिली है। इसके एक प्रमुख कारण के रूप में पंजाब और आसपास के राज्यों में पराली जलाने के चलन को कई साल पहले चिह्नित किया जा चुका है। मगर उस मोर्चे पर राजनीतिक कारणों से खास प्रगति के संकेत नहीं मिल रहे हैं। प्रदूषण जानलेवा स्तर तक खतरनाक हो गया है। प्रश्न है कि पिछले कुछ सालों से लगातार इस महासंकट से जूझ रही दिल्ली-एनसीआर को कोई स्थायी समाधान की रोशनी क्यों नहीं मिलती? सरकारें एवं राजनेता एक दूसरे पर जिम्मेदारी ठहराने की बजाय समाधान के लिये तत्पर क्यों नहीं होते? इस विषम एवं ज्वलंत समस्या से मुक्ति के लिये हर राजनीतिक दल एवं सरकारों को संवेदनशील एवं अन्तर्दृष्टि-सम्पन्न बनना होगा। क्या हमें किसी चाणक्य के पैदा होने तक इन्तजार करना पड़ेगा, जो जड़ों में मठ्ठा डाल सके।...नहीं, अब तो प्रत्येक राजनीतिक मन को चाणक्य बनना होगा।

**दिल्ली-एनसीआर में 22 अक्टूबर को एक्यूआई 313 यानी बहुत खराब स्तर पर गया था। उसके बाद से हवा की गति धीमी होने और तापमान में गिरावट के कारण वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में बनी हुई है।**

**वायु प्रदुषण**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

## गागर में सागर

### इंदौर रोड पर आपस में टकराए तीन वाहन, दो की मौत, 7 घायल

**भोपाल।** भोपाल-इंदौर रोड पर सोमवार रात तीन वाहनों की टक्कर से बड़ा हादसा हो गया। इस हादसे में 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 7 लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिनका उपचार किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भोपाल-इंदौर रोड पर मेंटल हॉस्पिटल के नजदीक सेकड़ाखेड़ी जोड़ पर रात करीब 12 बजे दो ट्रक आपस में टकरा गए। इस दुर्घटना के बाद भोपाल की ओर जा रही एक ट्रैवलर गाड़ी भी इन दोनों ट्रकों से जाकर टकरा गई। इस संबंध में शासकीय जिला अस्पताल में पदस्थ चिकित्सक एएस धाकड़ ने बताया कि इस सड़क हादसे के घायलों को जिला अस्पताल लाया गया था। इसमें दो लोगों की मौत हो गई है, जिनका पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। जबकि 7 लोग सड़क हादसे में घायल हुए हैं। इस भीषण सड़क हादसे के बाद भोपाल-इंदौर हाईवे लगभग 2 घंटे तक जाम रहा।

### तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से पिचक गई कार, एक की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में एक भीषण सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई है, जबकि कम से कम दो लोग घायल हैं। घटना सोमवार देर रात जिले के राणाघाट की है। माल से लदा हुआ कंटेनर और सब्जी लदी हुई गाड़ी के बीच आमने-सामने से हुई जोरदार टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि कम से काम दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना कितनी भयावह थी, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कंटेनर के धक्के से सब्जी लदी हुई गाड़ी पूरी तरह से चिपक गई थी जिसमें तीनो लोग फंस गए थे। बाद में इन लोगों को बाहर निकाल गया । मंगलवार को जिला पुलिस की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि राणाघाट के हबीबपुर इलाके में 12 नंबर राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने इन सभी लोगों को निकाल कर अस्पताल पहुंचाया है। घातक कंटेनर का चालक दुर्घटना के बाद मौके से फरार होने में सफल रहा है। उसकी तलाश तेज कर दी गई है। पता चला है कि मुर्शिदाबाद के इस्लामपुर थाना क्षेत्र से सब्जी लदी हुई गाड़ी आ रही थी जिसे कृष्णा नगर की ओर जा रहे कंटेनर ने हबीबपुर पेट्रोल पंप के पास अचानक टक्कर मार दी।

### पांच करोड़ से अधिक की शराब जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

**रतलाम।** पुलिस ने पांच करोड़ 37 लाख रुपये मुल्य की अवैध शराब बरामद कर दो कंटेनर वाहन भी जब्त किए, जिनकी कीमत 60 लाख रुपये है। इस प्रकार 5 करोड़ 97 लाख रुपये का मश्रुका जब्त कर हरियाणा प्रांत के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया।
पुलिस अधीक्षक राहुल कुमार लोढ़ा ने बताया कि बिलपांक थाना पुलिस ने मुखबिर की खबर पर दो कंटेनर ट्रक जिनमें अवैध शराब भरी थी सात रूण्डा से रतलाम की तरफ आ रहे थे। पुलिस ने संदिग्ध वाहनों की चैकिंग के लिए टीम लगाई। चैकिंग के दौरान ट्रक क्रमांक एचआर 55 एएम 5633 एवं एचआर 55 एएफ 7232 को रोककर चैकिंग की गई तो उसमें 1050 पेटी अवैध शराब भरी होना पाई गई। ट्रक चालकों भगवान पिता उमेरसिंह जाट निवासी बालन्द जिला रोहतक हरियाणा एवं सतीश कुमार पिता जगदीश जाट निवासी मलिदपुर हरियाणा से कागजात व अन्य पूछताछ की गई तो उन्होंने संतोषप्रद जवाब नहीं दिया तब पुलिस ने दोनों ट्रक चालकों को हिरासत में लेकर शराब जप्त कर ली। शराब कहा से लाकर कहा ले जाई जा रही थी इस संबंध में पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक पूछताछ में शराब भीवन्डी महाराष्ट्र से लेकर उत्तरप्रदेश ले जाने की बात सामने आई है। पकड़ाई अवैध शराब में 900 पेटी जेक डेनियल, 50 पेटी जेन्टलमेन जेक,100 पेटी जेक डेनियल हनी कुल 1050 पेटी अंग्रेजी शराब है।

### सड़क हादसे में दंपती की मौत, छह बच्चे घायल

**बहराइच।** जिले में सोमवार की देर रात एक हादसे में अपने बच्चों के साथ बाईक से ससुराल जा रहे दंपत्ति को एक पिकप ने टक्कर मार दिया। इस हादसे में दंपत्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छह बच्चे घायल हो गए। घायल बच्चों को उपचार के लिए बहराइच से लखनऊ के लिए रेफर किया गया है।
थाना रामगांव क्षेत्र के काजिजोत निवासी दुर्गेश अपनी पत्नी व छह बच्चों के साथ मोटरसाइकिल से अपनी ससुराल जा रहे थे। इसी बीच कोतवाली देहात इलाके में तेज रफ्तार एक पिकप ने उनकी बाईक में तेज टक्कर मार दी, जिससे बाईक दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। इस सड़क हादसे में पति-पत्नी की मौके पर मौत हो गई, जबकि मोटरसाइकिल पर सवार सभी बच्चों की हालत बेहद नाजुक होने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जहां से लखनऊ रेफर कर दिया गया है। बहराइच के एसपी ग्रामीण पवित्र मोहन त्रिपाठी ने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# सरदार पटेल ने देश को एक सूत्र में पिरोया: सीएम योगी

**एजेंसी। लखनऊ**

लौहपुरुष 'भारत रत्न' सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हजरतगंज स्थित सरदार पटेल स्मारक पार्क में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय एकता के आधार स्तंभ और भारत माता के महान सपूत लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी स्मृतियों को नमन किया।



उन्होंने कहा कि वर्ष 1947 में जब देश आजाद हुआ था, तब स्वतंत्र भारत में अलग-अलग रियासतों को भारत गणराज्य का हिस्सा बनाने के लिए लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने महत्वपूर्ण योगदान दिया था। योगी ने कहा कि भले ही उनके कार्यकाल के दौरान उन्हें तत्कालीन सरकारों ने सम्मान न दिया हो, लेकिन 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव व्यक्त करते हुए 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाने की शुरूआत की।
इस अवसर पर देशवासी जाति, मत, मजहब, क्षेत्र और भाषा को भुला कर एक साथ एकता दौड़ 'रन फॉर यूनिटी' में शामिल होकर सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं। सीएम योगी ने शार्ट नोटिस पर बड़ी संख्या में एकता दौड़ 'रन फॉर यूनिटी' में शामिल होने आए बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों को धन्यवाद देते हुए उनका आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि देश का हर नागरिक एकजुट होकर देश के की हर चुनौती का सामना करे, यही सरदार पटेल के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।
कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी और मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा मौजूद रहे।

#### शिक्षक नियुक्ति भ्रष्टाचार मामला

## शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष गौतम पाल से होगी पूछताछ

**एजेंसी। कोलकाता**

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने स्कूल भर्ती घोटाले में पश्चिम बंगाल प्राथमिक शिक्षा बोर्ड (डब्ल्यूबीबीपीई) के अध्यक्ष गौतम पॉल से पूछताछ करने की तैयारी कर ली है। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट की ओर से मामले में सीबीआई जांच के खिलाफ सुरक्षा की उनकी याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद मंगलवार को सीबीआई के एक अधिकारी ने बताया है कि कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश अनुसार उनसे पूछताछ की तैयारी की जा रही है। उन्हें उत्तर पुस्तिकाओं से फर्जीवाड़ा कर उसे हाथ से लिखकर डिजिटल बताए जाने के मामले में उनसे पूछताछ होगी। एक बार पहले भी पूछताछ हो चुकी है लेकिन उन्होंने बहुत अधिक सहयोग नहीं किया था। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी के अधिकारी बोर्ड के उप सचिव पार्थ कर्माकर को भी बुलाने और पूछताछ करने की तैयारी कर रहे हैं,जिनकी सुरक्षा के लिए इसी तरह की याचिका शीर्ष अदालत ने सोमवार को खारिज कर दी थी।
कलकत्ता हाई कोर्ट ने 18 अक्टूबर को सीबीआई को निर्देश दिया कि बंगाल स्कूल नौकरी मामले की जांच में पॉल को भी शामिल किया जाए। न्यायमूर्ति गांगुली ने जांच प्रक्रिया में इस ओर से सहयोग न करने की स्थिति में पॉल को पूछताछ के लिए हिरासत में लेने के लिए भी सीबीआई को अधिकृत किया है। पॉल को बुधवार शाम को मध्य कोलकाता में सीबीआई के निजाम पैलेस कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा गया है। न्यायमूर्ति गांगुली ने सीबीआई को मामले में कर्माकर से पूछताछ करने का भी निर्देश दिया।

## बड़े नेताओं की कराई जा रही जासूसी: अखिलेश यादव

**एजेंसी। लखनऊ**

समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि आज हमारे मोबाइल फोन हैक किए जा रहे हैं। लोकतंत्र में बड़े नेताओं की जासूसी की जा रही है। इस मामले की जांच कराई जानी चाहिए। सपा मुख्यालय पर पत्रकार वार्ता करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि उनका भी फोन हैक करने की कोशिश हो रही है। उन्होंने बताया कि एप्पल कम्पनी के माध्यम से अलर्ट मैसेज आया है। सरकार इस मामले की जांच कराए। इस तरह सर्विलांस करना लोकतंत्र को खत्म करने जैसा है।
अखिलेश ने भाजपा के पूर्व सांसद के बेटे की मौत मामले में सरकार को घेरते हुए कहा कि इलाज के अभाव में पीजीआई में मौत हो रही है। सरकार अस्पतालों में बजट नहीं दे रही, लोग परेशान हैं। भाजपा दलित सम्मेलन कर रही है। यह वही भाजपा है जो नहला कर लोगों से मिलती है।
सपा अध्यक्ष ने कहा कि पीडीए की यात्रा 05 हजार किमी. से ज्यादा चल गई। 22 नवम्बर को यात्रा सैफई पहुंचेगी। उन्होंने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर कहा कि कार्यकताओं को जमीनी स्तर पर काम करने के लिए तैयार किया जा रहा है। सपा नेता, कार्यकर्ता बूथ स्तर पर काम करेंगे और पार्टी को मजबूत करने के साथ ही महंगाई, रोजगार, विकास योजनाओं के बारे में जागरूक कर जोड़ा जाएगा।अखिलेश ने बताया कि सैफई में नेताजी मुलायम सिंह यादव की याद में मेमोरियल बनेगा। आठ एकड़ में भव्य स्मारक का निर्माण किया जाएगा। 22 नवम्बर को शिलान्यास होगा। नेताजी के मिशन को आगे बढ़ाने का पार्टी स्तर पर काम करेंगे।



## लूट के माल के बंटवारे के लिए झगड़ रहे कांग्रेस के जय और वीरू: सीएम शिवराज

**एजेंसी। भोपाल**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस में जो जय और वीरू की जोड़ी है, उसे दिल्ली बुलाया गया है। ये कहते हैं कि भाजपा भ्रम फैला रही है। अगर ऐसा है, तो फिर इन्हें दिल्ली क्यों बुलाया गया है? जय और वीरू ने मध्यप्रदेश से जो लूटा है, उसे ही लेकर इनके बीच झगड़ा है, जिसके लिए इन्हें दिल्ली बुलाया गया है। हो सकता है दिल्ली भी लूट के इस माल में हिस्सेदारी चाहती हो।
मुख्यमंत्री चौहान मंगलवार को मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में 2003 तक बंटाढार रही और इन दस सालों में मि. बंटाढार ने मध्यप्रदेश को जमकर लूटा तथा बर्बाद कर दिया। बाद में सवा साल के लिए प्रदेश में कमलनाथ सरकार बनी। इस दौरान कमलनाथ ने भी जमकर लूट मचाई और वल्लभ भवन को लूट का अड्डा बना दिया था। इनका झगड़ा इसी बात को लेकर है कि लूट के इस माल में किसकी कितनी हिस्सेदारी हो।



मुख्यमंत्री ने कहा कि कमलनाथ पहले भारत महान नहीं, बदनाम कहकर देश का अपमान कर चुके हैं और अब चौपट कहकर मध्यप्रदेश का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की धरती वो धरा है, जहां धन संपदा, वन संपदा, खनिज संपदा, जन संपदा, प्राकृतिक संसाधन भरपूर उपलब्ध हैं। यहां के लोग भोले-भाले हैं। ऐसे प्रदेश को कमलनाथ चौपट कहकर प्रदेश और यहां के लोगों का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि असल में कमलनाथ मध्यप्रदेश के हैं ही नहीं और न उनको मध्यप्रदेश से लगाव है। उनकी जड़ें मध्यप्रदेश में नहीं हैं। इसीलिए वो मध्यप्रदेश का अपमान कर रहे हैं।
उन्होंने कहा कि आज जो लोग प्रदेश को चौपट कह रहे हैं, उन्होंने अपनी सरकार के समय मध्यप्रदेश को चौपट करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। उन्होंने कहा कि कमलनाथ जी, अगर शिवराज से राजनीतिक बैर है, तो मुझे गालियां दो, मेरा अपमान करो, मध्यप्रदेश की भोली-भाली जनता का अपमान क्यों कर रहे हो? चौहान ने कहा कि जनता देश और प्रदेश का अपमान सहन नहीं करेगी और आने वाले चुनाव में इसका जवाब देगी। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि कल मैंने कमलनाथ को सेठ कहा तो वो आपत्ति व्यक्त कर रहे हैं। कह रहे हैं मैं सेठ हूँ क्या... मैं उद्योगपति हूं क्या...? उन्होंने कहा कि कमलनाथ खुद ये कहते हैं कि मैं निजी प्लेन में घूमता हूं। उनका एक पाँव देश में रहता है एक पाँव विदेश में रहता है।

## तृणमूल को टाटा को मुआवजा राज्य के खजाने से नहीं, बल्कि पार्टी फंड से देना चाहिए: सुभेंदु

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता (एलओपी) सुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि तृणमूल कांग्रेस को राज्य के खजाने का उपयोग करने के बजाय पार्टी फंड से टाटा मोटर्स लिमिटेड (टीएमएल) को मुआवजा देना चाहिए।
उन्होंने कहा, "पश्चिम बंगाल से नैनो परियोजना को भगाने के लिए ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस पूरी तरह से जिम्मेदार हैं। यह अकल्पनीय है कि एक फैक्ट्री जिसका 50 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका था, उसे डायनामाइट से उड़ा दिया गया। तृणमूल कांग्रेस के पास अपनी पार्टी के खजाने में पर्याप्त संसाधन हैं।" इसलिए उन्हें अपने संसाधनों से मुआवजा देना होगा और टाटा को सिंगूर से खदेड़कर किए गए अपराध के लिए भुगतान करना होगा। मुआवजे का भुगतान करने के लिए करदाताओं के पैसे का उपयोग करना अस्वीकार्य है।



सोमवार को, तृणमूल ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) को सूचित किया कि तीन सदस्यीय पंचाट न्यायाधिकरण ने 2016 में सिंगूर में अपनी नैनो कार परियोजना को बंद करने के लिए कंपनी को मुआवजे के रूप में पश्चिम बंगाल सरकार को सितंबर से उस पर अर्जित 11 प्रतिशत की दर से ब्याज के अलावा 765.78 करोड़ रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया है।
नेता प्रतिपक्ष ने राज्य सरकार द्वारा टीएमएल को सरकारी खजाने से मुआवजा देने की स्थिति में राज्य में एक जन आंदोलन शुरू करने की भी धमकी दी।
अधिकारी ने कहा,एक तरफ, हमारी विधायी टीम उस घटना में विधानसभा के पटल पर राज्य सरकार को घेरेगी। दूसरी तरफ, मुआवजे का भुगतान करने के लिए करदाताओं के पैसे का उपयोग करने का प्रयास होने पर हमारी पार्टी के समर्थक सड़कों पर उतरेंगे।
उनकी टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य डॉ शांतनु सेन ने कहा कि इस तरह के नासमझ बयानों की केवल एक ऐसे दलबदलू राजनेता से उम्मीद की जाती है, जो नारद वीडियो घोटाले में नकदी स्वीकार करते हुए देखे जाने के बाद केंद्रीय एजेंसियों से अपनी त्वचा बचाने के लिए भाजपा में चले गए। .
सेन ने कहा, दरअसल, भाजपा नेता खुद जानते हैं कि 2024 में आगामी लोकसभा चुनाव में उन्हें भारी नुकसान का सामना करना पड़ेगा। इसलिए वे अब पूरी तरह से पागल गए हैं। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को बंगाल में करारी हार का सामना करना पड़ेगा। भाजपा की केंद्र सरकार ने पिछले 10 सालों तक जनता की भलाई के लिए कोई काम नहीं किए। जनता को बरगलाने का काम किया है। देश में महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है।

## नीतीश पर मांझी का तंज आपसे अच्छे, आपके बड़े भाई

**एजेंसी। पटना**

बिहार में दो नवंबर को जहां बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित शिक्षकों को नियुक्ति पत्र बांटने की तैयारी चल रही है, वहीं दूसरी ओर शिक्षक नियुक्ति को लेकर बयानबाजी थमने का नाम नहीं ले रहा है। शिक्षक नियुक्ति में अन्य राज्यों के अभ्यर्थियों के चयन को लेकर मंगलवार को हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) के प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तंज कसा और इशारों ही इशारों में लालू प्रसाद पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आपसे अच्छे तो बडे भाई थे, जमीन लेकर ही सही पर नौकरी तो बिहारियों को दी, आप भी नौकरी यहीं के लोगों को 'बेच' देते। मांझी ने मंगलवार को अपने एक्स हैंडल से एक सूची भी जारी की, जिसमे चयनित अभ्यर्थियों के नाम हैं। इनमे अधिकांश यूपी के हैं। इस सूची को पोस्ट करते हुए मांझी ने लिखा कि दुनिया को ज्ञान का प्रकाश देने वाले गया जिले फतेहपुर में सरकार को बिहारी अभ्यर्थी ही नहीं मिले इसलिए यहां के बच्चों को पढ़ाने के लिए शिक्षक 'इम्पोर्ट ' करके लाए गए हैं। उन्होंने आगे लिखा कि आपसे अच्छे तो बडे भाई थे, जमीन लेकर ही सही पर नौकरी तो बिहारियों को दी, आप भी नौकरी यहीं के लोगों को 'बेच ' देते। उल्लेखनीय है कि बिहार शिक्षक भर्ती में राज्य के अलावा अन्य राज्यों के अभ्यर्थियों को भी मौका मिला है और यूपी, झारखंड, हरियाणा समेत अन्य राज्यों के अभ्यर्थी भी शिक्षक बनने मे सफल रहे। मांझी पहले भी इस नियुक्ति में धांधली का आरोप लगा चुके हैं। मांझी ने प्रदेश में डोमिसाइल नीति लागू करने की मांग की है।



**पहल** प्रधानमंत्री के मन की बात से कुंभकार परिवारों में आई रौनक, तेजी से बन रहे हैं मिट्टी के दीये

# वोकल फॉर लोकल मंत्र का हो रहा असर

**एजेंसी। बेगूसराय**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बीते रविवार को किए गए मन की बात कार्यक्रम में लोगों से आगामी दीपावली एवं छठ सहित अन्य पर्व-त्योहारों में स्थानीय उत्पाद खरीदने का आह्वान किए जाने के बाद कुंभकारों में एक नया जोश आ गया है। प्रधानमंत्री के इस वोकल फॉर लोकल मंत्र से इस बार अच्छा व्यवसाय होने की उम्मीद है।
12 नवम्बर को मनाए जाने वाले दीपावली की तैयारी जोर-शोर से शुरू हो गई है। बाजार सज चुके हैं, व्यवसायियों ने जहां धनतेरस के लिए विशेष तैयारी की है। वहीं, दीपावली के दिन घरों को सजाने के लिए बाजार में रंग बिरंगी लाइट भी आ गई है। इन सब के बीच कुंभकारों के घर भी रौनक छाने लगी है। जिला के पांच हजार से अधिक कुंभकार परिवार दिन रात एक कर लक्ष्मी पूजन और घर सजाने के लिए दीप बना रहे हैं।
पूजा के लिए कलश बनाने का काम भी तेजी से हो रहा है। कुंभकार परिवार के युवा जहां चाक चलाने में मशगूल हैं। वहीं, बुजुर्गों ने मिट्टी गूंथने का काम संभाला है। महिलाएं और बच्चे इन दीप और कलश को सुखाने तथा भट्ठी लगाकर पकाने के बाद उसे रंगने में मशगूल हैं। हालांकि चाइनीज दीपों के बढ़ते चलन ने इन परिवारों पर वज्रपात कर दिया है। लोग चमक धमक के इस युग में दीपावली को भी चाइनीज रंग में रंग चुके हैं।
चाइनीज दीप और लाइट लोगों को आकर्षित कर रहे तथा बड़ी संख्या में लोगों का झुकाव इस ओर है। लाख प्रशासनिक और सरकारी कवायद के बाद भी चाइनीज आइटम धड़ल्ले में से बाजार में आ रहे हैं, सस्ते में बिक रहे हैं। जिससे स्वदेशी उत्पाद एवं लोकल उत्पाद की बिक्री पर लगातार प्रश्न चिन्ह लगता जा रहा है। बावजूद इसके आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में एवं देश प्रेम से ओतप्रोत लोग मिट्टी के बने स्थानीय दीए की ओर आकर्षित होते हैं।



जिसके मद्देनजर दीपावली के 15 दिन पहले से कुंभकार परिवारों में दिपावली के लिए दीप बनाने का काम शुरू हो जाता है। दीप बनाकर और तैयार होने के बाद यह लोग गांव गांव जाकर लोगों को घर तक उपलब्ध करवाते हैं, वह भी सस्ते दाम पर। हालांकि चाइनीज दीप रंग-बिरंगा और भारतीय उत्पाद से सस्ता है। बावजूद इसके स्थानीय कुंभकारों द्वारा मिट्टी से द्वारा बनाए गए दीप मात्र 80 पैसा से एक रुपया तक में उपलब्ध हो रहा है।
मंसूरचक के कुंभकार प्रमोद पंडित, रामविलास पंडित, पवन पंडित, रेखा देवी एवं कामो देवी आदि बताते हैं कि चाइनीज उत्पाद ने हम लोगों के रोजी-रोटी पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। जिसके कारण हमारे घर के भी युवा इस पारंपरिक पेशा से दूर होकर परदेश जाने के लिए मजबूर हैं। लेकिन इसके बाद भी कार्तिक महीना आते ही हम पूरा परिवार में एकत्रित होते हैं और मिट्टी के दीए बनाकर लोगों को स्वदेशी उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करते हैं।
इन लोगों ने कहा कि 29 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मन की बात में लोगों से स्थानीय उत्पाद खरीदने की अपील की है। इससे हमलोगों को बेहतर बिक्री होने का अनुमान है, इसी के मद्देनजर हम लोग तैयारी भी कर रहे हैं। चीन के बने और बाहरी उत्पादन के बदले लोग स्थानीय उत्पाद खरीदने की ओर प्रेरित होंगे। मिट्टी से बने स्वास्थ्य और पर्यावरण वर्धक उत्पादों को बढ़ावा देना सरकार की शानदार पहल है।

### सड़क हादसे में एक युवक की मौत, एक बच्ची गंभीर

**जगदलपुर।** जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में घाटलोहंगा के टोल प्लाजा के पास मंगलवार सुबह एक सडक हादसे में एक युवक दिशांत त्रिपाठी की मौत हो गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक युवक दिशांत त्रिपाठी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी बोधघाट का रहने वाला था, किसी काम से वह बस्तर जा रहा था, इसी दौरान घाटलोहंगा के पास स्कूल की एक बच्ची के सामने आ जाने से उसे बचाने के दौरान तेज रफ्तार कार पेड़ से टकरा गई, जिससे मौके पर ही युवक की मौत हो गई। हादसे में एक स्कूली बच्ची को सर पर गंभीर चोट लगी है जिसका अस्पताल में ईलाज जारी है। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## गागर में सागर

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लद्दाख के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचीं

**जम्मू।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंगलवार दो दिवसीय दौरे पर लद्दाख पहुंचीं। उपराज्यपाल ब्रिगेडियर बीडी मिश्रा, लेह स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद के प्रतिनिधि, सेना, वायुसेना व प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका लेह के तकनीकी हवाई अड्डे पर स्वागत किया। आज केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख का स्थापना दिवस है। स्थापना दिवस समारोह में प्रदेश की संस्कृति की झलक दिखेगी। स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। राष्ट्रपति मुर्मू बुधवार को सियाचिन ग्लेशियर जाएंगी। वहां वो कठिन हालात में देश की सेवा में लगे सैनिकों से बातचीत कर उनका मनोबल बढ़ाएंगी। वो सेना के शीर्ष अधिकारियों से भी मिलेंगी। राष्ट्रपति लेह जिले के दूरदराज नुब्रा इलाके में स्वयंसेवी संगठनों के सदस्यों से भी भेंट करेंगी।

### आप पार्टी के विधायक कुलवंत सिंह के ठिकानों पर ईडी का छापा

**चंडीगढ़।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी के मोहाली (पंजाब) से विधायक कुलवंत सिंह के ठिकानों पर मंगलवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दबिश दी है। कुलवंत रियल एस्टेट कंपनी जनता लैंड प्रमोटर लिमिटेड के एमडी हैं। उल्लेखनीय है कि पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने आम आदमी पार्टी सरकार के मुख्यमंत्री भगवंत मान को पत्र लिखकर कुलवंत सिंह की कंपनी जनता लैंड प्रमोटर लिमिटेड को पर्यावरण क्लीयरेंस दिए पर सवाल उठा चुके हैं। इस बीच आज सुबह ईडी की टीम ने कुलवंत सिंह के मोहाली स्थित आवास और दफ्तरों में छापा मारा है। यह कार्रवाई करीब चार घंटे से चल रही है।

### चंद्रबाबू नायडू को हाईकोर्ट से बड़ी राहत, अंतरिम जमानत मंजूर

**अमरावती।** टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू को कौशल विकास मामले में अंतरिम जमानत मिल गई है। हाई कोर्ट ने मंगलवार को चार सप्ताह के लिए सशर्त अंतरिम जमानत दी है। सशर्त जमानत में यह भी कहा कि चंद्रबाबू को 24 नवंबर को कोर्ट में आत्मसमर्पण करना होगा। पिछले 52 दिनों से जेल में बंद चंद्रबाबू के मंगलवार शाम जमानत पर बाहर आने की संभावना है। आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट न्यायमूर्ति तल्लाप्रगदा मल्लिकार्जुन राव ने फैसला सुनाया। चंद्रबाबू नायडू ने खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए इलाज के लिए जमानत की मांग की थी। हाई कोर्ट ने कहा कि चंद्रबाबू नायडू अपने खर्च पर अपनी पसंद के अस्पताल में इलाज कराएंगे और आत्मसमर्पण के समय इलाज व अस्पताल का विवरण सीलबंद कवर में राजामुंदरी सेंट्रल जेल अधीक्षक को प्रस्तुत करना होगा। हाईकोर्ट नियमित जमानत याचिका पर 10 नवंबर को सुनवाई करेगा।

# तुष्टीकरण की राजनीति देश के विकास में सबसे बड़ी बाधा : मोदी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति देश के विकास में सबसे बड़ी बाधा है। प्रधानमंत्री ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर गुजरात के केवडिया में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के नजदीत आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम में कहा कि पिछले कई दशकों से यह देखा गया है कि तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले लोग आतंकवाद के प्रति भी आंखें मूंद लेते हैं और मानवता के दुश्मनों के साथ खड़े हो जाते हैं। उन्होंने ऐसी सोच के प्रति आगाह किया जो देश की एकता को खतरे में डालती है। वर्तमान और आगामी चुनावों के संदर्भ में, प्रधानमंत्री ने उस गुट के प्रति आगाह किया जो पूरी तरह से सकारात्मक राजनीति से रहित है और असामाजिक और राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों में लिप्त है। मोदी ने कहा, हमें विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए देश की एकता को बनाए रखने के लिए अपने प्रयास हमेशा जारी रखने होंगे। हम जिस भी क्षेत्र में हों, हमें उसमें अपना 100 प्रतिशत देना होता है। आने वाली पीढ़ियों को बेहतर भविष्य देने का यही एकमात्र तरीका है।

प्रधानमंत्री ने कहा, आज भारत की पहुंच से परे कोई लक्ष्य नहीं है। सबका प्रयास की शक्ति पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को हटाए जाने का जिक्र किया और कहा कि आज कश्मीर और देश के बाकी हिस्से के बीच खड़ी धारा 370 की दीवार ढह गई है और इससे सरदार साहब, जहां भी होंगे, प्रसन्न हुए होंगे। प्रधानमंत्री ने दोहराया कि अगले 25 साल देश के लिए इस सदी के सबसे महत्वपूर्ण 25 साल हैं क्योंकि इस अवधि के दौरान भारत को एक समृद्ध और विकसित देश बनना है। उन्होंने देश के लिए समर्पण की उसी भावना का आह्वान किया जो आजादी से ठीक पहले 25 वर्षों में देखी गई थी। उन्होंने विश्व में भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, हमें गर्व महसूस हो रहा है क्योंकि हम सबसे बड़े लोकतंत्र के कद को एक नई ऊंचाई पर ले जा रहे हैं। उन्होंने सुरक्षा, अर्थव्यवस्था, विज्ञान, स्वदेशी रक्षा उत्पादन और प्रमुख वैश्विक कंपनियों और खेलों में भारतीयों द्वारा प्रदान किए जा रहे वैश्विक कॉर्पोरेट नेतृत्व में भारत की मजबूत स्थिति का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने आगे बढ़ने और गुलामी की मानसिकता को त्यागने के संकल्प का जिक्र करते हुए कहा कि भारत बढ़ भी रहा है और अपनी विरासत को बचाकर भी रख रहा है।' उन्होंने नौसेना ध्वज से औपनिवेशिक प्रतीक चिन्ह को हटाने, औपनिवेशिक काल के अनावश्यक कानूनों को हटाने, आईपीसी को प्रतिस्थापित करने और इंडिया गेट पर औपनिवेशिक प्रतिनिधियों की जगह लेने वाली नेताजी की प्रतिमा का उल्लेख किया।

प्रधानमंत्री ने सरदार सरोवर बांध का भी उल्लेख किया जो 5-6 दशकों से लंबित था लेकिन पिछले कुछ वर्षों में पूरा हुआ। उन्होंने केवड़िया-एकता नगर के बदलाव को संकल्प से सिद्धि का उदाहरण बताया। उन्होंने कहा, आज एकता नगर को वैश्विक हरित शहर के रूप में पहचाना जाता है। विभिन्न पर्यटक आकर्षणों के अलावा, प्रधानमंत्री ने बताया कि पिछले 6 महीनों में ही एकता नगर में 1.5 लाख से अधिक पेड़ लगाए गए हैं। इलाके में पहले से ही मजबूत सौर ऊर्जा उत्पादन और शहरी गैस वितरण का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज एकता नगर में एक हेरिटेज ट्रेन का आकर्षण जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि पिछले 5 वर्षों में 1.5 करोड़ से अधिक पर्यटक आए हैं, जिससे स्थानीय आदिवासी समुदायों को रोजगार के अवसर मिलने में मदद मिली है।

आंतरिक सुरक्षा के प्रति लौह पुरुष सरदार साहब की अटूट चिंता का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने इस संबंध में पिछले 9 वर्षों में उठाए गए कदमों को सूचीबद्ध किया और बताया कि कैसे विनाश की ताकतों को पहले जैसी सफलता से वंचित करके चुनौतियों का दृढ़ता से मुकाबला किया जा रहा है। उन्होंने देश की एकता पर हो रहे हमलों के प्रति सतर्क रहने की जरूरत पर बल दिया।

## भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की नई यात्रा शुरू करें : पीएम



**प्रधानमंत्री** ने मंगलवार को कर्तव्य पथ पर 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के समापन पर देशवासियों से कहा कि 'आजादी का अमृत महोत्सव' के समापन के साथ आइए 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में 'अमृत काल' की यात्रा शुरू करें। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान 'अमृत महोत्सव स्मारक और अमृत वाटिका' की आधारशिला रखी। उन्होंने देश के युवाओं के लिए 'मेरा युवा भारत' (माय भारत) प्लेटफॉर्म का भी शुभारंभ भी किया। प्रधानमंत्री ने देशभर से कार्यक्रम में शामिल होने वाले हजारों अमृत कलश यात्रियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार पटेल की जयंती पर हम सभी कर्तव्य पथ पर एक ऐतिहासिक 'महायज्ञ' के साक्षी बन रहे हैं। 12 मार्च, 2021 को महात्मा गांधी की प्रेरणा से साबरमती आश्रम से शुरू हुआ आजादी का अमृत महोत्सव अब 31 अक्टूबर, 2023 के दिन सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर समापन का पल है। उन्होंने कहा कि जैसे दांडी यात्रा शुरू होने के बाद देशवासी उससे जुड़ते गए, वैसे ही आजादी के अमृत महोत्सव ने जनभागीदारी का ऐसा हुजूम देखा कि नया इतिहास बन गया। 75 साल की ये यात्रा समृद्ध भारत के सपने को साकार करने वाला कालखंड बन रहा है। मोदी ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान भारत ने कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। इस दौरान उन्होंने चंद्रयान मिशन की सफल लैंडिंग, वंदे भारत ट्रेनें और भारत के 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का उदाहरण दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस महोत्सव का मेरी माटी मेरा देश अभियान के साथ समापन हो रहा है। आज आजादी का अमृत महोत्सव एक याद के लिए स्मारक का शिलान्यास भी हुआ है। ये स्मारक आने वाली पीढ़ियों को हमेशा इस ऐतिहासिक आयोजन की याद दिलाएगा। उन्होंने कहा कि आज मेरा युवा भारत संगठन, यानी माई भारत की नींव रखी गई है। 21वीं सदी में राष्ट्र निर्माण के लिए मेरा युवा भारत संगठन, बहुत बड़ी भूमिका निभाने वाला है। भारत के युवा कैसे संगठित होकर हर लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं, इसका प्रत्यक्ष उदाहरण 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान है। उन्होंने कहा कि जो अमृत कलश यहां आए हैं, इनके भीतर मिट्टी के हर कण अनमोल हैं। ये मिट्टी हमें विकसित भारत के अपने संकल्प की सिद्धि के लिए और अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि बड़ी-बड़ी महान सभ्यताएं समाप्त हो गईं लेकिन भारत की मिट्टी में वो चेतना है, जिसने इस राष्ट्र को अनादिकाल से आज तक बचा कर रखा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अमृत महोत्सव ने एक प्रकार से इतिहास के छूटे हुए पृष्ठ को भविष्य की पीढ़ियों के लिए जोड़ दिया है। देश के करोड़ों परिवारों को पहली बार यह एहसास हुआ है कि उनके परिवार और गांव का भी आजादी में सक्रिय योगदान था। उसका जिक्र भले ही इतिहास की किताबों में नहीं हुआ लेकिन अब वो गांव-गांव में बने स्मारकों और शिलालेखों में हमेशा के लिए अंकित हो चुका है।

## मिग-21 बाइसन ने बाड़मेर में उत्तरलाई शहर के ऊपर आखिरी बार उड़ान भरी

### उत्तरलाई में कार्यरत 4 नंबर स्क्वाड्रन को अब सुखोई-30 एमकेआई में बदला गया

### आखिरी बार उड़ान भरने वाले मिग-21 बाइसन का साथ लड़ाकू सुखोई-30 ने दिया



**एजेंसी। नई दिल्ली**

रूसी मिग लड़ाकू विमानों के युग के अंत को चिह्नित करते हुए मिग-21 बाइसन ने राजस्थान के बाड़मेर में उत्तरलाई शहर के ऊपर आखिरी बार उड़ान भरी। मिग-21 बाइसन लड़ाकू विमान के लिए वायु सेना स्टेशन उत्तरलाई में कार्यरत 4 नंबर स्क्वाड्रन को अब सुखोई-30 एमकेआई में बदल दिया गया है। इसका जश्न मनाने के लिए वायु सेना स्टेशन में एक समारोह आयोजित किया गया। यहां से आखिरी बार उड़ान भरने वाले मिग-21 बाइसन का साथ सुखोई-30 ने दिया। विंग कमांडर आशीष मोघे ने बताया कि वायु सेना ने अपने उत्तरलाई एयरबेस से मिग-21 बाइसन की दो स्क्वाड्रन का संचालन जारी रखा है लेकिन अब यहां कार्यरत 4 नंबर स्क्वाड्रन को सुखोई-30 एमकेआई में बदल दिया गया है। इसके लिए एक समारोह आयोजित करके जश्न मनाया गया। वायु सेना ने एक बयान में बताया कि रूसी मिग लड़ाकू विमानों के एक युग का अंत चिह्नित करने के लिए मिग-21 बाइसन विमान ने आखिरी बार राजस्थान के बाड़मेर जिले के उत्तरलाई एयरबेस से उड़ान भरी। इस अवसर को यादगार बनाने के लिए सुखोई-30 एमकेआई ने आसमान में मिग-21 बाइसन का साथ दिया।

### हरदोई में मार्ग दुर्घटना में पांच की मौत

**हरदोई।** यूपी में जनपद हरदोई के बिल्हौर-कटरा मार्ग पर खमरिया मोड़ के पास सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात को बेकाबू कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार सवार 5 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में पिता-पुत्र भी शामिल थे। मुख्यमंत्री योगी ने हरदोई में हुए सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दुख प्रकट किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। हादसे में पिता-पुत्र सहित 5 लोगों की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर सवायजपुर कोतवाली प्रभारी दिलेश कुमार सिंह के साथ ही एसपी केसी गोस्वामी, एएसपी पश्चिमी दुर्गेश सिंह समेत कई थानों का फोर्स मौके पर पहुंच गये।

### सड़क हादसे में 4 की मौत, दस अन्य घायल

**कुपवाड़ा।** कुपवाड़ा जिले के करनाह के नवागाबरा इलाके में मंगलवार को एक वाहन के खाई में गिरने जाने से 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने बताया कि करनाह के नवागाबरा इलाके में वाहन अचानक सड़क से फिसल गया और खाई में गिर गया, जिससे 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि वाहन में सवार 10 अन्य लोगों को भी चोटें आईं है। अधिकारी ने कहा कि घायलों का इलाज एसडीएच तंगधार में किया जा रहा है। कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की कार्यवाही जारी है। विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।

# बच्चों में निमोनिया की दवाएं हो रहीं बेअसर, गंभीर रोगों का खतरा

**आरएनएम। नई दिल्ली**

द लैंसेट जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में लिखा है कि एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस की बढ़ती समस्या के कारण बच्चों-शिशुओं में आम संक्रमण के इलाज के लिए दी जाने वाली कई दवाएं अब भारत सहित दुनिया के बड़े हिस्सों में प्रभावी नहीं हैं। इस स्थिति में हल्के संक्रमण से भी गंभीर रोग का जोखिम हो सकता है। एंटीबायोटिक दवाओं के काम न करने से संक्रमण के शरीर में बढ़ने और ऑर्गन फेलियर तक का खतरा है। इस बारे में ऑस्ट्रेलिया में सिडनी विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं के नेतृत्व वाली टीम ने पाया कि निमोनिया, सेप्सिस (रक्त प्रवाह संक्रमण) और मेनिनजाइटिस जैसे बचपन में होने वाले संक्रमणों के इलाज के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा अनुशंसित कई एंटीबायोटिक दवाएं अब 50 प्रतिशत से भी कम प्रभावी साबित हो रही हैं। ये बड़ा खतरा है, जिससे बच्चों में गंभीर रोगों के विकसित होने का जोखिम हो सकता है।अध्ययन में शोधकर्ताओं ने बताया, दक्षिण पूर्व एशिया और प्रशांत क्षेत्र एंटीबायोटिक दवाओं के कम होते प्रभावों के सबसे ज्यादा शिकार हैं, यहां हर साल एंटीबायोटिक प्रतिरोध के कारण लाखों बच्चों की अनावश्यक मौतें होती हैं। डब्ल्यूएचओ ने यहां तक कहा है कि एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस (एएमआर) मानवता के सामने आने वाले शीर्ष 10 वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरों में से एक है। नवजात शिशुओं में, हर वर्ष वैश्विक स्तर पर सेप्सिस के अनुमानित तीन मिलियन मामले सामने आते हैं, जिसमें 570,000 (5.7 लाख) मौतें हो जाती हैं। इनमें से कई मामले बैक्टीरिया के इलाज के लिए प्रभावी एंटीबायोटिक, दवाओं के कम होते असर के कारण हैं। अध्ययन से इस बात के प्रमाण मिले हैं कि बच्चों में सेप्सिस और मेनिनजाइटिस के लिए कारक माने जाने वाले बैक्टीरिया, इसकी एंटीबायोटिक दवाओं के प्रति प्रतिरोधी साबित हो रहे हैं।

### कृतज्ञ राष्ट्र ने सरदार पटेल को किया याद

## राष्ट्रपति ने दिल्ली, प्रधानमंत्री ने केवड़िया में पुष्पाजंलि अर्पित की

**एजेंसी। नई दिल्ली/केवड़िया**

देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 148वीं जयंती के मौके पर आज (मंगलवार) केवड़िया (गुजरात) में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और कई गणमान्य लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें याद करते हुए एक्स पर लिखा, सरदार पटेल की जयंती पर हम उनकी अदम्य भावना, दूरदर्शी राजनेता और असाधारण समर्पण को याद करते हैं। उन्होंने हमारे देश की नियति को आकार दिया। राष्ट्रीय एकता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता हमारा मार्गदर्शन करती रहती है। हम उनकी सेवा के सदैव ऋणी रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी गुजरात दौरे के दूसरे दिन सुबह केवड़िया में स्टेच्यू ऑफ यूनिटी पहुंचे। यहां उन्होंने देश के पहले गृहमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने इस दौरान रैंप से स्टेच्यू ऑफ यूनिटी के बराबर गए और वहां से सरदार पटेल को फूल चढ़ाए। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के पटेल चौक पर आयोजित विशेष समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति धनखड़, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और अन्य लोगों ने भारत के पहले गृह मंत्री की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।


## FILMY हलचल

### शेफाली शाह ने खाई कसम- 'कभी अक्षय की मां का रोल नहीं करूंगी'



**बॉलीवुड** में कई अभिनेत्रियों ने अपने से बड़े अभिनेताओं की मां का किरदार निभाया है। हाल ही में आई फिल्म जवान में 39 साल की रिद्धि डोगरा ने 57 साल के शाहरुख खान की मां का किरदार निभाया था। ऐसी ही एक अभिनेत्री शेफाली शाह ने फिल्म वक्त में अक्षय की मां का रोल निभाया था। अब शेफाली ने एक सार्वजनिक कार्यक्रम में कहा कि अब वह कभी भी अक्षय की मां का किरदार नहीं निभाएंगी। एक सवालों के जवाब में शेफाली शाह ने कहा कि, मैं ईमानदारी से आपको बता सकती हूं कि मुझे इतने सारे अच्छे लोगों के साथ काम करने का मौका मिला, मैं खुश हूं। मैं ऐसा इसलिए नहीं कह रहा हूं कि ऐसा जवाब सुनकर अच्छा लगता है, बल्कि यह सच है। मैंने एक ऐसे निर्देशक और अभिनेता के साथ काम किया, जो बहुत मतलबी थे। इसके अलावा, मैंने उन सभी निर्देशकों के साथ काम किया है, जो महसूस करते हैं कि अभिनेता सहयोगी होते हैं, सिर्फ अभिनेता नहीं। शेफाली ने मंच पर कहा, मैं वादा करती हूं कि मैं अपनी जिंदगी में कभी भी अक्षय कुमार की मां का किरदार नहीं निभाऊंगी।

### रेमो डिसूजा की अपकमिंग फिल्म में नजर आएंगी नोरा फतेही



**अभिनेत्री-**डांसर नोरा फतेही कोरियोग्राफर-निर्देशक रेमो डिसूजा की आगामी फिल?म में नजर आने वाली हैं। इस आगामी उद्यम के बारे में लगभग कोई विवरण उपलब्ध नहीं है, लेकिन 'हिप-हॉप इंडिया' सहयोगी द्वारा उन्हें विवरण दिए जाने के बाद डांसिंग सनसनी ने तुरंत इस विचार पर विचार किया। फिल्म के डेवलपर्स में से एक ने कहा, 'बी हैप्पी' के बाद अगले कदम के लिए कई चर्चाएं हुईं और रेमो के पास एक विचार था जिसे नोरा ने तुरंत स्वीकार कर लिया। हमें उम्मीद है कि इसका समापन होगा क्योंकि यह निश्चित रूप से एक रोमांचक परियोजना होगी, जो 'बी हैप्पी' से बहुत अलग होगी।" रेमो की फिल्म 'स्ट्रीट डांसर' में उनका गाना 'गर्मी' लोगों के लिए पसंदीदा गाना बन गया।

### भोजपुरी फिल्म 'छठ के बरतिया' का ट्रेलर रिलीज




**लोक** आस्था के महापर्व छठ की शुरूआत इस साल 17 नवंबर से हो रही है। छठ पर्व भगवान सूर्य की उपासना का सबसे बड़ा पर्व माना जाता है। इसकी महिमा को ध्यान में रखते हुए एआरके वर्कस चैनल रत्नाकर कुमार प्रस्तुत भोजपुरी फिल्म छठ के बरतिया का धार्मिक और मार्मिक ट्रेलर वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। ट्रेलर में भोजपुरी एक्ट्रेस स्मृति सिन्हा को छठी मैया की भक्त के रूप में दिखाया गया है, वहीं अभिनेत्री माही श्रीवास्तव को छठ मैया का किरदार अदा करते हुए नजर आ रही हैं। जिसमें भक्त और भगवान की महिमा का बड़े सुंदर तरीके से चित्रण किया गया है। ट्रेलर में सभी कलाकारों ने अपने दम अभिनय से दर्शकों का मन जीत लिया है। ट्रेलर की बात करें तो इसमें स्मृति सिन्हा को छठ मैया याने माही श्रीवास्तव की भक्त के रूप में दशार्या गया है। जो अपनी हर इच्छा और मनोकामना मां को बताती हैं। अभिनेता अंशुमन मिश्रा स्मृति सिन्हा के पति के रूप में नजर आ रहे हैं। समर्थ चतुवेर्दी और रितु पांडेय ट्रेलर में विलेन का किरदार निभाते हुए दिखाई दे रहे हैं। जो अंशुमन मिश्रा के मामा और मामी होते हुए भी उसका घर नहीं बसने देना चाह रहे हैं।

**कार्यक्रम** जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला का 48 दिनों तक होगा विशेष पूजन

# 17 जनवरी को नगर भ्रमण पर निकलेंगे रामलला

**एजेंसी। लखनऊ**



अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर निर्माणाधीन भव्य एवं दिव्य मंदिर के गर्भगृह में रामलला की 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के अगले 48 दिनों तक उनका विशेष पूजन होगा। राम सबके हैं इसलिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने योजना बनाई है कि गर्भगृह में रामलला के विराजमान होने के बाद उनकी पूजा का अवसर सबको मिलना चाहिए। इसलिए 48 दिनों तक चलने वाले विशेष पूजा अनुष्ठान में देश के सभी प्रांतों के विद्वान अलग-अलग दिनों में आकर पूजा में सहभागी बनेंगे। सम्पूर्ण देश में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की रचना के अनुसार 48 प्रांत हैं। इसलिए एक दिन में एक प्रांत के 11 लोग आएंगे। इन 11 लोगों में धर्म एवं सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाले ऐसे लोग होंगे जो अपने-अपने बल पर समाज सेवा का कोई न कोई प्रकल्प चला रहे हों। 48 दिनों तक चलने वाला यह अनुष्ठान श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि जी महाराज की देखरेख में संपन्न होगा।

तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला विराजमान होने से पहले 17 जनवरी को अयोध्या के नगर भ्रमण पर निकलेंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक हिस्सा लेंगे। नगर भ्रमण का रूट क्या होगा इसका निर्धारण 05 नवंबर को अयोध्या में होने वाली श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट की बैठक में होगा। नगर भ्रमण के दौरान शोभायात्रा के रथ में रखी जाने वाली श्रीराम की मूर्ति का निर्माण कारसेवकपुरम में चल रहा है। ट्रस्ट के सदस्यों के अनुसार कारसेवकपुरम् में तीन मूर्तियां बनाई जा रही हैं। इनमें एक मूर्ति फाइनल की जाएगी। नगर भ्रमण के बाद उस मूर्ति को राम मंदिर के किसी स्थान पर स्थापित कर दी जाएगी।

### पांच दिनों तक चलेगा प्राण प्रतिष्ठा का विशेष अनुष्ठान

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान पांच दिनों तक विशेष अनुष्ठान होगा। समारोह के अनुष्ठान का शुभारम्भ 17 जनवरी को रामलला के नगर भ्रमण के साथ होगा। जिसके अगले चार दिनों में जलाधिवास, अन्नाधिवास, शैयाधिवास और पुष्पाधिवास पूर्ण किए जाएंगे। 22 जनवरी को प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत समेत देश के विभिन्न हिस्सों से करीब 10 हजार प्रतिनिधि समारोह में शामिल होंगे।

## गागर में सागर

### बाजार में जबरदस्त उछाल, 300 अंक बढ़कर 64450 पर खुला सेंसेक्स



**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार की तेजी लौट आई है और ग्लोबल बाजारों से खास सपोर्ट का असर भारतीय बाजार पर भी देखा जा रहा है। मंगलवार को घरेलू संकेतों में हैवीवेट्स की उछाल बाजार के लिए सपोर्टिव साबित हो रही है। टाटा के स्टॉक्स और बजाज के दोनों शेयरों की बढ़त का असर भारतीय बाजारों पर देखा जा रहा है। हालांकि मंगलवार को बाजार खुलने के 15 मिनट के भीतर ही निफ्टी सारी बढ़त गंवाकर लाल निशान में लौट चुका था। भारतीय शेयर बाजार की जबरदस्त तेजी के साथ शुरूआत हुई थी और सेंसेक्स ने ट्रिपल सेंचुरी लगाई है। बीएसई का सेंसेक्स 337 अंक या 0.53 फीसदी की उछाल के साथ 64,449 के लेवल पर कारोबार खुला। एनएसई का निफ्टी 92.05 अंक या 0.48 फीसदी की जबरदस्त बढ़त के साथ 19,232 के लेवल पर खुला। बैंक निफ्टी आज 43356 के ऊपरी लेवल तक गया था लेकिन अब 9 बजकर 30 मिनट पर डेज हाई से 257 अंक नीचे आकर 43102 के लेवल पर नजर आ रहा है।

### डार्क वेब पर 81.5 करोड़ भारतीयों का आधार और पासपोर्ट संबंधी डाटा लीक




**नई दिल्ली।** डार्क वेब पर 81.5 करोड़ भारतीयों का आधार डाटा लीक हुआ है। इस डाटा में आधार के साथ पासपोर्ट से जुड़ी जानकारी है, जिसमें लोगों के नाम के साथ उनका पूरा पता जैसी संवेदनशील जानकारी मौजूद है। एक रिपोर्ट में अमेरिकी साइबर सिक्योरिटी फर्म रीसिक्योरिटी के हवाले से बताया गया है कि ये डाटा शायद इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के जरिए लीक हुआ है। हालांकि, आईसीएमआर की ओर से इस पर अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। रीसिक्योरिटी की वेबसाइट पर मौजूद जानकारी के मुताबिक ये डाटा 'स्त्र६ल्ल0001' नाम के यूजर की ओर से बेचा जा रहा था। इसमें 81.5 करोड़ भारतीयों की आधार और पासपोर्ट से जुड़ी जानकारी थी। रीसिक्योरिटी की टीम की ओर से हैकर से डाटा खरीदने के लिए संपर्क किया गया तो उसकी ओर से 80,000 डॉलर (करीब 66,60,000 रुपए) मांगे गए। यह पहली बार नहीं है कि डेटा का उल्लंघन हुआ है। इससे पहले जून में सरकार ने वेबसाइट से वीवीआईपी सहित टीकाकरण वाले नागरिकों का व्यक्तिगत डेटा कथित तौर पर टेलीग्राम मैसेंजर चैनल के माध्यम से लीक होने के बाद डेटा उल्लंघन की जांच शुरू की थी।

### बंगाल में दुर्गा पूजा उत्सव पर शराब की बिक्री 600 करोड़ के आंकड़े पर पहुंची

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य में हाल ही में संपन्न दुर्गा पूजा उत्सव के चार दिनों के दौरान शराब की बिक्री से 600 करोड़ रुपये की राज्य उत्पाद शुल्क आय अर्जित की है। लंबी दुर्गा पूजा की छुट्टियों के बाद सोमवार को राज्य सरकार के लिए पहला कार्य दिवस था। राज्य में शराब की बिक्री और राज्य उत्पाद शुल्क के रूप में राज्य के खजाने में आने वाली राशि की गणना ने राज्य के वित्त विभाग के अधिकारियों को काफी उत्साहित कर दिया है। राज्य के वित्त विभाग के अधिकारियों की गणना के अनुसार, राज्य उत्पाद शुल्क कलेक्शन पहले ही लगभग 8,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जो 2023-24 के बजट अनुमान के अनुसार 17,921.56 करोड़ रुपये के लक्षित कलेक्शन का लगभग 45 प्रतिशत है। दुर्गा पूजा के चार दिनों के दौरान चलन को देखते हुए, राज्य के उत्पाद शुल्क अधिकारियों को चालू माह में काली पूजा, दिवाली के अवसर पर और फिर दिसंबर में क्रिसमस से शुरू होने वाले तथा नए साल की पूर्व संध्या के साथ समाप्त होने वाले एक और लंबे त्योहारी सीजन के कारण शराब व बीयर की इसी तरह की बिक्री की उम्मीद है। राज्य वित्त विभाग के एक अधिकारी ने कहा, "आम तौर पर, अक्टूबर और जनवरी के बीच के समय में शराब की बिक्री और राज्य उत्पाद शुल्क कलेक्शन के संबंध में तेजी से बढ़ोतरी होती है क्योंकि छोटे अंतराल पर दो लंबे त्योहारी सीजन होते हैं।

## एपल आईफोन हैकिंग मामले में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव बोले

# 150 देशों में एडवाइजरी जारी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

एपल आईफोन हैकिंग के विपक्ष के दावों को केंद्र सरकार ने मंगलवार को सिरे से खारिज कर दिया। केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विन वैष्णव ने साथ ही कहा कि आरोपों की जांच के लिए आदेश दिए गए हैं। अश्विन वैष्णव ने कहा कि कुछ साथियों ने एपल अलर्ट के बारे में संदेश दिए हैं, ऐसे में हम मामले की तह तक जाएंगे। उन्होंने विपक्ष के आरोपों पर कहा, "कुछ हमारे आलोचक हैं जो झूठे आरोप हमेशा लगाते रहते हैं। ये देश की प्रगति नहीं चाहते। एपल ने 150 देशों में एडवाइजरी जारी की है। एपल ने अनुमान के आधार पर मैसेज भेजा है। एपल ने अपना स्पष्टीकरण जारी कर दिया है। वैष्णव ने कहा कि इनकी (विपक्षी दलों) आदत है कि जब भी कोई अहम मुद्दा नहीं होता तो कहते हैं कि निगरानी हुई है। इन्होंने ये आरोप कुछ साल पहले भी लगाने की कोशिश की थी। इसकी जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में हुई, लेकिन कुछ नहीं निकला। प्रियंका गांधी ने भी दावा किया था कि उनके दो बच्चों का फोन हैक हुआ था, लेकिन कुछ नहीं हुआ।" कांग्रेस नेता राहुल गांधी, शशि थरूर, शिवसेना (यूबीटी) की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी, तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा और आम आदमी पार्टी (आप) के राघव चड्ढा समेत विपक्ष के कई नेताओं ने मंगलवार को दावा किया कि उन्हें एपल से एक चेतावनी मिली है। इसी के साथ विपक्षी नेताओं ने सरकार पर जासूसी के आरोप लगाए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि जब भी अडानी से जुड़ा मामला उठाया जाता है तो एजेंसियों को जासूसी में लगा दिया जाता है। उन्होंने कहा, "नरेंद्र मोदी की आत्मा अडानी में है, तोता कहीं बैठा है, राजा कहीं और बैठा हुआ है। हकीकत यह है कि सत्ता अडानी के हाथ में हैं। इसमें कहा गया है कि "सरकार प्रायोजित हमलावर कहीं दूर से उनके आईफोन से छेड़छाड़ करने की कोशिश कर रहे हैं। ये हमलावर संभवतः आप कौन हैं या आप क्या करते हैं, इसके कारण आपको व्यक्तिगत रूप से निशाना बना रहे हैं। हैकिंग के दावों पर एपल ने कहा, "इस बारे में जानकारी नहीं दे सकते कि किस वजह से खतरे की चेतावनी दी जाती है क्योंकि इससे राज्य प्रायोजित हमलावरों को बचने में मदद मिल सकती है। खतरे की चेतावनी के लिए किसी विशिष्ट राज्य-प्रायोजित हमलावर को जिम्मेदार नहीं ठहरा सकते। कंपनी ने कहा, "हमलावर आर्थिक व तकनीकी रूप से प्रभावशाली हैं, अकसर हमलों का पूर्ण तरीके से पता नहीं लग पाता है।"

## करवा चौथ से पहले सस्ता हुआ सोना, 72,500 के पास पहुंची चांदी




**एजेंसी। नई दिल्ली**

मंगलवार अक्टूबर का आखिरी दिन था और आज से नवंबर की शुरूआत हो गई। नवंबर में भारत में त्योहारी सीजन के तहत कई बड़े त्योहार आने वाले हैं। 1 नवंबर को सुहागिनों का प्रमुख त्योहार करवा चौथ मनाया जाएगा। ऐसे में अगर आप करवा चौथ के मौके पर अपनी पत्नी के लिए गोल्ड या सिल्वर ज्वैलरी खरीदने के बारे में सोच रहे हैं तो आपके लिए खुशखबरी है। करवा चौथ से ठीक एक दिन पहले वायदा बाजार में सोना और चांदी दोनों सस्ते हो गए हैं। मंगलवार को मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोना गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है। करवा चौथ के बाद लोग धनतेरस, दिवाली और भाई दूज पर भी जमकर सोने की खरीदारी करते हैं तो सोने के दाम कम होने का फायदा ले सकते हैं। शुरूआती दौर में सोना जहां 61,117 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर खुला है। इसके बाद इसकी कीमत में कुछ सुधार देखा गया है और यह कल के मुकाबले 130 रुपये यानी 0.21 फीसदी सस्ता होकर 61,150 रुपये के स्तर पर बना हुआ है। सोमवार को सोना 61,020 रुपये पर बंद हुआ था। सोने के अलावा चांदी में भी आज गिरावट देखी जा रही है। वायदा बाजार में चांदी 31 अक्टूबर को कल के मुकाबले 266 रुपये यानी 0.37 फीसदी सस्ती होकर 72,489 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। वहीं सोमवार को सिल्वर 72,223 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। घरेलू बाजार के अलावा अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने-चांदी के भाव में गिरावट देखी जा रही है। मेटल रिपोर्ट के अनुसार अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना 0.08 फीसदी गिरावट के साथ 1,994.80 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं चांदी भी घरेलू बाजार की तरह लाल निशान पर ही कारोबार कर रही है।

### अमेरिकी बाजार में बढ़त, टेस्ला के शेयर 5% गिरे

**नई दिल्ली।** तीन दिनों तक लगातार गोते लगाने के बाद अमेरिकी बाजार सोमवार को अच्छी बढ़त के साथ बंद हुए। डाओ जोंस 511 अंक (1.58%) चढ़कर बंद हुआ, जो कि 2 जून के बाद सबसे बढ़िया सेशन रहा। र&ढ 500 1.2 फीसदी उछलकर 4,166.82 पर बंद हुआ, जो कि अगस्त के बाद से इसका सबसे शानदार परफॉर्मेंस है। नैस्डेक भी 147 अंकों की तेजी के साथ बंद हुआ। अमेरिकी शेयर बाजार में तेजी के बावजूद एलन मस्क की इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला के शेयरों मे सोमवार को भारी गिरावट देखने को मिली। कंपनी के शेयर 5 फीसदी की गिरावट आई, क्योंकि इसके बैटरी पार्टनर पैनासोनिक ने इलेक्ट्रिक व्हीकल के लिए एक बार फिर घटती डिमांड की आशंका जताई। अमेरिका की 10 साल की बॉन्ड यील्ड पिछले हफ्ते 5% चली गई थी, बीच में ये 4.8% तक फिसली लेकिन एक बार फिर इसमें तेजी है और ये 4.9% पर आ गई है।

## विदेश

# बांग्लादेश की अदालत ने 7 आतंकियों की मौत की सजा उम्रकैद में बदली



**एजेंसी। ढाका**

बांग्लादेश के उच्च न्यायालय ने विगत सोमवार को सात इस्लामी आतंकवादियों की मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया। इन आतंकवादियों को ढाका के एक लोकप्रिय कैफे पर 2016 में हुए देश के सबसे भयानक आतंकी हमले में उनकी भूमिका के लिए दोषी ठहराया गया था। इस हमले में एक भारतीय लड़की सहित 23 लोग मारे गए थे। भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने एक जुलाई 2016 को ढाका के पॉश राजनयिक क्षेत्र में स्थित ह्यहोली आर्टिसन बेकरी' रेस्तरां पर हमला किया था और वहां खाना खा रहे लोगों को बंधक बना लिया था। बाद में उन्होंने तीन बांग्लादेशियों, सात जापानी, नौ इतालवी और एक भारतीय नागरिक की हत्या कर दी थी। कमांडो द्वारा चलाए गए बचाव अभियान के दौरान हमलावर मारे गए थे। 12 घंटे तक चले घटनाक्रम के दौरान दो पुलिस अधिकारियों और कैफे के एक खानसामां की भी मौत हो गई थी। हमले के बाद सुरक्षाबलों की छापेमारी में आठ संदिग्ध मारे गए थे। ढाका स्थित आतंकवाद रोधी विशेष न्यायाधिकरण ने 27 नवंबर, 2019 को हमले में संलिप्तता को लेकर ह्यनियो जमातुल मुजाहिदीन बांग्लादेश' के सात आतंकवादियों को दोषी ठहराते हुए मौत की सजा सुनाई थी। ढाका रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार को उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति शाहिदुल करीम और न्यायमूर्ति मोहम्मद मुस्तफिजुर रहमान की दो सदस्यीय पीठ ने सात आतंकवादियों की मौत की सजा को जीवन-पर्यंत कारावास की सजा में बदल दिया।

## युद्ध विराम

## यूएन ने कहा- गाजा में तत्काल संघर्षविराम जरूरी

# यह फिलीस्तीनियों के लिए जिंदगी और मौत का प्रश्न है



**वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के अनुसार, 8,300 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है जिनमें से 66 प्रतिशत महिलाएं और बच्चे हैं तथा हजारों लोग घायल हुए है**

**एजेंसी। युरूसलम**

फिलीस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के प्रमुख फिलिप लजारिनी ने विगत सोमवार को विश्व निकाय की एक आपात बैठक में, इजराइल और हमास के बीच जारी संघर्ष पर कहा कि तत्काल मानवीय संघर्ष विराम जरूरी है क्योंकि गाजा में लाखों लोगों के लिए जीवन और मृत्यु का प्रश्न है।" उन्होंने इजराइल पर फिलीस्तीनियों को सामूहिक दंड" देने और नागरिकों का जबरन विस्थापन करने का आरोप लगाया। लजारिनी ने आगाह किया कि भोजन और अन्य सहायता की बाट जोह रहे फलस्तीनियों द्वारा संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के गोदामों में लूटपाट के बाद नागरिक व्यवस्था ध्वस्त होने से ह्यगाजा में संयुक्त राष्ट्र की सबसे बड़ी एजेंसी के लिए अपना काम जारी रखना बेहद मुश्किल हो जाएगा। लजारिनी ने सात अक्टूबर को इजराइल पर हमास के हमले के 23 दिन बाद गाजा में गंभीर मानवीय स्थिति का सुरक्षा परिषद में वर्णन किया। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय कार्यालय ने बताया कि गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के अनुसार, 8,300 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है जिनमें से 66 प्रतिशत महिलाएं और बच्चे हैं तथा हजारों लोग घायल हुए है। यूनीसेफ की कार्यकारी निदेशक कैथरीन रसेल ने बताया कि मृतकों में 3,400 से अधिक बच्चे शामिल हैं और 6,300 से अधिक बच्चे घायल हुए हैं। उन्होंने कहा, ह्यइसका मतलब है कि गाजा में हर दिन 420 से अधिक बच्चे मारे जा रहे हैं और यह ऐसी संख्या है जो हमारी आत्मा को झकझोर कर रख देगी। लजारिनी ने कहा, यह 2019 से अब तक दुनिया के संघर्षरत क्षेत्रों में हर साल मारे गए बच्चों की संख्या से भी अधिक है।" उन्होंने कहा कि गाजा में कहीं भी, कोई भी सुरक्षित स्थान नहीं है। उन्होंने आगाह किया कि मूलभूत सेवाएं चरमरा रही हैं, दवाओं, खाद्य सामग्री, पानी और ईंधन की किल्लत हो रही है और सड़कों पर सीवर का पानी बह रहा है जो बहुत जल्द ही बड़े पैमाने पर स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा करेगा। सुरक्षा परिषद में ज्यादातर वक्ताओं ने सात अक्टूबर को हमास द्वारा इजराइल पर किए गए हमलों की निंदा की जिनमें 1,400 से अधिक लोग मारे गए थे। इन वक्ताओं ने उग्रवादियों द्वारा बंधक बना कर गाजा ले जाए गए करीब 230 लोगों की तत्काल रिहाई का भी अनुरोध किया। बहरहाल, प्रत्येक वक्ता ने इस बात पर भी जोर दिया कि इजराइल, अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के तहत नागरिकों की रक्षा के लिए तथा उनके जीवन के लिए जरूरी अस्पताल, स्कूल एवं अन्य अवसंरचनाओं की रक्षा के लिए बाध्य है।

### मुकेश अंबानी को जान से मारने की मिली तीसरी धमकी

# 400 करोड़ रुपये की रखी डिमांड



**एजेंसी। नई दिल्ली**

एशिया और भारत के सबसे अमीर शख्स मुकेश अंबानी को जान से मारने की तीसरी धमकी मिली है। धमकी देने वाले ने इस बार 400 करोड़ रुपये की मांग की है। इससे पहले दो बार मुकेश अंबानी को धमकी मिल चुकी है। पहली बार मुकेश अंबानी से 20 करोड़ रुपये और दूसरी बार 200 करोड़ रुपये की डिमांड की गई थी। सोमवार को भेजे गए ईमेल में कहा गया है कि अगर पुलिस मुझे नहीं खोज पाई तो वह मुझे गिरफ्तार नहीं कर सकती है। तीसरी धमकी वाला मेल भी उसी एड्रेस से आया है, जिससे पिछले दो धमकी भरे ईमेल आए थे। तीसरी मेल में रकम डबल करते हुए 400 करोड़ रुपये की मांग की गई है। वहीं मुंबई पुलिस दोनों मेल के खंगालने में जुटी हुई है और भेजने वाले के लोकेशन का पता लगा रही है। पुलिस ने इंटरपोल के जरिए बेल्जियम की एक वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क कंपनी से भेजे गए धमकी भरे मेल की जानकारी निकालने के लिए मदद मांगी है। कहा जा रहा है कि इसका आईपी एड्रेस बेल्जियम का है और ये मेल से भेजी गई है।

## पेज एक के शेष

### वंदना ने...

मैचों में यह दूसरी जीत है जबकि मलेशिया की चार मैचों में तीसरी हार है।

वहीं, दिन के पहले मैच में कोरिया ने थाईलैंड को 3-0 से हराकर चार मैचों में अपनी दूसरी जीत हासिल कर ली। थाईलैंड की चार मैचों में यह लगातार चौथी हार है। कोरिया के लिए यूजिन ली ने 24वें, चेयोंग जुंग ने 30वें और सुएंगे पार्क ने 32वें मिनट में गोल किए। राउंड रॉबिन लीग चरण के आधार पर खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में कुल छह टीमें भाग ले रही हैं। इनमें मेजबान भारत के अलावा चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड की टीमें शामिल हैं। लीग चरण के बाद अंकतालिका की टॉप-4 टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। भारत को साल 2016 के बाद से अपनी पहली खिताब की तलाश है। भारतीय टीम 2013 और 2018 में रजत पदक जीत चुकी है।

### रघुवर दास ने ...

शपथ ग्रहण समारोह के तुरंत बाद कमिश्नरेट पुलिस की टुकड़ी द्वारा राज्यपाल रघुवर दास को गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नवीन पटनायक, केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, ओडिशा विधानसभा की अध्यक्ष प्रमिला मल्लिक, रांची के सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, विधायक सीपी सिंह, बिरंची नारायण, समरी लाल, किशुन दास, पूर्व सांसद अजय मारू, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, प्रकाश राम, पूर्व मेयर आशा लकड़ा, मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की मंत्रिपरिषद के सदस्य, जन-प्रतिनिधि, विभागों के सचिव एवं आमंत्रित सदस्य उपस्थित थे।

### हर युवा को...

कई योजनाएं चला रही हैं। ताकि, उनकी आय को बढ़ाने के साथ जीवन स्तर को भी बेहतर बना सकें। मुख्यमंत्री ने किसानों से कहा कि वे बिरसा हरित ग्राम योजना से जुड़ें और अपनी जमीन पर फलदार पौधे लगाकर अपनी आय को बढ़ाएं। इसमें सरकार आपको पूरा सहयोग कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हमारी सरकार बनी तो कोरोना महामारी ने पूरी दुनिया को अपनी गिरफ्त में ले लिया। जब कोरोना से निजात मिली तो सुखाड़ का सामना करना पड़ा। लेकिन, आप सभी के सहयोग से हम इन चुनौतियों से निपटते हुए विकास को रफ्तार दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसान, मजदूर, आदिवासी, दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक, बुजुर्ग महिला नौजवान और दिव्यांग सभी के लिए योजनाएं हैं। हमारा प्रयास है कि सभी वर्ग और तबका राज्य के विकास में भागीदार बने।

**आपका अपने आशियाना का सपना करेंगे पूरा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने अबुआ आवास योजना शुरू करने का निर्णय लिया है। इस योजना के तहत 8 लाख लोगों के अपने आशियाना का सपना को पूरा करेंगे। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों को शहर और जिला मुख्यालय से सीधा संपर्क और सुलभ आवागमन के लिए मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना भी शुरू की जा रही है। इस योजना के तहत लगभग एक करोड़ लोग निःशुल्क यात्रा कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम अपनी परंपरा और विरासत को भी आगे ले जाने का काम कर रहे हैं। खनिज-संपदाओं के साथ-साथ यहां की कला संस्कृति, पर्यटन, खेलकूद आदि को प्रमोट करने के साथ-साथ इससे जुड़े लोगों को भी आगे बढ़ाने के लिए आगे बढ़ाने के लिए काम कर रही है।

**खेल प्रतिभाओं को निखारने का निरंतर प्रयास जारी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि खेलों के माध्यम से राज्य को अलग पहचान देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इस कड़ी में देश में पहली बार वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करने का मौका रांची को मिला है। इसी तरह आगे भी कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताएं झारखंड में होंगी। उन्होंने कहा कि राज्य के हर पंचायत और गांव में खेल मैदान विकसित किया जा रहे हैं। वहीं, सिदो- कान्हू क्लब के जरिए खेल प्रतिभाओं को निखारा जा रहा है। हमारी कोशिश है कि खेल में भी झारखंड देश में एक अपनी अलग छवि बना सके। इस अवसर पर मंत्री आलमगीर आलम और सत्यानंद भोक्ता, विधायक रामचंद्र सिंह और बैद्यनाथ राम, जिला परिषद अध्यक्षा प्रतिमा कुमारी, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, श्रम सचिव राजेश शर्मा, प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल, पुलिस महानिरीक्षक राजकुमार लकड़ा, जेएसएलपीएस के मिशन डायरेक्टर सुनील कुमार और पलामू ,गढ़वा तथा लातेहार जिला के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक समेत कई अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### सिविल कोर्ट में...

इस एवज में अक्तूबर से नवंबर 2018 के बीच अमित ने आरोपी को 5.85 लाख रुपए नगद दिया। निर्धारित अवधि बीतने के बाद न तो आरोपी ने अमित की नौकरी लगायी और न ही पैसे ही वापस किए। दबाव बनाने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी है।

**सिविल कोर्ट घुमाया, दिया फर्जी नियुक्ति पत्र :** अमित ने बताया कि आरोपी ने एक दिसंबर 2018 को नियुक्ति पत्र दिया। जिसमें सिविल कोर्ट के उप रजिस्टार जसवंत कुमार चौधरी के हस्ताक्षर और मुहर लगा था। पत्र में दस दिसंबर तक ज्वाइनिंग करने की बात लिखी हुई थी। पत्र में 25 हजार रुपए मासिक वेतन देने की बात भी लिखी हुई थी। नियुक्ति पत्र देने के बाद आरोपी टूना अमित को लेकर सिविल कोर्ट अपने साथ ले गया। वहां से आरोपी फरार हो गया। जब कोर्ट में जाकर अमित ने नियुक्ति पत्र के बारे में जानकारी ली तो पता चला कि फर्जी है।

**थाने ने आवेदन लेने से किया इंकार :** अमित ने नियुक्ति पत्र फर्जी होने की जानकारी आरोपी को दिसंबर 2018 में ही दी। लेकिन आरोपी उसे सही ठहराते रहा। अमित को जब यकीन हो गया कि आरोपी ने उसके साथ धोखाधड़ी की है। इसके बाद वह आरोपी पर पैसे वापस करने के दबाव बनाया। लेकिन आरोपी ने पैसे देने से इंकार कर दिया। इसके बाद जून 2021 को अमित हिंदपीढ़ी थाने पहुंचकर मामला दर्ज कराने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस वालों ने आवेदन लेने से इंकार कर दिया। इसके बाद अमित कोर्ट पहुंचकर शिकायतवाद दर्ज कराया।

### ऑपरेशन ऑक्टोपस के...

राजकुमार लकड़ा, डीआईजी रांची व तत्कालीन डीआईजी जगुआर अनूप बिरथरे, एसपी शिवानी तिवारी, लातेहार एसपी अंजनी अंजन, तत्कालीन गढ़वा एसपी अंजनी कुमार झा, सेकेंड कमांडेंट विवेकानंद सिंह, सहायक कमांडेंट कमलेश कुमार, इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार सिंह, एसआई गौतम कुमार, जमील अंसारी, मनोहर राम, हवलदार राजकुमार उरांव, आरक्षी रतन कुमार यादव और विष्णु शंकर को स्पेशल ऑपरेशन मेडल मिला है।

### हाईकोर्ट ने ईडी को...

करप्शन ब्यूरो (एसीबी) में दर्ज 14 केस में से 13 केस में आरोप पत्र दाखिल हो चुके हैं। ईडी की ओर से जो दस्तावेज मांगे गए थे उसे राज्य सरकार ने उपलब्ध करा दिया है। जनहित याचिका में याचिकाकर्ता का जो आग्रह था, वह पूरा हो चुका है। इसलिए याचिका निष्पादित की जाए। कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 12 दिसंबर निर्धारित की है। याचिकाकर्ता ने मनरेगा घोटाला में चाईबासा के तत्काल डीसी के श्रीनिवासन की भूमिका पर सवाल उठाया है, जिस पर कोर्ट ने कहा कि ईडी इस मामले की जांच कर रही है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि यदि ईडी चाईबासा में मनरेगा घोटाले मामले के अनुसंधान से संबंधित दस्तावेज की प्रतिलिपि की मांग करती है तो उसे उपलब्ध कराए। उस समय ईडी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि मामले में कई केस में एंटी करप्शन ब्यूरो( एसीबी) ने आरोप पत्र दिए दाखिल कर दिया है लेकिन आरोप पत्र की प्रतिलिपि मांगे जाने पर राज्य सरकार द्वारा ईडी को मुहैया नहीं कराया जा रहा है, जिस पर कोर्ट ने सरकार को ईडी द्वारा मांगे जाने वाले दस्तावेज उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। याचिकाकर्ता की ओर से की ओर से कोर्ट को बताया गया था वित्तीय वर्ष 2008-9, 2009-10, 2010-11 में चाईबासा में करीब 28 करोड़ रुपये का मनरेगा घोटाला हुआ है। इसे लेकर चाईबासा में पुलिस ने 14 एफआईआर दर्ज की थी। बाद में एसीबी ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया था लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। चाईबासा में तीन वित्तीय वर्षों में मनरेगा कार्यों में अग्रिम राशि का भुगतान तो कर दिया गया था लेकिन कोई काम धरातल पर नहीं हुआ था। उस समय चाईबासा के डीसी के श्रीनिवासन थे।

### हाईकोर्ट ने दारोगा रूपा...

के आदेश पर रूपा तिर्की की मौत के केस का ट्रायल रुका हुआ था। जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई। शिव कुमार की ओर से अधिवक्ता रोहितस्य रॉय और विभोर मयंक ने बहस की। इस केस में साहिबगंज जिले के बोरियो थाना में मामला (कांड संख्या 127/2021) दर्ज किया गया है। शिव कुमार कनौजिया फिलहाल जमानत पर हैं। उन्हें झारखंड हाई कोर्ट ने जमानत की सुविधा प्रदान की है। साहिबगंज महिला थाना प्रभारी रूपा तिर्की आत्महत्या मामले में साहिबगंज पुलिस ने 2018 बैच के दारोगा शिव कनौजिया को नौ मई, 2021 को गिरफ्तार किया था। इस पूरे मामले की जांच सीबीआई ने की है। सीबीआई ने इस मामले में अपनी क्लोजर रिपोर्ट भी दाखिल कर दी है। सीबीआई के केस टेकअप करने से पहले पुलिस ने भी चार्जशीट दाखिल की थी। शिव कुमार कनौजिया 2018 बैच के एसआई (सब इंस्पेक्टर) हैं। शिव कुमार और रूपा के बीच दोस्ती थी। मोबाइल पर दोनों के बीच अक्सर बात होती थी।

### रांची तेजी से...

के अनुसार - इंजीनियरिंग, कला, विज्ञान में भारत के 60% स्नातक छोटे शहरों में हैं। इन शहरों में 140 से अधिक वैश्विक क्षमता केंद्रों के कुछ न कुछ काम हो रहे हैं। यह इन स्थानों में वैश्विक उद्यमों की बढ़ती रुचि को उजागर करता है। टियर-2 शहर नवाचार के भी बढ़ने वाले स्थल बन रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार देश के कुल स्टार्टअप (7,000 से अधिक) में से लगभग 39% इन उभरते टियर-2 शहरों में काम करते हैं, जो डीप टेक से लेकर बिजनेस प्रोसेस मैनेजमेंट (बीपीएम) तक के उद्योगों में फैले हुए हैं। डेलॉय इंडिया के अनुसार कहा, "अतीत में बड़े शहरों पर ध्यान केंद्रित किया जाता था, लेकिन महामारी के बाद देश भर में काम का उल्लेखनीय विकेंद्रीकरण देखा गया। ये स्थान जहां वर्तमान में 10-15 प्रतिशत तकनीकी प्रतिभा हैं, यदि विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा व सरकार की मदद मिले तो आशाजनक विकास में सक्षम हैं।

# पाक ने बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया

## अब्दुल्ला-फखर ने जड़े शानदार अर्धशतक




**एजेंसी। कोलकाता**

पाकिस्तान ने आखिरकार ईडन गार्डन के मैदान पर बांग्लादेश को क्रिकेट विश्व कप 2023 के महत्वपूर्ण मुकाबले में 7 विकेट से हरा दिया। भले ही पाकिस्तान के लिए विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंचना लगभग असंभव है लेकिन चिर प्रतिद्वंद्वी बांग्लादेश के खिलाफ जीत दर्ज करना उनके लिए वर्चास्व की लड़ाई की तरह था। पाकिस्तान इस जीत के साथ प्वाइंट टेबल में 7वें स्थान से ऊपर आ गया है। मैच की बात करें तो बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। पाकिस्तानी गेंदबाजों शाहीन अफरीदी (3/20), हारिस रऊफ (2/36) और मोहम्मद वसीम जूनियर (3/31) ने शानदार गेंदबाजी से बांग्लादेश को 45.1 ओवर में 204 रन पर ढेर कर दिया। बांग्लादेश की तरफ से महमूदुल्लाह ने 56, लिटन दास ने 45, शाकिब अल हसल ने 43 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान की ओर से अब्दुला शफीक ने 68 तो फखर जमान ने 81 रन बनाकर पाकिस्तान को 7 विकेट से जीत दिलाने में मदद की। बांग्लादेश इसी के साथ क्रिकेट विश्व कप की सेमीफाइनल रेस से बाहर होने वाली पहली टीम बन गई है।

इससे पहले ईडन गार्डन में आज बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की शुरूआत बेहद खराब रही और शाहीन अफरीदी ने पहले ओवर की 5वीं गेंद पर तंजीद हसन को शून्य पर पगबाधा आउट कर बंगलादेश को पहला झटका दिया। इसके बाद अपने दूसरे ओवर में उन्होंने नजमुल हुसैन शांतो 4 रन को उसामा मीर के हाथों कैच कराया। छठे ओवर में 23 के स्कोर पर हारिस रऊफ ने मुशफिकुर रहीम 5 रन को रिजवान के हाथों कैच कराया। बंगलादेश का 102 के स्कोर पर चौथा विकेट गिरा।

लिटन दास को इफ्तिखार अहमद ने आगा सलमान के हाथों कैच कराया। उन्होंने 64 गेंद पर 6 चौके की मदद से 45 रन बनाए। लिटन ने महमूदुल्लाह के साथ चौथे विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी की।

### वर्ल्ड कप 2023 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | नेट प्वाइंट्स | नेट प्वाइंट्स |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 6 | 6 | 0 | 12 | +1.405 |
| सा. अफ्रीका | 6 | 5 | 1 | 10 | +2.032 |
| न्यूजीलैंड | 6 | 4 | 2 | 8 | +1.232 |
| ऑस्ट्रेलिया | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.970 |
| पाकिस्तान | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.024 |
| अफगानिस्तान | 6 | 3 | 3 | 6 | -0.718 |
| श्रीलंका | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.275 |
| नीदरलैंड्स | 6 | 2 | 4 | 4 | -1.277 |
| बांग्लादेश | 7 | 1 | 6 | 2 | -1.446 |
| इंग्लैंड | 6 | 1 | 5 | 2 | -1.652 |

### स्कोर बोर्ड

| बांग्लादेश | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| तंजिद हसन | 0 | 5 | 0 | 0 |
| लिटन कुमार दास | 45 | 64 | 6 | 0 |
| नजमुल शान्तो | 4 | 3 | 1 | 0 |
| मुशफि कुर रहीम | 5 | 8 | 1 | 0 |
| महमुदउल्लाह | 56 | 70 | 6 | 1 |
| शाकिब अल हसन | 43 | 64 | 4 | 0 |
| मो. तौहीद हदोय | 7 | 3 | 0 | 1 |
| मेहदी हसन मिराज | 25 | 30 | 1 | 1 |
| तस्किन अहमद | 6 | 13 | 0 | 0 |
| मुस्तफि जुर रहमान | 3 | 7 | 0 | 0 |
| शोरिफुल इस्लाम | 1 | 4 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 09, **कुल :** 204/10 (45.1 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-0, 2-6, 3-23, 4-102, 5-130, 6-140, 7-185, 8-200, 9-201, 10-204 . डीआरएस
**गेंदबाजी :** शाहीन शाह अफरीदी 9-1-23-3, इफ्तिखार अहमद 10-0-44-1, हारिस रउफ 8-0-36-2, मोहम्मद वसीम 8.1-1-31-3, उसामा मीर 10-0-66-1

| पाकिस्तान | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अब्दुल्लाह शफीक | 68 | 69 | 9 | 2 |
| फखर जमान | 81 | 74 | 3 | 7 |
| बाबर आजम | 9 | 16 | 1 | 0 |
| मोहम्मद रिजवान | 26 | 21 | 4 | 0 |
| इफ्तिखार अहमद | 17 | 15 | 2 | 0 |

**अतिरिक्त :** 04, **कुल :** 205/3 (32.3 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-128, 2-160, 3-169. डीआरएस
**गेंदबाजी :** तस्किन अहमद 6-1-36-0, शोरिफुल इस्लाम 4-1-25-0, मेहदी हसन मिराज 9-0-60-3, मुस्तफि जुर रहमान 7-0-47-0, शाकिब अल हसन 5.3-0-30-0, नजमुल शान्तो 1-0-5-0

# मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं इतने रन और शतक बनाऊंगा : कोहली



**एजेंसी। मुंबई**

भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने अपने अब तक के शानदार करियर को दशार्ते हुए कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह इतने वर्षों में इतने रन और शतक बनाएंगे। भारत का अगला आईसीसी क्रिकेट विश्व कप मैच 2 नवंबर को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ है। विराट को श्रीलंका के खिलाफ खेलना पसंद है, उन्होंने उनके खिलाफ वनडे में 10 शतक लगाए हैं, जो किसी भी देश के खिलाफ उनका सबसे ज्यादा शतक है। जैसा कि विराट ने सचिन तेंदुलकर के 49 एकदिवसीय शतकों के रिकॉर्ड का पीछा करना जारी रखा है, प्रशंसकों को उम्मीद होगी कि वह श्रीलंका के खिलाफ अपने रिकॉर्ड की बराबरी करने वाला शतक लगाएंगे।

स्टार स्पोर्ट्स से विशेष रूप से बातचीत में विराट ने अपने करियर के बारे में अपने विचार दिए, उन्होंने कहा, ₹अगर हम क्रिकेट के बारे में बात करते हैं, तो मैंने कभी भी सब कुछ हासिल करने के बारे में नहीं सोचा था, जैसे कि मेरा करियर कहां है और भगवान ने मुझे कैसे आशीर्वाद दिया है। मैंने हमेशा सपना देखा था कि मैं ऐसा करूंगा, लेकिन मैंने कभी नहीं सोचा था कि चीजें इस तरह से आगे बढ़ेंगी, कोई भी इन चीजों की योजना नहीं बना सकता है, जिस तरह से आपकी यात्रा चल रही है, और जिस तरह से चीजें आपके सामने आती हैं .मैंने नहीं सोचा था कि मैं इतने सालों में इतने शतक और इतने रन बनाऊंगा।''

अपने फोकस के बारे में बात करते हुए विराट ने कहा कि उनका ध्यान हमेशा अपनी टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करने और कठिन परिस्थितियों में मैच जीतने पर रहा है। उन्होंने कहा, मेरा एकमात्र ध्यान इस बात पर था कि मैं टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करूं और कठिन परिस्थितियों में टीम को मैच जिताऊं। इसके लिए मैंने अनुशासन और जीवनशैली में काफी बदलाव किए। मुझमें हमेशा से ही जोश था, लेकिन मुझमें व्यावसायिकता की कमी थी। अब मेरा पूरा ध्यान इस बात पर है कि मैं खेल को कैसे खेलना चाहता हूं और उसके बाद, मैंने जो परिणाम हासिल किए हैं, वे उसी तरह से खेलने से प्राप्त हुए हैं। ईमानदारी से कहूं तो, मैंने अपने करियर से सीखा है। मैंने मैदान पर अपना सौ फीसदी देकर क्रिकेट खेला है और इससे मुझे जो आशीर्वाद मिला है वह भगवान ने मुझे दिया है और मैंने कभी नहीं सोचा था कि चीजें इस तरह से सामने आएंगी।'

विराट ने अब तक विश्व कप 2023 के छह मैचों में 88.50 की औसत और 88 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 354 रन बनाए हैं। उन्होंने अब तक एक शतक और तीन अर्धशतक बनाए हैं, जिसमें 103* का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। वह टूर्नामेंट में अब तक छठे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं।

# राष्ट्रीय खेलों का मेरे दिल में विशेष स्थान है : रानी रामपाल




**एजेंसी। पणजी**

भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल ने कहा है कि उनका राष्ट्रीय खेलों से विशेष जुड़ाव है क्योंकि इन खेलों में उनके प्रदर्शन के कारण ही उन्हें राष्ट्रीय शिविर में जगह मिली। भारतीय सीनियर टीम के लिए डेब्यू करने वाली सबसे कम उम्र की महिला हॉकी खिलाड़ी होने का रिकॉर्ड रखने वाली रानी को पहली बार 2007 में राष्ट्रीय टीम के लिए चुना गया था, जब वह असम के गुवाहाटी में आयोजित खेलों में सिर्फ 14 साल की थीं और उनका करियर इसके बाद तेजी से आगे बढ़ा।

28 वर्षीय खिलाड़ी ने तब से भारत के लिए 250 से अधिक मैच खेले हैं और अपने शानदार करियर के दौरान 120 से अधिक गोल किए हैं। लेकिन राष्ट्रीय खेलों का मंच अभी भी रानी के जीवन में एक विशेष स्थान रखता है। रानी अपना चौथा राष्ट्रीय खेल खेल रही है। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय खेलों का मेरे दिल में एक विशेष स्थान है। मैंने पहली बार 2007 में राष्ट्रीय खेलों में भाग लिया था और वहां मेरे प्रदर्शन के आधार पर मुझे राष्ट्रीय शिविर के लिए चुना गया था। यह वही टूर्नामेंट है जिसने मेरे लिए राष्ट्रीय टीम के दरवाजे खोले। अपने देश के लिए खेलना किसी भी खिलाड़ी के जीवन का सबसे गौरवपूर्ण क्षण होता है। लेकिन यह याद रखना हमेशा विशेष होता है कि यह सब कहां से शुरू हुआ।

उन्होंने पिछले साल टोक्यो ओलंपिक खेलों में भारतीय टीम को चौथे स्थान पर पहुंचाने के तुरंत बाद गुजरात में राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा टीम का नेतृत्व किया था। अपने राज्य की टीमों के लिए वरिष्ठ अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के खेलने के महत्व के बारे में बोलते हुए रानी ने कहा, जब हम उभरते हुए खिलाड़ी थे, तो टीम में एक वरिष्ठ अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी होने से हमें अतिरिक्त प्रेरणा मिलती थी। हरियाणा की इस टीम ने युवा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को बनाया है और अगर मैं उपस्थिति उन्हें उत्कृष्टता हासिल करने में किसी भी तरह से मदद कर सकती है तो हॉकी के लिए इससे बेहतर योगदान क्या हो सकता है। रानी इस बात से खुश थी कि गोवा इस साल राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी कर रहा है और उन्होंने कहा कि यह देश भर में बढ़ती खेल संस्कृति को दशार्ता है और उम्मीद है कि राज्य निकट भविष्य में अंतर्राष्ट्रीय सितारे पैदा करेगा।

# निशानेबाज श्रियांका साडंगी ने हासिल किया ओलंपिक कोटा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

श्रियांका साडंगी ने कोरिया के चांगवोन में चल रही एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस (3पी) में चौथे स्थान पर रहकर पेरिस ओलंपिक के लिए भारत का 13वां कोटा हासिल किया। श्रियांका ने 440.5 स्कोर किया लेकिन 45 शॉट के फाइनल में 43वें शॉट के बाद बाहर हो गई। कोरिया की अनुभवी ली युंसियो ने स्वर्ण पदक जीता जबकि चीन की हान जियाउ को रजत पदक मिला। चीन की शिया सियु को कांस्य पदक मिला। सिर्फ रैंकिंग अंक के लिए खेल रही भारत की नंबर एक निशानेबाज सिफत कौर सामरा ने क्वालीफिकेशन में 592 स्कोर किया जबकि आशी चौकसी ने 591 का स्कोर बनाया।

श्रियांका और आयुषी पोद्दार ने 588 और 587 स्कोर करके शीर्ष आठ में जगह बनाई। मानिनी कौशिक दसवें स्थान पर रही। फाइनल में श्रियांका ने 10.9 के साथ शुरूआत की। पहल पांच नीलिंग शॉट के बाद उसका स्कोर 51.3 था जबकि आयुषी और आशी क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर थे। प्रोन में आशी ने अच्छी शुरूआत की जबकि श्रियांका चौथे स्थान पर रही। आयुषी सातवें स्थान पर खिसक गई। चौथे शॉट पर श्रियांका ने 10.8 और आशी ने 8.7 स्कोर किया। स्टैंडिंग पोजिशन में पहले दस शॉट के बाद ही भारत का कोटा तय हो गया। कोरिया की बाए सांघी और आयुषी क्रमश : आठवें और सातवें स्थान से बाहर हो गए।

# आज न्यूजीलैंड-दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों में होगा मुकाबला




**एजेंसी। पुणे**

सेमीफाइनल में प्रवेश की प्रबल दावेदार न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका विश्व कप के मैच में बुधवार को आमने सामने होंगी तो यह दोनों टीमों के बल्लेबाजों के बीच का मुकाबला होगा। मौजूदा विश्व कप के अधिकांश मुकाबले एकतरफा रहे हैं लेकिन अगर दो करीबी मुकाबले चुने जायें तो चेन्नई में दक्षिण अफ्रीका की पाकिस्तान पर एक विकेट से जीत और न्यूजीलैंड तथा आस्ट्रेलिया के बीच खेला गया रोमांचक मैच था जिसमें 388 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड टीम पांच रन पीछे रह गई।

दोनों टीमें सेमीफाइनल में प्रवेश की दावेदार हैं और अगर बल्लेबाज चल निकले तो यह रोमांचक मैच होगा। न्यूजीलैंड के छह मैचों में आठ अंक है। लगातार चार जीत के बाद धर्मशाला में नतीजे उसकी अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहे। ऐसे में एक पराजय से अफगानिस्तान (छह अंक) और पाकिस्तान (चार अंक) के रास्ते खुल सकते हैं। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका (छह मैचों में दस अंक) के जीतने पर 12 अंक हो जायेंगे और वह भारत के साथ सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा।

**टीमें इस प्रकार है:-**

**दक्षिण अफ्रीका :** टेम्बा बावुमा (कप्तान), गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डिकॉक, रीजी हेंड्रिक्स, मार्को जेनसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी, एंडिले फेहलुकवायो, कागिसो रबादा, तबरेज शम्सी, रेस वान डेर डुसेन , लिजाद विलियम्स।

**न्यूजीलैंड :** टॉम लाथम (कप्तान), डेवोन कॉनवे, विल यंग, मार्क चैपमैन, डेरिल मिशेल, जेम्स नीशाम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मिशेल सेंटनर, ईश सोढी, टिम साउथी, ट्रेंट बोल्ट, लॉकी फर्ग्युसन और मैट हेनरी।

# लियोनल मेसी ने 8वीं बार बेलोन डी'ओर जीतकर रचा इतिहास





**एजेंसी। पेरिस**

फुटबॉल के दिग्गज खिलाड़ी लियोनल मेसी ने 8वीं बार बेलोन डी'ओर का खिताब अपने नाम किया है। जबकि स्पेन की एताना बोनमती ने महिला पुरस्कार जीता। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर ने पिछले साल कतर विश्व कप में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए पुरस्कार जीता, जब उन्होंने सात गोल के साथ अर्जेंटीना को ट्रॉफी दिलाई थी और उन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। मेसी ने एर्लिंग हालैंड और किलियन एम्बाप्पे जैसे स्टार खिलाड़ियों को पछाड़कर ये खिताब अपने नाम किया।

मेसी ने 2009, 2010, 2011, 2012, 2015, 2019, 2021 और अब 2023 में सबसे महत्वपूर्ण व्यक्तिगत फुटबॉल पुरस्कार जीता है। मेसी ने कहा, हमने जो हासिल किया उसके लिए यह पूरी अर्जेंटीना टीम के लिए एक उपहार है। विश्व चैंपियन बनना वह खिताब था जिसे हम खो रहे थे। मैं उन सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने अर्जेंटीना को विश्व चैंपियन टीम बनाने में मदद की।

एताना बोनमती ने अगस्त में स्पेन का पहला महिला विश्व कप खिताब जीतने के लिए ऑस्ट्रेलिया की सैम केर और हमवतन सलमा पारलुएलो को पीछे छोड़ते हुए महिला बैलन डी'ओर जीता। अन्य पुरस्कारों में इंग्लैंड के जूड बेलिंगहैम को सर्वश्रेष्ठ अंडर-21 खिलाड़ी नामित किया गया, जबकि हालैंड ने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइकर का पुरस्कार जीता। मेसी की राष्ट्रीय टीम के साथी एमिलियानो मार्टिनेज ने सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का लेव यशिन पुरस्कार जीता।

# राष्ट्रीय खेलों में दौड़ की कई स्पर्धाओं में टूटे रिकार्ड



**एजेंसी। पणजी**

29 अक्टूबर से शुरू हुए राष्ट्रीय खेलों में दौड़ की विभिन्न स्पर्धाओं में कई रिकार्ड टूटे। सोमवार सुबह के सत्र में उत्तर प्रदेश की अंतरराष्ट्रीय धाविका प्रियंका गोस्वामी ने पैदल चाल स्पर्धा में 1:36:35 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, जो पिछले साल गुजरात में मुनिता प्रजापति के नाम बनाए गए 1:38.20 के पिछले राष्ट्रीय खेलों के रिकॉर्ड से बेहतर था। मुनिता इस बार तीसरे स्थान पर रहीं। वहीं शाम के सत्र में महाराष्ट्र के बाधा धावक तेजस अशोक शिरसे और एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता आंध्र प्रदेश की ज्योति याराजी ने अपनी-अपनी स्पर्धाओं में पिछले राष्ट्रीय खेलों के रिकॉर्ड में सुधार किया! पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण जीतने की राह पर, 21 साल के शिरसे ने 13.71 सेकंड का समय निकाला और 2015 में महाराष्ट्र के सिद्धांत थिंगलाया द्वारा बनाए गए 13.83 सेकंड के पिछले राष्ट्रीय खेलों के रिकॉर्ड को तोड़ा।

शिरसे ने कहा, मैं अपने समय में और सुधार कर सकता था, लेकिन दौड़ के पहले 60 मीटर में कम से कम बाधाएं आईं, जिससे मुझे बेहतर समय नहीं मिला। जबकि ज्योति ने 2022 में गुजरात में बनाए गए 13.30 सेकंड के अपने ही राष्ट्रीय खेलों के रिकॉर्ड में सुधार किया। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने रेस के बाद कहा, मैं रेस में कुछ नया आजमाना चाहती थी। उन्होंने कहा, जब मैं अपना 2024 सीजन शुरू करूंगी तो प्रत्येक दौड़ में थोड़ा सुधार एक बड़ा फायदा होगा। ज्योति का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 12.78 सेकंड है और वह अभी तक पेरिस ओलंपिक खेलों का क्वालीफिकेशन समय हासिल नहीं कर पाई हैं। डिकैथलॉन के पहले दिन दिल्ली के तेजस्विन शंकर 4062 अंक के अग्रणी रहे।

# फीफा पुरुष विश्व कप 2034 की मेजबानी से पीछे हटा ऑस्ट्रेलिया




**सिडनी।** फुटबॉल ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को 2034 फीफा पुरुष फुटबॉल विश्व कप की बोली से इनकार कर दिया, जिससे सऊदी अरब के लिए संभावित रूप से टूर्नामेंट की मेजबानी का रास्ता साफ हो गया। 2023 में रिकॉर्ड तोड़ने वाले फीफा महिला विश्व कप की सफलतापूर्वक मेजबानी करने के बाद ऑस्ट्रेलिया की 2034 पुरुष विश्व कप की मेजबानी की संभावना कम लग रही थी जब एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने सऊदी बोली का समर्थन किया। फुटबॉल ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान में कहा, हमने फीफा विश्व कप की मेजबानी के लिए बोली लगाने के लिए काफी सोचा और सभी कारकों को ध्यान में रखते हुए, हम 2034 प्रतियोगिता के लिए ऐसा नहीं करने के निष्कर्ष पर पहुंचे हैं।

## टेनिस प्रीमियर लीग का पांचवां सीजन 12 दिसंबर से

**पुणे।** टीपीएल का पांचवां सीजन 12 दिसंबर से शुरू होगा और ग्रैंड फिनाले 17 दिसंबर 2023 को खेला जाएगा। टीपीएल के पांचवें सीजन में पुणे जगुआर, मुंबई लियोन आर्मी, दिल्ली बिन्नी ब्रिगेड, गुजरात पैंथर्स, पंजाब टाइगर्स, बंगाल विजाड्र्स, हैदराबाद स्ट्राइकर्स और बेंगलुरु स्पार्टन्स की टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिनमें तापसी पन्नू, सोनू सूद, सोनाली बेंद्रे, रकुल प्रीत सिंह जैसी प्रमुख हस्तियां शामिल हैं और इनके साथ लिएंडर पेस और सानिया मिर्जा भी जुड़े हैं। शीर्ष भारतीय टेनिस प्रतिभाएँ जैसे सुमित नागल फ्रेंचाइजी द्वारा नीलामी में सबसे महंगा खिलाड़ी बनाए जाने के बाद गुजरात पैंथर्स के लिए खेलेंगे।

**प्रतियोगिता 2023-24** **राज्यस्तरीय खेलो झारखंड संपन्न**

# एथलेटिक्स में रांची ओवरऑल चैंपियन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के तत्वाधान में रांची के खेल गांव स्थित बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम में राज्य स्तरीय खेलो झारखंड कार्यक्रम संपन्न हुआ। खेलो झारखंड अंतर्गत राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2023-24 में रांची 335 अंक के साथ चैंपियन बनी। रांची की टीम ने 36 स्वर्ण, 24 रजत 13 कांस्य पदक के साथ ओवरऑल चैंपियन बनी, दूसरे स्थान पर 5 स्वर्ण, 7 रजत 7 कांस्य पदक के साथ हजारीबाग की टीम रही।

27 से 31 अक्टूबर तक चले राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में तीनों आयु वर्ग के बालक एवं बालिकाओं के बीच प्रतिस्पर्धा हुई, जिसमे प्रतिभागियों ने शानदार परफॉर्मेंस दिया।

उक्त प्रतियोगिता के प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल 2023-24 में राज्य टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

पदक विजेताओं को राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, जे एस एस पी एस के सी ई ओ गिरीश कुमार राठौड़, मुकुल टोपनो, पूर्व अंतरराष्ट्रीय एथलीट पुष्पा हस्सा, अजय कुकरेती, चंचल भट्टाचार्य, संजीव रंजन, सुनील कुमार एवं सुशील सिंह मंटू ने पदक विजेताओं को पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया।

इस प्रतियोगिता में लगभग 2300 से अधिक खिलाड़ी समेत 288 कोच मैनेजर भाग ले रहे है।

प्रतियोगिता को सफल बनाने में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद कोषांग के विद्या कुमारी, एम मोदस्सर, समीर कुमार, शंकर पाल, उमेश दास, जगजीत सिंह, जावेद अंसारी, चंद्रदेव सिंह, कलावती कुमारी एवं जितेंद्र कुमार ने मुख्य भूमिका निभाई है।